रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹71800 10 ग्राम

₹92000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
| --- | --- |
| 80,684.45 | 84.925 |
| –1,064.12 | +0.044 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष कृष्ण पक्ष 03, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 18 दिसंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 313, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 मां से मिले संस्कारों की वजह से...

रांची का तापमान

| | कांके | रांची |
| --- | --- | --- |
| अधिक. | NA | 24.8° |
| न्यून. | 02.5° | 09.0° |

# 'एक देश, एक चुनाव' संविधान संशोधन विधेयक लोस में पेश

एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा में मंगलवार को लोकसभा, राज्यों की विधानसभाओं तथा स्थानीय निकायों एवं पंचायत के एक साथ चुनाव कराए जाने से जुड़ा 129वां संविधान संशोधन विधेयक, 2024 सदन में पेश किया गया। इसके अलावा केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़े कानूनों में संशोधन से जुड़ा विधेयक भी पेश किया गया। प्रधानमंत्री की भावना से गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अवगत कराए जाने के बाद केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने सदन को आश्वासन दिया कि विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा जाएगा। विधेयकों को पेश किए जाने का विपक्षी सदस्यों ने कड़ा विरोध किया। उन्होंने इसे संविधान की मूल भावना और बुनियादी संरचना के खिलाफ बताया। वहीं, सरकार में शामिल शिवसेना और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने विधेयक का समर्थन किया। बाद में विधेयक को पेश किए जाते समय विपक्ष ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए मत विभाजन की मांग की। इसके बाद पहली बार नई संसद में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मत विभाजन हुआ। बाद में कुछ सांसदों ने मतपत्रों से अपने मतदान में सही कराया। विधेयक को पेश किए जाने के पक्ष में 269 और विरोध में 198 वोट पड़े और किसी ने भी मतविभाजन से दूरी नहीं बनाई। इस तरह से विधेयक सदन में पेश हुआ। विधेयक पर चर्चा के दौरान कुछ दलों के नेताओं ने इसे जेपीसी को भेजे जाने का पक्ष रखा। द्रमुक सदस्य टीआर बालू के जेपीसी के पक्ष में दिए बयान को आगे रखते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भावना से अवगत कराते हुए कहा कि सरकार भी विधेयक को जेपीसी को भेजे जाने के पक्ष में है। वह सदस्यों से अनुरोध करते हैं कि विधेयक को पेश करने दिया जाए। अब विधेयक में आगे जेपीसी का गठन होगा और शेष पेज 11 पर



- विपक्ष ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए की मत विभाजन की मांग
- पहली बार नई संसद में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से हुआ मत विभाजन

**विधेयक पेश किए जाने के लिए मतदान**

| पक्ष | विरोध |
| --- | --- |
| 269 वोट | 198 वोट |

## क्या है 'एक देश, एक चुनाव' विधेयक में

लोकसभा में पेश 129वें संविधान संशोधन विधेयक में प्रस्ताव किया गया है कि एक अवधि के बाद सभी राज्यों की वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल छोटा कर एक साथ चुनाव कराए जाएं। केंद्र और राज्यों में चुनाव के थोड़े समय बाद ही नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव कराए जाएं। बहुमत न मिलने और अल्पमत की स्थिति में दोबारा चुनाव कराए जाने पर कार्यकाल केवल बाकी बचे समय के लिए हो। विधेयक के उद्देश्य में कहा गया है कि विभिन्न कारणों से तथा निर्वाचन महंगे और समय लेने वाले हो गए हैं, इसलिए एक साथ निर्वाचन करवाने की अत्यंत आवश्यकता है। देश के मतदान की प्रक्रिया वाले कई हिस्सों में आदर्श आचार संहिता के लागू होने के चलते संपूर्ण विकास कार्यक्रमों पर रोक लगा देता है, सामान्य जनजीवन में व्यवधान पैदा करता है, सेवाओं के क्रियान्वयन को प्रभावित करता है और निर्वाचन ड्यूटी के लिए लंबी अवधियों हेतु जनशक्ति की तैनाती से उनके मूल क्रियाकलापों में संलग्न होने को भी कम करता है। विधेयक एक नए अनुच्छेद 82क (लोकसभा और सभी विधानसभाओं के एक साथ निर्वाचन) को अंतःस्थापित करने तथा अनुच्छेद 83 (संसद के सदनों की अवधि), अनुच्छेद 172 (राज्यों के विधान मंडलों की अवधि) तथा अनुच्छेद 327 (विधान मंडल के लिए निर्वाचनों के संबंध में उपबंध करने की संसद की शक्ति) का संशोधन करने का प्रस्ताव करता है।

### विधेयक से जुड़े प्रावधान

- संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 संविधान के तीन अनुच्छेदों में संशोधन करके एक नया अनुच्छेद, अनुच्छेद 82ए जोड़ने का प्रस्ताव करता है। इसमें प्रावधान है कि राष्ट्रपति साधारण निर्वाचन के बाद लोकसभा की पहली तारीख की पहली बैठक को अधिसूचना जारी कर इस उपबंध को लागू करेंगे और अधिसूचना की यह तारीख ही नियत तारीख कहलाएगी।
- विधेयक में यह भी व्यवस्था की गई है कि अगले अनुच्छेद 83 और अनुच्छेद 172 में किसी बात के होते हुए भी नियत तारीख के पश्चात और लोकसभा की पूर्ण अवधि की समाप्ति के पूर्व होने वाले किसी भी साधारण निर्वाचन में गठित सभी विधानसभाएं लोकसभा की पूर्ण अवधि की समाप्ति पर समाप्त हो जाएगी। अगर लोकसभा के साथ किसी विधानसभा शेष पेज 11 पर

## 70 सांसद कम हैं, फिर कैसे 'एक देश एक चुनाव' बिल पास करा पाएगी एनडीए

- एनडीए को लोस में बिल पारित करवाने के लिए चाहिए 362 वोट, हैं 292 सांसद
- रास में बिल पास करवाने को चाहिए 164 वोट, एनडीए के पास मनोनीत समेत 118 सांसद

ब्यूरो

नई दिल्ली। 'एक देश, एक चुनाव' को लेकर पेश विधेयक को लोकसभा ने स्वीकार कर लिया और विस्तृत चर्चा के लिए ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के पास भी भेज दिया गया है। लेकिन, इस बार इस बिल का कानून बनना आसान नहीं होने वाला है। क्योंकि, मोदी की पार्टी का लोकसभा में पूर्ण बहुमत नहीं है। सहयोगी दलों के सहारे हैं। और, 'एक देश, एक चुनाव' वाले बिल को पास कराने के लिए सहयोगी दलों का आंकड़ा जोड़ने पर भी बिल पास कराने वाली संख्या 362 पूरी नहीं हो रही। तो, क्या विपक्षी दलों के साथ कुछ खेल होगा? यह संभव हो पाएगा?

मालूम हो कि लोकसभा में अभी 543 सांसद हैं। ऐसे में एनडीए को बिल पारित करवाने के लिए 362 वोट चाहिए। अभी लोकसभा में एनडीए के पास केवल 292 सांसद हैं, ऐसे में बहुमत पूर्ण करने के लिए विपक्षी सांसदों की मदद चाहिए होगी। इसी तरह, राज्यसभा में इस बिल को पारित करवाने के लिए 164 वोट चाहिए। एनडीए के पास आंकड़ा बैठता है 112 का, 6 मनोनीत सांसद भी उसके साथ हैं। ऐसे में यहां भी दूसरी पार्टियों का समर्थन चाहिए होगा।

विपक्ष की स्थिति की बात करें तो लोकसभा में उसके पास 205 वोट हैं, तो वहीं राज्यसभा में 85 सांसद मौजूद हैं। ऐसे में यदि एक देश एक चुनाव को सच्चाई बनना है, विपक्षी वोट को भी अपने पाले में करने की जरूरत पड़ेगी, जो आसान नहीं रहने वाला। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 'वन नेशन वन इलेक्शन' बिल की कवायद कोई आज या कल की बात नहीं है, शेष पेज 11 पर

## आईएएस संजीव हंस की 23 करोड़ की संपत्ति कुर्क

पटना (हि.स.)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), पटना जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा (भाप्रसे) के अधिकारी संजीव हंस और उनके परिवार के सदस्यों के सहयोगियों द्वारा अर्जित 23.72 करोड़ की सात संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। ईडी ने एक बयान में कहा है कि इन संपत्तियों में नागपुर में तीन भूमि, दिल्ली में एक फ्लैट और जयपुर में तीन फ्लैट शामिल हैं। यह संपत्ति अपराध की आय का उपयोग करके हंस के करीबी सहयोगियों के नाम पर खरीदे गए थे। ईडी ने इस मामले में बीते तीन दिसंबर को दिल्ली, गुड़गांव, कोलकाता, जयपुर और नागपुर में 13 स्थानों पर तलाशी ली थी।

## वानुआतु में 7.3 तीव्रता के भूकंप से मची भारी तबाही

वाशिंगटन (हि.स.)। दक्षिण प्रशांत महासागर में एक द्वीप देश वानुआतु में मंगलवार को 7.3 तीव्रता का भूकंप आया। इससे वानुआतु की राजधानी पोर्ट विला की कई इमारतों के साथ अमेरिका, यूके और फ्रांस की एंबेसी बिल्डिंग्स को भी काफी नुकसान पहुंचा। यहां नेटवर्क सेवाएं भी ठप हो गई हैं। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने बताया कि इस भूकंप का केंद्र वानुआतु के सबसे बड़े शहर पोर्ट विला से लगभग 30 किलोमीटर पश्चिम में 57 किलोमीटर की गहराई पर था। यूएसजीएस ने भूकंप के लिए 'येलो पेजर' अलर्ट जारी किया है। रिक्टर स्केल पर 7.3 तीव्रता के इस भूकंप के बाद लैंडस्लाइड ने भी पोर्ट विला में जमकर तबाही मचाई। वहीं, जबरदस्त भूकंप के बाद अमेरिका ने वानुआतु में अपने दूतावास को अगली सूचना तक बंद करने की घोषणा की है।

## राम मंदिर में 10 पुजारियों की गई है नियुक्ति

अयोध्या (आईएएनएस)। अयोध्या में रामलला की सेवा राग-भोग के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर में 10 अर्चकों (पुजारियों) की नियुक्ति की है। इसके बाद श्री राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा राम मंदिर में 10 पुजारी नियुक्त किए गए हैं। पुराने पुजारी उन्हें सभी प्रक्रिया बता रहे हैं। उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके बाद उन्हें राम मंदिर में पुराने अर्चकों के साथ पूजा-अर्चना के लिए लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नये पुजारियों को प्रतिबंध भी बताए गए हैं। कठोर नियम और सुरक्षा के दृष्टिगत अर्चकों को एंड्राइड मोबाइल के साथ मंदिर में प्रवेश पर प्रतिबंध है। जो पुजारी अंदर रहेंगे, वह बाहर नहीं आएंगे।

### हाईकोर्ट में सीजीएल परीक्षा में पेपर लीक मामले की हुई सुनवाई

# परीक्षा परिणाम पर रोक सुनवाई 22 जनवरी को

नवीन मेल डेस्क

### कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने का दिया आदेश




रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने मंगलवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से ली गई संयुक्त स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा 2023 का परिणाम प्रकाशित करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी। परीक्षा का पेपर कथित तौर पर लीक किए जाने की सीबीआई जांच की मांग को लेकर राजेश कुमार एवं अन्य की ओर से एक जनहित याचिका दायर की गई है। हाईकोर्ट ने इस जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। अगली सुनवाई 22 जनवरी को होगी।

चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति दीपक रोशन की पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक की शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम 2023 के तहत पुलिस एफआईआर दर्ज करे। इसपर अनुसंधान कर रिपोर्ट दे।

राजेश कुमार ने इस संबंध में संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज करने के लिए ऑनलाइन शिकायत की थी, लेकिन उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। इस मामले में हाईकोर्ट में पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर ओर से बताया गया था कि जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा 28 जनवरी 2024 को हुई थी। बड़ी संख्या में छात्र परीक्षा में शामिल भी हुए। लेकिन, छात्रों ने प्रश्नपत्र लीक का आरोप लगाया था और विरोध प्रदर्शन भी किया था। इसके बाद परीक्षा रद्द कर दी गई थी। बाद में सितंबर 2024 को फिर से परीक्षा ली गई, लेकिन इस बार भी पेपर लीक की शिकायत है। हाईकोर्ट में इसे लेकर दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि पेपर लीक की जांच के लिए राज्य पुलिस की ओर से गठित एसआईटी की जांच पारदर्शी नहीं रही है। जांच निष्कर्ष अभी तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि पूरे मामले में सीबीआई या न्यायिक जांच कराई जाए।

उल्लेखनीय है कि जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा 21-22 सितंबर को राज्य में 823 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई थी।

## हाईकोर्ट ने रांची में सड़कों की खराब हालत पर सरकार और निगम से मांगा जवाब

रांची। राजधानी रांची में सड़कों की खराब हालत को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार और रांची नगर निगम से जवाब तलब किया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति दीपक रोशन की खंडपीठ ने राज्य सरकार और नगर निगम से पूछा कि रांची में खराब सड़कों की मरम्मत के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई जनवरी के पहले हफ्ते में निर्धारित की है। मंगलवार को याचिका पर सुनवाई के दौरान प्रार्थी ने अदालत को बताया कि रांची की वीआईपी सड़कों को छोड़कर बाकी सभी सड़कों की हालत खराब है। बड़ा तालाब के चारों ओर से गुजरने वाली सड़क का खास तौर पर उल्लेख करते हुए बताया गया कि इस पर महीनों से बड़े-बड़े गड्ढे हैं, लेकिन संबंधित विभाग कोई संज्ञान नहीं ले रहा है। इस सड़क के किनारे एक बड़ा अस्पताल है, जहां एंबुलेंस से मरीजों को पहुंचाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। एंबुलेंस हिचकोले खाती हुई अस्पताल तक पहुंचती हैं। कई बार इस सड़क पर गाड़ियां आपस में टकरा जाती हैं। सुनवाई के दौरान कोकर चौक को जोड़ने वाली सड़क के अलावा कई शेष पेज 11 पर

## राष्ट्रपति की फेक आईडी मामले में रांची के साइबर थाने में प्राथमिकी

रांची। रांची पुलिस ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर फर्जीवाड़ा करने के प्रयास के मामले में साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कर ली है। साइबर अपराधियों के जरिए आम लोगों से ठगी करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाने का मामला सामने आया था। हजारीबाग के मंटू सोनी ने इस ओर पुलिस का ध्यान आकृष्ट कराया था। इसके बाद रांची पुलिस ने पहले मामले की जांच की और फिर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि साइबर थाने में मामले की एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

## पांच पुलिसकर्मी हुए निलंबित एक के निलंबन की अनुशंसा

- छात्राओं से छेड़छाड़ मामले में दिखाई थी असंवेदनशीलता
- लापरवाह पदाधिकारियों पर रांची एसएसपी सख्त

नवीन मेल संवाददाता

रांची। कोतवाली थाना क्षेत्र के अपर बाजार स्थित मारवाड़ी कन्या विद्यालय में छात्राओं के साथ छेड़खानी मामले में जब स्कूल प्रबंधन द्वारा कोतवाली थाना और महिला थाना को सूचना दी गई थी, तो वहां के कर्मियों एवं पदाधिकारी ने संवेदनशीलता नहीं दिखाई थी। इस अकर्मण्यता एवं लापरवाही के लिए रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को महिला थाना प्रभारी पिंकी साव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही, कोतवाली थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक रंजीत कुमार सिन्हा के निलंबन एवं विभागीय कार्यवाही की अनुशंसा पुलिस उपमहानिरीक्षक, रांची क्षेत्र से की है।

वहीं, रांची जोनल आईजी अखिलेश झा ने कोतवाली थाने के एक मुंशी अविनाश कुमार, एएसआई सनातन हेम्ब्रम तथा महिला थाने की एक कर्मचारी उर्मिला कोरबा एवं एएसआई उषा कुमारी को सस्पेंड किया है। इन चारों पुलिसकर्मियों को छेड़छाड़ मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में सस्पेंड किया गया है।

## झारखंड के पारंपरिक वाद्य यंत्र 'मांदर' को जीआई टैग पर 20 को अंतिम सुनवाई

नवीन मेल न्यूज नेटवर्क



रांची। झारखंड के पारंपरिक वाद्य यंत्र 'मांदर' को जल्द ही जीआई टैग मिल सकता है। इस संबंध में भारत सरकार के रजिस्ट्रार ऑफ जियोग्राफिकल इंडिकेशन के समक्ष दाखिल दावेदारी पर आगामी 20 दिसंबर को आखिरी सुनवाई होगी। 'मांदर' झारखंड के सभी पर्व-त्योहारों, फसलों से जुड़े उत्सवों, सांस्कृतिक आयोजनों, धार्मिक अनुष्ठानों में बजाया जाने वाला प्रमुख वाद्य यंत्र है। आदिवासी-गैर आदिवासी सभी वर्ग के लोग सदियों से नाच-गान के प्रत्येक अवसर पर इसका उपयोग करते रहे हैं। जीआई टैग मिलने से इस वाद्ययंत्र को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की विशिष्ट बौद्धिक-सांस्कृतिक संपदा के तौर पर प्रस्तुत करने की राह प्रशस्त हो जाएगी।

झारखंड के हिस्से अब तक मात्र एक जीआई (जियोग्राफिकल इंडिकेशन) टैग है, जो हजारीबाग जिले को 'सोहराई पेंटिंग' के लिए वर्ष 2021 में हासिल हुआ था। रजिस्ट्रार ऑफ जियोग्राफिकल इंडिकेशन के समक्ष 'मांदर' को लेकर दायर किए गए केस में झारखंड के गुमला जिला अंतर्गत रायडीह प्रखंड के जरजट्टा गांव की 'मांदर प्रोड्यूसर कंपनी' को इसके मूल उत्पादक (प्रोड्यूसर) के तौर पर चिह्नित किया गया है। वर्ष 2023 में गुमला के तत्कालीन उपायुक्त सुशांत गौरव की पहल पर जीआई टैग की दावेदारी का केस दाखिल किया गया था। मौजूदा उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी इसकी मॉनीटरिंग कर रहे हैं। शेष पेज 11 पर

इंडिया

# राजभाषा हिंदी देश में उपेक्षित, विदेश में सुपरहिट

भारत में भाषा और क्षेत्रीयता के मुद्दों को उछालकर राजनीतिक जमीन मजबूत करने का पुराना इतिहास है और इसी क्रम में राजभाषा हिंदी जो राष्ट्रभाषा की व्यावहारिक दावेदार है का विरोध होता रहा है ।यह अलग बात है कि दक्षिण भारतीय भी हिंदी को बाजार की भाषा बना चुके हैं ।इसे विडंबना ही कहेंगे कि राजभाषा का दर्जा हासिल होने के बावजूद अपनी हिंदी गैर हिंदीभाषी क्षेत्रों में राजनीतिक विरोध का जरिया बनी हुई है। संसद के मौजूदा शीत सत्र में पारित 'भारतीय वायुयान विधेयक' के विरोध में गैर हिंदीभाषी सांसद मुखर हो गए थे, क्योंकि विधेयक का नाम हिंदी में है। ऐसे माहौल में सात-साढ़े सात हजार किलोमीटर दूर विलायती धरती से हिंदी को लेकर सुखद खबर आई है। जिस ब्रिटेन ने भारत को करीब दो सौ साल तक गुलाम रखा, जिसके शासन की वजह से हिंदी देसी धरती पर अब तक अपना वाजिब आसन नहीं हासिल कर पाई है, उसी ब्रिटेन में हिंदी में सरकारी कामकाज किए जाने की मांग उठी है।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

जिसे दुनिया ब्रिटेन के नाम से जानती है, उस यूनाइटेड किंगडम का स्कॉटलैंड द्वीपीय प्रांत है। इसी प्रांत की स्थानीय संसद के भारतीय मूल के सांसद ने सार्वजनिक संदेश भेजने के लिए हिंदी का भी इस्तेमाल किए जाने की मांग रखी है। स्कॉटलैंड की स्थानीय संसद में ग्लास्गो से डॉक्टर संदेश गुल्हाने सांसद हैं। उनका तर्क है कि चूंकि 2022 की जनगणना के लिहाज से स्कॉटलैंड में भारतीय मूल के लोगों की जनसंख्या दूसरे नंबर पर है, लिहाजा यहां के सार्वजनिक संदेश और स्वास्थ्य जानकारियां हिंदी में भी भेजे और प्रसारित किए जाने चाहिए। डॉक्टर गुल्हाने की मांग पर स्कॉटलैंड की सरकार की राय जानने से पहले हमें जानना चाहिए कि अगर भारत में ऐसी मांग किसी गैर हिंदीभाषी राज्य में उठी होती, तो वहां के राजनेताओं की प्रतिक्रिया क्या होती? निश्चित तौर पर उस गैर हिंदीभाषी इलाके की राजनीति का एक बड़ा हिस्सा इस मांग के खिलाफ उठ खड़ा होता। गैर हिंदीभाषी इलाकों के लोग इसे हिंदी का साम्राज्यवाद या वर्चस्ववाद बाद में बताते, हिंदीभाषी इलाकों की कुछ बौद्धिक और राजनीतिक ताकतें इसे वर्चस्ववादी मांग बताकर खारिज करने का सुझाव रख देतीं ।लेकिन स्कॉटलैंड में ऐसा कुछ नहीं हुआ। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि स्कॉटलैंड या ऐसी दूसरी विदेशी जगहों पर न सिर्फ भारतीय मूल, बल्कि भारतीय उपमहाद्वीप, जिसमें बांग्लादेश, नेपाल, पाकिस्तान और कुछ हद तक अफगानिस्तान तक शामिल है, के लोग आपसी संवाद या संपर्क के लिए ज्यादातर हिंदी का ही प्रयोग करते हैं। वह हिंदी निश्चित तौर पर भारत की खड़ी बोली हिंदी नहीं होती। उसमें उन लोगों की स्थानीय भाषाओं के साथ ही अंग्रेजी या उस देश विशेष की भाषा का भी पुट शामिल होता है, जिस देश में वह समूह रहता या नौकरी करता है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि भारत की सीमाओं के बाहर भारतीय उपमहाद्वीप के लोगों की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक हिंदी ही है।ब्रिटेन में छाया या शैडो कैबिनेट की परंपरा है। प्रमुख विपक्षी दल भी अपने नेताओं को मंत्रियों की तरह विभाग बांटता है और जिम्मेदारी प्राप्त लोग अपने-अपने विभागों पर नजर रखते हैं। सरकारी योजनाओं की कमियों को जाहिर करते हैं और उसी आधार पर उसकी आलोचना करते हैं। चुनावों में विपक्षी दल की जीत के बाद छाया मंत्रिमंडल के ही ज्यादातर सदस्य मंत्री बनते हैं और जिन विभागों का काम विपक्ष में रहते वक्त वे संभालते रहे हैं, उन्हीं विभागों और मंत्रालयों का दायित्व उन्हें मिलता है। डॉक्टर संदेश गुल्हाने स्कॉटलैंड के छाया मंत्रिमंडल के सदस्य भी हैं और स्वास्थ्य महकमे पर निगाह रखते हैं। स्कॉटलैंड की संसद एडिनबर्ग में है। उसकी बैठक में एक प्रश्न के जरिये डॉक्टर संदेश गुल्हाने ने स्कॉटलैंड की प्रथम उपमंत्री केट फोर्ब्स से अपील की।




गुल्हाने के मुताबिक, स्कॉटलैंड में हिंदी बोलने वालों की संख्या ऑस्ट्रेलियाई शहर पर्थ की जनसंख्या के बराबर है। उनके सवाल के जवाब में स्कॉटलैंड की प्रथम मंत्री फोर्ब्स का जवाब था कि सरकार गुल्हाने की मांग पर 'विचार करेगी', क्योंकि स्कॉटलैंड में हिंदीभाषियों का भी बहुत योगदान है। फोर्ब्स के जवाब की अगली पंक्ति देश की गैर हिंदीभाषी राजनीति को हैरत में डाल सकती है। फोर्ब्स का जवाब रहा, 'यह बहुत महत्वपूर्ण है कि स्कॉटलैंड के भारतीय मूल के लोगों को लगे कि सभी सरकारी सूचनाएं उनकी अपनी भाषा में उपलब्ध हैं।' जिस विलायत ने अपनी भाषा के जरिये हमारे यहां मानसिक उपनिवेशवाद की नींव को मजबूत किया है, उसी की धरती पर हिंदी का सम्मान होना मामूली बात नहीं है। बेहतर होता कि भारत की हिंदी विरोधी राजनीति भी इससे कुछ सीख लेती।

### चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार में कोहराम

## सेंसेक्स में 1064.12 व निफ्टी में 332.25 अंक की हुई गिरावट

एजेंसी



- स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 5 लाख करोड़ रुपये की आई कमी

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली और हेवीवेट शेयरों में आई कमजोरी के कारण घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद कुछ देर तक खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, लेकिन पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद ही बिकवालों ने दबाव बढ़ा दिया। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से शेयर बाजार में बड़ी गिरावट हो गई।

पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.30 प्रतिशत और निफ्टी 1.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,064.12 अंक की गिरावट के साथ 80,684.45 अंक के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 332.25 अंक की कमजोरी के साथ 24,336 अंक के स्तर पर बंद हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। आज के कारोबार में सबसे अधिक गिरावट बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, मेटल, ऑयल एंड गैस और एनर्जी सेक्टर में दर्ज की गई।

# 1.36 लाख करोड़ बकाए रुपए दिलाने में भाजपा सांसद आवाज बुलंद करें : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्र सरकार द्वारा झारखंड सरकार का 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाये से इनकार करने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा सांसदों से अपील की है। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा है कि झारखंड भाजपा के सांसदों से उम्मीद है कि वे हमारे इस जायज मांग को दिलवाने के लिए अपनी आवाज अवश्य बुलंद करेंगे। झारखंड के विकास के लिए इस बकाये राशि की नितांत जरुरत है। जबकि केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि झारखंड का केंद्र सरकार पर कोई बकाया नहीं है। रॉयल्टी के मद का 1.36 लाख करोड़ रुपए बकाया नहीं है। केंद्र सरकार के इस जवाब के बाद केंद्र और राज्य के बीच इस मुद्दे को लेकर विवाद बढ़ने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि झारखंड के लिए यह एक बड़ा मुद्दा है, पिछले दोनों चुनाओं सहित लंबे समय से कहा जाता रहा है कि केंद्र सरकार पर रॉयल्टी का 1.36 लाख करोड़ रुपया का बकाया है, उसे वापस करना चाहिए।



● *मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा है कि झारखंड भाजपा के सांसदों से उम्मीद है कि वे हमारे इस जायज मांग को दिलवाने के लिए अपनी आवाज अवश्य बुलंद करेंगे*

जानकारी के मुताबिक, निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने लोकसभा में यह सवाल उठाया था कि कोयला समेत माइंस से प्राप्त 1.36 लाख करोड़ रुपये केंद्र सरकार पर बकाया है. केंद्र सरकार उसे झारखंड सरकार को नहीं दे रही है। इस सवाल के जवाब में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार के पास ऐसी कोई राशि बकाया नहीं है। केंद्र सरकार झारखंड के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं करती है।

उल्लेखनीय है कि इसी साल 24 सितंबर को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर यह मुद्दा उठाया था। साथ ही उन्होंने यह भी आग्रह किया था कि केंद्र सरकार झारखंड का 1.36 लाख रुपये बकाये का भुगतान कर दे। इसे लेकर तत्कालीन मुख्य सचिव ने भी केंद्र सरकार को पत्र लिखा था। पत्र में कहा गया था कि बकाये की यह राशि कोयला कंपनियों पर बकाया है। नियमानुसार कोयला कंपनियों को इसका भुगतान करना चाहिए, लेकिन वह नहीं कर रही है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा प्रधानमंत्री को पत्र लिखे जाने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा ने विधानसभा चुनाव से पहले इसे बड़ा मुद्दा बनाया था। राज्य भर में बड़े-बड़े होर्डिंग लगवाये थे, जिसमें केंद्र से 1.36 लाख करोड़ रुपये की मांग की गयी थी। झामुमो यह कहती रही है कि अगर केंद्र सरकार यह रुपये दे देती है, तो झारखंड में गरीबों पर खर्च किया जायेगा। गांव-गांव तक सरकारी योजनाओं का जाल बिछाया जायेगा।

# चुनाव हारने के बाद भाजपा ने सभी हदें पार कर दी है : केशव महतो कमलेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा की वित्त राज्य मंत्री द्वारा झारखंडी जनता का 1.36 लाख करोड रुपए बकाये कर की मांग को ठुकराना उनके नियत में आयी खोट को उजागर करता है। झारखंडी जनता द्वारा नकारे जाने को प्रधानमंत्री पचा नहीं पा रहे हैं। यही कारण है कि हार का गुस्सा जनता पर निकालने के लिए झारखंड का पैसा हड़पने की कोशिश केंद्र सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीयत पर हमें पूरा शक था इसलिए चुनाव पूर्व अपने जारी 7 गारंटी में हमने स्पष्ट कर दिया था कि बकाया 1.36 लाख करोड़ की वापसी के लिए कानूनी लड़ाई भी लड़नी पड़े तो लड़ेंगे। पूरी झारखंड की जनता जानती है कि यह बकाया किस मद का है। यह कोयला पर रॉयल्टी का बकाया है परंतु केंद्र तानाशाही ढंग अपना कर झारखंडियों के पैसे को बेईमानी से हड़पना चाहती है। जनता इस धोखे को देख रही है।



उन्होंने कहा कि केंद्र झारखंड के हकमारी की कोशिश कर रही है और झारखंड से भाजपा के 12 संसद मौन होकर तमाशा देख रहे हैं। अगर भाजपा सांसदों को शर्म है तो झारखंड के अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज उठाएं, अपने आका से बकाया की वापसी का दबाव बनाए ताकि झारखंड में इन पैसों से विकास का काम हो सके। झारखंड से केंद्र सरकार में दो मंत्री हैं लोकसभा की 14 में से 9 सीटों पर जनता ने जनादेश दिया परंतु यह दुर्भाग्य की बात है कि इस प्रकरण पर यहां के भाजपा के चुने हुए जनप्रतिनिधियों की जुबान फेविकोल से चिपक गई है। जनता के हक की आवाज बुलंद करने की जगह कुंडली मारकर बैठ गए हैं। इस देश में अजीबोगरीब ढंग से शासन चल रहा है, प्रधानमंत्री को मुख्यमंत्री द्वारा पत्र लिखने, कानून में प्रावधानों, न्यायिक फैसले के बावजूद गैर भाजपा शासित राज्यों को अपने हक की लड़ाई लड़नी पड़ती है।

# सरकार से समन्वय कर रेलवे करे पुनर्वास की व्यवस्था : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को हटिया विधायक नवीन जयसवाल ने रांची डिवीजन के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा से मुलाकात कर बिरसा चौक के समीप तोड़े गए झोपड़पट्टी के लोगों के लिए पुनर्वास की मांग किया। नवीन जयसवाल ने डीआरएम को कहा कि वहां के लोग दशकों से रह रहे थे, रेलवे ने अपने विस्तार योजना के तहत उनलोगों का घर तोड़ दिया। उनमे से अधिकांश दैनिक मजदूरी कर के अपना जीवन यापन कर रहे थे, ऐसे में राज्य सरकार से समन्वय बैठा कर रेलवे को उनके पुनर्वास की व्यवस्था करनी चाहिए। जयसवाल ने डीआरएम को पीठियाटोली की समस्याओं से भी अवगत कराया और नगड़ी महतोटोली एवं पीठियाटोली में अंडरपास बनाने की मांग की, जिससे वहां निवास कर रहे हजारों परिवारों को आवागमन में सुविधा हो सके जिसे डीआरएम ने स्वीकार कर अधिकारियों को स्थान चयन करने के लिए सर्वे करने का निर्देश दिया।

### कोल रॉयल्टी की बकाया राशि के लिए केंद्र को चुनौती, झामुमो ने कहा

# राज्य से एक गाड़ी कोयला नहीं जाने देंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड का केंद्र सरकार पर बकाया कोल रॉयल्टी के पैसे को लेकर विवाद रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इस लेकर अब जेएमएम ने आरपार की लड़ाई लड़ने की बात कही है। जेएमएम की ओर से मोर्चा के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर इसके संकेत दिये हैं। केंद्र को चुनौती देते हुए कहा कि बकाया पैसा मिलने तक झारखंड से एक गाड़ी भी कोयला उठने नहीं देंगे। मोर्चा अब कानूनी रूप से लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। जेएमएम नेता ने कहा, कोयला मंत्री ने झारखंड आकर मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी और राज्य का बकाया पैसा वापस करने की बात कही थी। लेकिन केंद्र अब इससे इनकार कर रहा है।



सुप्रियो ने कहा, जब सदन में बकाया पैसा का सवाल पप्पू यादव ने उठाया तो इस पर लोकसभा में जवाब दिया गया कि कोई पैसा बकाया नहीं है। कहा कि तथ्य को छुपा कर कोल के पैसे का जिक्र नहीं किया गया।

इस पर जेएमएम ने कहा कि नाटक करना बंद कर केंद्र सरकार को विचार करना होगा। कहा, हमारी जमीन और हमारा कोयला तो इस पर किसी की मर्जी नहीं चलने दी जायेगी। सुप्रियो ने कहा, भू और राजस्व विभाग के द्वारा साफ किया गया है कि 15 दिनों में अगर इस पर कोल इंडिया जवाब नहीं देता है तो झारखंड से कोयला निकलने नहीं देंगे।

जेएमएम नेता ने कहा, झारखंड का कोयला है और इसका नुकसान झारखंड की जनता झेले, विस्थापन यहां के लोगों का होगा। बीमारी हम झेलें और आप मजा मारने का काम करेंगे। ऐसा अब नहीं चलने वाला है। कहा, रॉयल्टी का पैसा के लिए हम लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। कहा, यह सरकार हार मानने वाली सरकार नहीं हैं।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रेस वार्ता पर भाजपा का पलटवार

# हवा में बातें करना बंद करे झामुमो : प्रतुल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो के प्रेस वार्ता पर पलटवार किया। कहा कि सर्वप्रथम झारखंड की जनता को झामुमो को बकाया राशि का वर्ष वार ब्यौरा जारी करना चाहिए। यह बताना चाहिए कि जिस समय शिबू सोरेन कोयला मंत्री थे उस समय अगर कोयला की रॉयल्टी का कोई बकाया राशि बचा था तो उन्होंने कितना पैसा झारखंड को दिलवाया। प्रतुल ने हेमंत सरकार के गठबंधन दलों से यह भी जानना चाहा कि 10 वर्ष तक यूपीए सरकार जब शासन कर रही थी तो उस समय का कितना बकाया था और उस बकाया राशि में कितने का झारखंड को भुगतान हुआ?



प्रतुल ने कहा कि अब झामुमो ने चुनाव पूर्व जिन योजनाओं की घोषणा की है उसके लिए शायद ढाई लाख करोड रुपए से भी ज्यादा की जरूरत हो। आंतरिक स्रोत से पैसा हो नहीं पा रहा जिसका सबसे बड़ा उदाहरण मईया सम्मान राशि की ₹2500 की किस्त अभी तक नहीं जारी होना है। तो अब झामुमो जनता से सहानुभूति बटोरने के लिए बहाने बना रही हैं।

प्रतुल ने कहा कि झारखंड बीजेपी झारखंडियों के हित के लिए जो भी उचित कदम हो वह उठाने को तैयार है। केंद्र और राज्य की सहमिति से जो भी सही बकाया राशि सामने आएगी, उसका भुगतान करने के लिए झारखंड बीजेपी भी सकारात्मक कदम उठाएगी। लेकिन सरकार को फर्जी नॅरेटिव और आंकड़ों की बाजीगरी का खेल बंद करना चाहिए। सरकार को सबसे पहले यह सार्वजनिक करना चाहिए कि यह जो 1,36,000 करोड़ का दावा कर रही है वह किस वर्ष में किस विभाग से संबंधित है। पूरा विस्तृत ब्यौरा देना चाहिए। राज्य सरकार के सिर्फ कहने से की कोयला का बकाया, समता जजमेंट का बकाया और भूमि अधिग्रहण का बकाया है से बात नहीं बनेगी।

## चाईबासा मनरेगा घोटाले में ईडी से हाईकोर्ट ने जांच की प्रगति रिपोर्ट मांगी

**रांची।** चाईबासा में हुए मनरेगा घोटाले की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने ईडी को जांच की प्रगति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। साथ ही राज्य सरकार और एसीबी को संबंधित दस्तावेज ईडी को सौंपने का निर्देश दिया। मकबूल आलम की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने यह निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई शीतकालीन अवकाश के बाद होगी। प्रार्थी की ओर अदालत को बताया कि वर्ष 2013 में पहली बार इस मामले की जांच को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। अदालत ने जनहित याचिका को निष्पादित कर दिया, लेकिन मामले में जांच नहीं हुई, उसके बाद फिर वर्ष 2021 में जनहित याचिका दायर की गई।

# सीजीएल पर राज्यपाल लें संज्ञान, लाठीचार्ज करानेवाले पर हो कार्रवाई : डॉ लंबोदर महतो

*परीक्षा में कई मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों, सांसदों व विधायकों के सगे-संबंधी हो गए हैं पास*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने मंगलवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिले। उन्होंने जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा में बरती गई अनियमितता की सीबीआई जांच कराने का अनुरोध किया। वहीं विरोध कर रहे छात्रों पर बर्बरतापूर्वक की गयी लाठीचार्ज के दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने राज्यपाल को इस बात की भी जानकारी दी कि कई मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों, सांसदों व विधायकों के पुत्र-पुत्रियों, सगे संबंधियों व नाते-रिश्तेदारों का चयन कर लिया गया है।

उन्होंने कहा कि सीजीएल परीक्षा में पास हुए अभ्यर्थियों का नाम सार्वजनिक किया जाना चाहिए। बेहतर यही होता कि राज्य सरकार सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे आंदोलनकारी छात्राओं पर लाठी बरसाने के बजाय चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर स्थिति को स्पष्ट करती। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं व अभ्यर्थियों में इस बात को लेकर गुस्सा व आक्रोश है कि इस परीक्षा के संचालन में व्यापक रूप से अनियमितता व गड़बड़ी की गई है। इस स्थिति में जेएसएससी व राज्य सरकार को यह बताना चाहिए की ऐसी कोई बात नहीं है और जिन लोगों का चयन किया गया है या पास हुए हैं उन सबों का परीक्षा परिणाम आम जनों के बीच सार्वजनिक करना चाहिए। ऐसा होने पर ही सीजीएल परीक्षा को लेकर जो संदेह की बात सामने आ रही है वह स्वतः समाप्त हो जाएगी। साथ ही जो लोग अनियमितता में शामिल है वे भी बेनकाब हो जाएंगे। राज्य सरकार इस मामले में सीआईडी जांच की बात कह रही है, जो लीपापोती के अलावे कुछ भी नहीं है। बेहतर और जरूरी यही है कि इस मामले की सीबीआई जांच कराया जाना ही श्रेयस्कर रहेगा। कहा कि राज्य सरकार अगर यह सोच रही है कि आंदोलनकारी अभ्यर्थियों व छात्रों पर लाठी बरसा कर अपने मंशा में सफल हो जाएंगे तो यह पूरी तरह से अलोकतांत्रिक, गैर जरूरी व अव्यवहारिक है और राज्य सरकार की छात्र-छात्राओं के प्रति संवेदनहीनता को ही दर्शाता है।

# 'जेएसएससी व सीजीएल परीक्षा पर न्यायालय का निर्णय स्वागत योग्य'

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को जेएसएससी, सीजीएल परीक्षा परें उच्च न्यायालय के निर्णय और निर्देश का स्वागत किया। श्री मरांडी ने कहा कि न्यायालय का यह निर्देश संघर्षरत हजारों छात्रों की जीत और राज्य सरकार की हठधर्मिता की पराजय है।उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जेएसएससी सीजीएल परीक्षा परिणाम पर न्यायालय द्वारा रोक लगाना स्वागतयोग्य निर्णय है। यह फैसला छात्रों के संघर्ष की जीत और हेमंत सोरेन सरकार के अहंकार की हार है। कहा कि सभी छात्रों और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने लोकतांत्रिक तरीके से जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई साजिश के खिलाफ आवाज उठाई। कहा कि जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक प्रकरण में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सत्ताधारी नेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों और आयोग की भूमिका संदिग्ध है। इसलिए पारदर्शी परिणाम के लिए सीबीआई जांच बेहद जरूरी है। कहा कि उम्मीद है माननीय उच्च न्यायालय सीबीआई जांच का आदेश देकर छात्रों को न्याय दिलाने की पहल करेगी।



## इमरान प्रतापगढ़ी से मिले बंधू तिर्की

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की दिल्ली आवास पर राज्यसभा सांसद और कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी से मुलाकात की। वहीं झारखंड में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनने में अल्पसंख्यक विभाग के सहयोग के लिये आभार जताया। झारखंड विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान इमरान प्रतापगढ़ी मांडर विधानसभा में मतदाताओं से शिल्पी तिर्की की जीत के बाद आने का वादा भी किया था। जल्द ही मांडर की जनता से किया वादा निभाने आयेंगे इमरान प्रतापगढ़ी।



# पंचायत भवन में ग्रामीणों के जरूरी कागजात बनेंगे : दीपिका पांडेय सिंह

## पंचायत कार्यालय को किया जाएगा सशक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/दुमका।** परिसदन दुमका में राज्य ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि आमजनों की परेशानियों को कम करना सरकार की प्राथमिकता है। पंचायत भवन में ग्रामीणों की जरूरी कागजात बनाने की व्यवस्था हो जाने से उनकी काफी समस्या दूर हो जाएगी। इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। कहा कि सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए कई कार्य कर रही है एवं करने जा रही है। मुख्यमंत्री के निदेश पर विभाग का जिलावार समीक्षा किया जा रहा है ताकि बजट तैयार करने में आसानी हो। साथ ही जिले में चल रहे विभाग के योजनाओं को गति दी जा सके। वैसे आदिवासी एवं पिछड़े गांव जो सड़क तथा पुलिया के अभाव में शहर से नहीं जुड़ पाए उन्हें प्राथमिकता पर लेकर प्राकलन तैयार करते हुए उक्त कार्य किया जाएगा। ताकि उक्त गांव के ग्रामीणों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े उन्हें किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो इस हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।कहा कि पंचायत कार्यालय को और भी सशक्त किया जाएगा ताकि गांव के लोग पंचायत कार्यालय जाकर अपने जरूरी कार्य कर सकें।



बैठक के दौरान मंत्री ने जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान प्रमुख विषयों पर चर्चा की गयी। उन्होंने मनरेगा योजना के तहत जिले में चल रहे रोजगार सृजन व कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि अधिक से अधिक ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध करायें और कार्य में पारदर्शिता बनाए रखे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों के निर्माण कार्यों की स्थिति से अवगत होकर लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत शौचालय निर्माण, साफ-सफाई की स्थिति और कचरा प्रबंधन पर चर्चा की गयी।

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने पंचायती राज व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पंचायतों की भूमिका और अधिकारों पर जोर दिया। आवास योजनाओं में अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत लाभार्थियों को समय पर मकान एवं मकान निर्माण के लिए पैसा का किस्त उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का लाभ सही समय पर जरूरतमंदों तक पहुंचे और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिये। अधिकारियों से क्षेत्र का नियमित रूप से निरीक्षण करने को कहा एवं ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने की बात कही।

## आजसू पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक कल

**रांची (हि.स.)।** आजसू पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक 19 दिसंबर को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित की गयी है। बैठक आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में होगी। बैठक में केंद्रीय पदाधिकारियों के साथ ही सभी जिला अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष और जिला महासचिव भी भाग लेंगे। कार्यक्रम में विगत विधानसभा चुनाव, सांगठनिक विस्तार और भावी रणनीति के साथ-साथ आगामी कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से चर्चा की जाएगी।

# देश हित में है एक देश एक चुनाव : संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा में एक देश एक चुनाव बिल स्वीकृत होने पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को बधाई दी है। मंत्री संजय सेठ ने कहा यह बिल देश हित में है। हर 5 साल में लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव होते हैं। वही देश में हर साल अलग-अलग समय पर विधानसभा चुनाव होते हैं। एक समय चुनाव होने पर देश के राजकोष की बचत होगी। चुनाव के समय राज्यों में आचार संहिता लागू हो जाते हैं। परिणाम आने तक यह लागू रहता है। ऐसे में विकास परियोजनाओं में देरी होती है एक देश एक चुनाव से विकास कार्य में इसका फायदा होगा। चुनाव के समय सरकारी काम में भी व्यवधान होता है। ऐसे में साल में एक ही बार में इस तरह की आवश्यकता पड़ेगी और विकास कार्य में रुकावट नहीं आएगी इसलिए एक देश एक चुनाव देश के हित में है।



*लोस में बिल स्वीकृत होने पर रक्षा राज्य मंत्री ने दी बधाई*

### मांडर के चार मिल्क कलेक्शन व चिलिंग प्लांट का कृषि मंत्री ने किया निरीक्षण

# प्रदेश में अब प्रखंड स्तर पर लगेंगे पशु बाजार : शिल्पी नेहा तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को मांडर क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने मांडर विधानसभा क्षेत्र के करगे, बंझिला, महुआ जारी और कैम्बो में मिल्क कलेक्शन एवं चिलिंग प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान झारखंड मिल्क फेडरेशन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने करगे मिल्क कलेक्शन एवं चिलिंग प्लांट के निरीक्षण के दौरान साफ -सफाई के साथ सुरक्षा का ध्यान रखने का निर्देश दिया। भ्रमण के दौरान उन्होंने कहा कि बहुत जल्द प्रखंड स्तर पर पशु बाजार की शुरूआत होगी। इसका उद्देश्य वाजिब दर पर अच्छे नस्ल की गाय या दूसरे पशु किसानों को उपलब्ध कराना होगा। इसको लेकर विभाग योजना से संबंधित कैलेंडर भी जारी करेगा। पशु बाजार में पशु की खरीद बिक्री को पारदर्शी बनाने के लिए पशु रेट चार्ट भी जारी किया जाएगा। इस प्लांट में अधिक मात्रा में दूध का कलेक्शन होता है। निरीक्षण के दौरान किसानों ने कैटल फीड के लिए मेधा दाना के दर में 5 रुपया तक कमी करने की मांग दोहराई। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभागीय अधिकारियों को चारा काटने की मशीन को लेकर भी जानकारी ली। साथ ही किसानों को चारा काटने की मशीन कैसे उपलब्ध हो इसको लेकर निर्देशित भी किया।



निरीक्षण के दौरान गाय वितरण में अनियमितता की बात भी किसानों के द्वारा कही गई। पशुपालन विभाग के द्वारा 90 प्रतिशत सब्सिडी पर एसटी/एससी और विधवा को पशु देने की योजना है। जबकि सामान्य के लिए ये सब्सिडी 75 प्रतिशत है। किसानों का आरोप है कि बाजार मूल्य से ज्यादा दर निर्धारित कर सब्सिडी का लाभ उन्हें दिया जाता है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों को आश्वस्त किया है कि अब ऐसा नहीं होगा। इसके साथ ही विभाग के द्वारा दिए जाने वाले पशु का रेट चार्ट भी सार्वजनिक किया जाएगा। विभाग पशु धन योजना को लेकर किसानों के लिए कैलेंडर जारी करेगी। इस कैलेंडर में योजना से संबंधित सभी तरह की जानकारी उपलब्ध रहेगी। किसानों ने उत्तर प्रदेश- बिहार से लाए जाने वाली गाय की मृत्यु दर अधिक होने की शिकायत मंत्री से की। किसानों ने मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से लोकल गाय उपलब्ध कराने का आग्रह किया। किसानों ने गोकुल भवन की संख्या बढ़ाने की मांग की है। ताकि दूध कलेक्शन की मात्रा को बढ़ाया जा सके। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों से विभाग के द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने को कहा है। प्रशिक्षण प्राप्त किसानों को विभाग की योजनाओं का लाभ लेने और रोजगार के अवसर प्राप्त करने में ज्यादा मदद मिलेगी।

# छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो को पुलिस ने 30 घंटे बाद किया रिहा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** देवेंद्र नाथ महतो को पुलिस ने 30 घंटे बाद रिहा कर दिया। रिहा होने के बाद समर्थक उन्हें कंधे पर उठाकर ले गए। वहीं देवेंद्र ने समर्थकों के साथ परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। देवेंद्र महतो ने कहा कि 60-40 नाय चलतों, एक अस्थाई नियोजन नीति होनी चाहिए। झारखंडियों की नियुक्ति हो। हाइकोर्ट के निर्णय जेएसएससी व सीजीएल के परीक्षा रिजल्ट प्रकाशन पर रोक लगाने पर देवेंद्र ने कहा हाइकोर्ट का निर्णय यही संदेश देता है कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। उन्होंने कहा कि हाजत में तो नहीं लेकिन प्रदर्शन के दौरान बहुत मारा गया। कहा कि हिरासत में लेने के बाद भी इलाज नहीं करवाया गया। 24 घंटे में तीन थानों नामकुम, जगन्नाथपुर और कोतवाली का चक्कर लगवाया गया। इसके अलावा घंटों कई सरकारी दफ्तर के पार्किंग में भी रखा गया। बता दें कि जेएसएससी कार्यालय के बाहर सोमवार को छात्रों का प्रदर्शन दिनभर चलता रहा था। उनकी अगुवाई कर रहे जेएलकेएम नेता देवेंन्द्र नाथ महतो को पुलिस ने हिरासत में लिया था। दिनभर हिरासत में रखा था। ऐसे में छात्रों का आक्रोश और बढ़ गया। उन्होंने प्रशासन से देवेंद्र को छोड़ने के लिए चेतावनी दी थी। आखिर में तीस घंटे के बाद पुलिस ने देवेंद्र को रिहा कर दिया।

## गृह सचिव व डीजीपी ने चतरा में की समीक्षा बैठक, कहा

# वाहनों में आगजनी होने वाले क्षेत्र के थाना प्रभारी के खिलाफ होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गृह सचिव वंदना डादेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने संयुक्त रूप से चतरा जिले में अवैध अफीम की खेती पर रोक लगाने के लिए एक समीक्षा बैठक की। इस दौरान कई एजेंडा बिन्दुओं पर विमर्श किया गया और कई दिशा निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक के दौरान डीजीपी ने कहा की रांची, चतरा, हजारीबाग और लातेहार समेत कई जिलों में हाल ही के दिनों में स्प्लिंटर्स ग्रुप द्वारा आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया। जिस पर लगाम लगाना अति आवश्यक है, परंतु या देखा जा रहा है कि आगजनी जिस क्षेत्र में होती है उससे संबंधित थाना प्रभारी द्वारा सिर्फ अज्ञात के खिलाफ कांड दर्ज कर अनुसंधान समाप्त कर दिया जाता है, अगर भविष्य में किसी थाना क्षेत्र में उक्त रिप्लंटर ग्रुप द्वारा आगजनी की घटना कार्य की जाती है तो संबंधित थाना प्रभारी और इंस्पेक्टर के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए संबंधित डीएसपी और एसपी से भी स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।




### एनएच पर स्थित होटल व ढाबों की नियमित रूप से जांच करें

डीजीपी ने कहा कि एसपी चतरा, हजारीबाग, लातेहार और एसपी ग्रामीण रांची नेशनल हाईवे पर स्थित होटल और ढाबों की नियमित रूप से जांच करना सुनिश्चित करेंगे ताकि होटल या ढाबे अवैध अफीम, ब्राउन शुगर आदि जैसे जहरीले पदार्थ का खरीद बिक्री तो नहीं कर रहे हैं। साथ ही अगर किसी तरह का साक्ष्य मिलता है तो सरगना के संबंध में जानकारी एकत्रित करना सुनिश्चित करेंगे। डीजीपी ने कहा की एनडीपीएस से संबंधित कांडो में यह भी देखा जा रहा है कि ट्रक या अन्य वाहन के चालक और खलासी को अभियुक्त बनाकर जेल भेज दिया जाता है और कांड में आरोप पत्र समर्पित कर कांड के अनुसंधान को समाप्त कर दिया जाता है, जबकि उसे वहां उसे जप्त वहां के मलिक का सत्यापन कभी नहीं किया जाता है। इस संबंध में वहां के मलिक का निश्चित रूप से जानकारी प्राप्त करते हुए साक्ष्य के अनुसार उनके विरुद्ध भी एनडीपीएस की धाराओं में कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए। इस बैठक में अपर प्रधान सचिव शशि रंजन, आईजी अभियान अमोल वेणुकान्त होमकर, डीआईजी सुनील भाष्कर, एसपी अरविंद कुमार सिंह, एसपी एटीएस ऋषभ झा, सहित वरीय अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।



# लोगों की समस्याओं का हल करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता: डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने मंगलवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में लोगों से मुलाकात करते हुए जन समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने आए मुलाकातियों से एक-एक कर सभी की समस्याओं को सुनते हुए सभी समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द कराने का आश्वासन दिया। साथ सभी सम्र्बंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जन समस्या का निराकरण कराना आप सबकी जिम्मेदारी हैं। इसमें किसी प्रकार कि कोताही नही बर्दाश्त की जाएगी। डीसी संवाद में विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि विभिन्न विभागों से संबंधित थे। सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के बाद डीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए जल्द से जल्द समाधान करें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि लोगों की समस्याओं का हल कराना जिला प्रशासन कि पहली प्राथमिकता

### टाना भगतों ने भी डीसी के समक्ष रखी समस्याएं

डीसी संवाद में आए कुछ समस्या के निष्पादन के लिए ऑन स्पॉट सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। शिकायत का निवारण कराने के लिए बड़ी संख्या में टाना भगत ने उपायुक्त रांची से मुलाकात करते हुए अपनी कई समस्या उनके पास रखी। जिसपर उनके द्वारा उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी समस्या का निराकरण जरूर करेंगे। डीसी से कई जिला परिषद, वार्ड पार्षद, उप मुखिया ने मुलाकात कर उनके समक्ष कई मांगे रखी। जिसमें मुखिया द्वारा ग्रामसभा नही कराने, कार्यकारिणी कि बैठक नही होने और अन्य बातें उनके सामने रखी गई। जिसपर उनके द्वारा उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए सभी मांगो को गंभीरतापूर्वक सुना। साथ उनसभी से अबुआ आवास के सम्बन्ध में भी जानकारी लिया।

## न्यूज बॉक्स

### बीआईटी मेसरा से मो. मोबीन हुए सेवानिवृत्त



**रांची।** बीआईटी मेसरा के प्रबंधन विभाग के सहायक पद में पदस्थापित मो. मोबीन सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने संस्थान में विभिन्न विभागों में रहते हुए 38 सालों तक सेवा प्रदान किया। मो. मोबीन के सेवानिवृत्त पर विभाग के तरफ से कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे विभाग के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग के प्रमुख डॉ उत्पल बाउल ,डॉ श्रद्धा शिवानी, डॉ मंजू भगत, डॉ रविन्द्र भगत, डॉ अमर नाथ झा, डॉ गौतम सांडिल्य, डॉ प्रवीण श्रीवास्तव सहित सभी सहयोगी उपस्थित थे।

### रांची पुलिस ने अफीम की खेती को किया नष्ट



**रांची।** मंगलवार को एसएसपी के निर्देशानुसार अधीक्षक एसपी के निर्देशन मे राहे थाना अंतर्गत फुलवार, बहराबेड़ा, कपिडीह के जंगल मे लगभग 7 एकड़ का अफीम की खेती का बीज लगा फसल विनष्टीकरण किया गया तथा बिजली का तार, पानी का पाइप को काट दिया गया।

### झारखंड पुलिस वायरलेस मुख्यालय में पीपिंग सेरेमनी का आयोजन



**रांची।** झारखंड पुलिस वायरलेस मुख्यालय, लाइन तलाब रोड के सभागार में मंगलवार को डीजी प्रशांत सिंह के द्वारा झारखंड पुलिस वायरलेस संवर्ग के कुल 24 नवप्रोन्नत पुलिस निरीक्षक (ऑपरेटर) पदाधिकारियों का पीपिंग समारोह का आयोजन किया गया। बता दें कि यह प्रोन्नति छः वर्षों के बाद हुई है। जिससे कर्मचारियों में काफी खुशी की लहर है। इस मौके पर डीआईजी अश्विनी कुमार सिन्हा, एसपी हरविन्दर सिंह, डीएसपी महेश प्रजापति सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश एवं डीजीपी अनुराग गुप्ता के नेतृत्व में बुधवार को राज्य के सभी जिलों में (रांची जिला को छोड़कर) जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम के बेहतर प्रचार प्रसार के लिए सभी जरूरी संसाधनों यथा- प्रचार वाहन, पोस्टर, पंपलेट सहित स्थानीय अखबार एवं सोशल मीडिया के माध्यम से नागरिकों को सूचित किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पुलिस मुख्यालय के स्तर से विभिन्न जिलों में निगरानी करने के लिए अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है।

### बिरसा मुंडा एयरपोर्ट में नहीं लगा एडवांस कैट-2 एप्रोच लाइटिंग उपकरण

**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट में 1500 मीटर विजिबिलिटि में विमान की लैंडिंग होती है। ठंड के मौसम में धुंध और कोहरे के कारण विजिबिलिटि कम होती है। इससे विमान को लैंडिंग कराने में परेशानी होती है। इसके समाधान के लिए रनवे पर एडवांस कैट 2 एप्रोच लाइटिंग उपकरण लगना था। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि विभागीय नीतियां दूरगामी नहीं रही और विभागीय समन्वय का अभाव रहा जिससे यह उपकरण नहीं लग सका। अगर यह उपकरण लग जाता तो 750 मीटर विजिबिलिटि पर भी विमान लैंडिंग करायी जा सकता थी जो और ज्यादा सुरक्षित होती।

### अक्षम व्यक्ति भी परमात्मा की अनमोल निधि है : ब्रह्मकुमार सूर्य प्रकाश

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वावधानमें झारखंड दिव्यांग समानता संरक्षण एवं सशक्तीकरण अभियान के तहत कोशिश विद्यालय अरगोड़ा रांची में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माउन्ट आबू से आये हुए ब्रह्माकुमार सूर्य प्रकाश राव ने कहा न बोल पाना, न सुन पाना तथा मानसिक व शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्ति भी परमात्मा की अनमोल निधि है। संसार में उनकी उपस्थिति का कोई न कोई महत्व अवश्य है। उनके प्रति संवेदनशील होना हमारा कर्तव्य है। समाज के हर क्षेत्र में इनकी सहभागिता को प्रदर्शित करने में हमें सहयोग करना है। उनके मानसिक भावनाओं को ऊंचा उठाने में समाज को आगे आना होगा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सामान्य भाई बहनों तथा बच्चों के जीवन में आशा उत्साह और संघर्ष की चेतना जगा कर उन्हें कर्मठ नागरिक बनाने की सेवा करता है। विकलांग होना किसी भी प्रकार का अभिशाप एवं दण्ड नहीं है। वास्तव में विकलांग वह है जो सारे अंग उपांग से सुसज्जित होकर भी कमर्मण्य बना रहता है। कार्यक्रम में कोशिश मानसिक सस्कूल रांची के दिव्यांग बच्चों के बीच उनके कार्य क्षमता व दिव्यता को विकसित करने संबंधी गेम यथा पज्जल, ड्राईंग कम्पीटिशन आदि की प्रतियोगिता कराया गया और पुरस्कार दिया गया। उनकी बौद्धिक क्षमता की जाँच की गयी। उनकी सुनने, समझने व जांचने की शक्ति का और विकास हो सकें, आध्यात्मिक रीति से उन्हेंआत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए कई टीप्स दिए गए। कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती दीपा जी ने ब्रह्माकुमारीज के द्वारा चलाये जा रहे इस नेक कार्य की सराहना की। इसके अलावा आज हरमू स्थित राजकीय मुक- बधिर विद्यालय में भी बच्चों के क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से कई प्रतियोगिताऐं प्राचार्य शम्भु प्रसाद सिहं जी, आचा्य श्याम सुन्दर उपाध्याय जी तथा आराधना सी डी पी ओ, रॉची सदर की उपस्थिति में किए गये तथा कार्यक्रम के अंत में बच्चों को प्रसाद, पुरस्कार आदि वितरित किया गया।

## एसएस मेमोरियल कॉलेज में युवा महोत्सव आज से

# 'इंजोत' युवा महोत्सव 2024 का हुआ पोस्टर विमोचन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एसएस मेमोरियल कॉलेज में युवा महोत्सव 18 और 20 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव की तैयारी को लेकर कॉलेज प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस युवा महोत्सव का नाम 'इंजोत' रखा गया है। कॉलेज में 'इंजोत' युवा महोत्सव -2024 का पोस्टर विमोचन कर आगाज किया गया।



महोत्सव में 16 प्रकार की प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें 18 दिसंबर को भाषण प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, क्वीज प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, मिट्टी कला (क्ले)प्रतियोगिता, लघु नाटिका प्रतियोगिता, मिमिक्री प्रतियोगिता, माइम अभिनय प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, काव्य पाठ प्रतियोगिता, कोलाज प्रतियोगिता व बेस्ट आऊट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता शामिल है। वहीं 20 दिसंबर को होने वाले प्रतियोगिता में गीत प्रतियोगिता, सोलो, सेमी क्लासिक और क्लासिकल नृत्य प्रतियोगिता में पारंपरिक और क्लासिकल शामिल है। प्राचार्य ने कॉलेज के विद्यार्थियों से अपील की आप 'इंजोत' युवा महोत्सव 2024 में अवश्य भाग लें और अपनी प्रतिभा को निखारें। 'इंजोत' युवा महोत्सव 2024 के पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में डॉ समर सिंह, प्रो राजेश कुजूर, डॉ सावित्री बड़ाईक, डॉ राजश्री महतो, डॉ आरएन सिंह,डॉ अनिल बीरेन्द्र कुल्लू, डॉ मंजु सिंकु, डॉ प्रेमा कुमारी, डॉ रणजीत चौधरी, डॉ अनीता गुप्ता, डॉ रवि कुमार दास, डॉ बीके अखोरी, डॉ एनके पाण्डे, डॉ मुकेश उरांव, डॉ राजश्री इंदवार, डॉ लक्ष्मी कुमारी, डॉ उषा कीड़ो, डॉ त्रिभुवन साही, डॉ सुबास साहु, डॉ रीना कुमारी, डॉ अभिषेक कुमार गुप्ता, डॉ लक्ष्मी कुमारी, डॉ संजय सरंगी, डॉ जेबा, डॉ नेहा टोप्पो, डॉ रुकैया, डॉ प्रांजल कुमारी, डॉ रागिनी सहित कई शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## चोरी का मामला

# अज्ञात महिला घर में घुसकर ली तलाशी सीसीटीवी कैमरों में हुई रिकॉर्ड



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** फ्रेंड्स कॉलोनी पंडरा में उज्जवल सिंह नाम के एक व्यक्ति के घर में यह अज्ञात महिला घुसकर जूते में छिपी चाभी लेकर निडर भाव से तलाशी लेती सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई है । घटना के समय घर में दोनों किराएदार सहित मकान मालिक नहीं थे। पूरे मुहल्ले में इसकी चर्चा हो रही है। पंडरा थाने को सूचना दी गई है।

# बसों के अवैध पड़ाव पर यातायात एसपी ने चलाया अभियान


बूटी मोड़ में बसों से यात्रियों का उतार-चढ़ाव फिर शुरू
वैध स्टैंड सुनसान, अवैध स्टैंड रहता है गुलजार


**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बूटी मोड़, खेलगांव में अवैध रूप से बसों में यात्रियों का उतार-चढ़ाव हो रहा था। स्टैंड में गाड़ी नहीं जाने से यात्रयों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इससे सरकार के राजस्व को भी नुकसान पहुंच रहा था। राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार ने वैध स्टैंड सुनसान, अवैध स्टैंड गुलजार शीर्षक से खबर प्रकाशित किया था और नगर प्रशासक संदीप कुमार सिंह से सवाल पूछे थे। उन्होंने शीघ्र कारवाई करने की बात कही थी और कहा था कि ट्रैफिक एसपी को पत्राचार करेंगे। इस क्रम में ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने कारवाई करते हुए बूटी मोड़ और खेलगांव में अवैध पड़ाव करने वाले बसों पर शिकंजा कसा है। बसों को हटाने के लेकर विशेष अभियान चलाया है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने रांची ट्रैफिक डीएसपी से सवाल पूछा। उन्होंने बताया कि इस कारवाई में तीन बसों को पकड़ा गया है। यह अभियान लगातार जारी रहेगी, बसों के अवैध ठहराव पर लगाम लगाया जाएगा।

## नगर विकास मंत्री ने की निगम के कार्य एवं योजनाओं की समीक्षा, कहा

# नगर निगम साफ-सफाई पर खास ध्यान दें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने मंगलवार को नगर निगम सभागार में निगम की कार्य एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक की। मंत्री ने कहा कि निगम की भूमिका राजधानी की बेहतर छवि बनाने के लिये बहुत अहम है। इसके लिये सफाई पर खास ध्यान दें। सिविल वर्कस से संबंधित सभी लंबित योजनाओं को समय पर धरातल पर उतारें। भविष्य की जरुरतों का आकलन करते हुए योजनाएं बनाएं। योजनाओं के लंबित होने पर समय समय पर समीक्षा करें। मंत्री सुदिव्य कुमार ने राजस्व संग्रहण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इंटरनल रेवेन्यू में बढ़ोतरी के लिये होल्डिंग टैक्स के भुगतान के लिये बड़े बकायेदारों को नोटिस दें। जिन आवासीय भवनों पर व्यवसाय चल रहे हैं, उनका सर्वे करते हुए कमर्शियल होल्डिंग टैक्स लेना सुनिश्चित करें। शहर के सभी लॉज, हॉस्टल, कोचिंग आदि की असेसमेंट करते हुए कर का भुगतान सुनिश्चित ससमय करने के लिये नागरिकों को जागरुक करें।



**नगर निगम के अधीन सभी अधिनियमों को कड़ाई से लागू करें :** नये साल में आम लोगों की सुविधा के लिये कर भुगतान करने के लिये नए ऑफर्स लाएं। नगर निगम के अधीन सभी अधिनियमों को कड़ाई से लागू करें। इस दौरान 15वें वित्त आयोग, टाउन प्लानिंग, पीएमएवाई, लाईट, आईटी, डे एनयूएलएम, ट्रांसपोर्ट, हेल्थ, इनफोर्समेंट, जलापूर्ति एवं अन्य शाखाओं की समीक्षा हुई। नगर आयुक्त संदीप सिंह ने मंत्री के अहम मार्गदर्शन के लिये आभार जताया, तथा आम नागरिकों को निगम स्तर से और बेहतर सुविधा प्रदान करने के साथ साथ शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की बात कही। मौके पर अपर प्रशासक फिलवियुस बरला, संजय कुमार, उप प्रशासक रविंद्र कुमार, गौतम प्रसाद साहू, सारे सहायक प्रशासक, अभियंतागण, सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी, नगर निवेशक, नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक समेत कर्मी मौजूद थे।

**मंत्री ने ये भी निर्देश दिये :** आम नागरिकों की शिकायतों का निष्पादन समय पर करें। सभी पदाधिकारी अपने स्तर से मॉनिटरिंग करें। राइट टू सर्विसेज के तहत समय सीमा के अंदर कार्यों को पूरा करें। सभी वेंडर्स को व्यवस्थित करने के लिये विभिन्न स्थलों पर वेंडिंग जोन या मार्केट बढ़ाने की जरुरत है। अच्छी सफाई के लिये पदाधिकारी समय समय पर क्षेत्र का जायजा लें।

### आज / कल




# श्रीश्याम मंदिर में श्रीसुन्दरकाण्ड का हुआ पाठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीश्याम मित्र मण्डल ने हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में मंगलवार को 132 वां श्रीसुन्दरकाण्ड -श्रीहनुमान चालीसा का संगीतमय सामुहिक पाठ का भव्य आयोजन हुआ। मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि इस अवसर पर मनीष सारस्वत, ओम शर्मा व अन्य ने ढोलक, ढफली, झांझ, कडताल, आरगेन की धुन के साथ श्रीगणेश वन्दना, श्री सरस्वती वन्दना करके श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करके श्रीसुन्दरकाण्ड का पाठ प्रारंभ किया। मुन्ना सिंह, पिंकी सिंह, माही सिंह व शौर्य प्रताप सिंह ने श्रीहनुमान जी महाराज की दिव्य अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित करके केशरिया पेड़ा, गुड़, चना, फल का भोग अर्पित कर श्रीहनुमान जी के दरबार में मत्था टेका। मण्डल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान करवाया। पुष्पा देवी पोद्दार ने केशरिया पेड़ा,



राजेश जायसवाल ने फल प्रसाद, श्रवण ढाढ़निया ने चना प्रसाद व मुकेश मित्तल ने गिरीगोला सेवा निवेदित किया।श्रीसुन्दरकाण्ड के पाठ के मध्य में भजनों का गायन किया गया। बजरंगबली व खाटूनरेश की जयकारो से पुरा मंदिर गूंज रहा था। सैकड़ों उपस्थित भक्तजन श्रीहनुमान जी की आराधना में लीन रहे। अखण्ड ज्योति में आहुति देने की के लिए भक्तों की कतारें लगी रहीं। महाआरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढाढ़निया, श्यामसुंदर जोशी, अंकित सिंह, हर्ष कुमार उपस्थित थे।

## बस ऑनर एसो. ने यातायात एसपी को सौंपा मांग पत्र

# रांची के वैध बस स्टैंड में ही बसों का हो ठहराव : प्रदीप कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिले की सुंदरता,मनोरम वादियों की खुशबु देश-दुनिया तक पहुंच रही है। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिला है। इसके विकास से पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। सरकार ने पर्यटकों की सुविधा के लिए अनके कार्य कर रही है। एक तरफ तो सरकार पर्यटन बढ़ाने में लगी है वहीं दूसरी ओर विभागीय लापरवाही से पर्यटकों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



● एसपी ने दिया जल्द कारवाई का आश्वासन

इन्हीं समस्याओं में से एक समस्या बस पड़ाव की है। बस पड़ाव पर बसें नहीं आती है,बूटी मोड़, खेलगांव और अन्य स्थानों से ही बसें वापस चल जाती है। इस कारण पर्यटकों को बस स्टैंड में मिलने वाली बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पाती है। इस पर झारखंड राज्य बस एसोसिएशन ने यातायात एसपी से मिलकर मांग पत्र सौंपा। राष्ट्रीय नवीन मेल से बात करते हुए एसोसिएशन के सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि सभी बसें निर्धारित बस पड़ाव से ही चलें। कुछ बसें इस नियम का पालन नहीं कर रही हैं, नियम कानून को ताक में रखकर खेलगांव, बूटी मोड़ आदि स्थानों से पसैंजर का चढ़ाव-उतार करती है। इस कारण यात्रियों को भारी असुविधा होती है। बस मालिकों ने कहा कि निर्धारित रूट का पालन नहीं करने से इंश्योरेंस का भी लाभ नहीं मिलता है। नोटिफाइड बस स्टैंड में ही बसों का ठहराव हो जिससे सबको बस पड़ाव का लाभ मिले। मौके पर झारखंड प्रदेश बस झारखंड प्रदेश बस ऑनर एसोसिएशन के सचिव प्रदीप कुमार, हजारीबार बस ऑनर एसोसिएशन के सचिव राजकुमार, बबलू, अरूण यादव कन्हैया गोप, सुबोध सिन्हा,विनय सिन्हा, धनबाद बस ऑनर एसोसिएशन के प्रतिनिधि, बोकारो बस ऑनर एसोसिएशन के प्रतिनिधि और अन्य उपस्थित थे।

# सीसीएल में कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीकरण संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीसीएल रांची के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने और गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के लिए इसके छह अनिवार्य पाठ्यक्रमों को पूरा करने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के प्रथम दिन यानि 16 दिसंबर को सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों से 50 नोडल अधिकारीगण तथा 17 दिसंबर को सीसीएल के विभिन्न परियोजनाओं से 70 नोडल अधिकारीगण इस कार्यक्रम में उपस्थित थे. इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सभी प्रतिभागी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर सफलतापूर्वक पंजीकरण कर सकें। इस प्लेटफॉर्म में अपने को पंजीकृत कर इसके विभिन्न पाठ्यक्रमों में से किन्ही छः पाठ्यक्रमों को अनिवार्य रूप से पूरा करें. इस प्रक्रिया को पूरा करने में उनकी इकाइयों में अन्य लोगों की सहायता करें, जिससे पूरे संगठन में डिजिटल जागरूकता बढ़े. कार्यक्रम का उद्घाटन जीएम (एचआरडी) के रामकृष्ण ने किया. जिन्होंने संगठनात्मक विकास के लिए डिजिटल पहल के महत्व पर जोर दिया. विकास कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (एचआरडी) एवं सीएसपी प्रबंधक (खनन) द्वारा सत्र का संचालन किया गया. यह पहल कर्मचारियों के बीच डिजिटल साक्षरता बढ़ाने और सीसीएल में इसके अनुपालन और क्षमता निर्माण की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## एक नजर

### रेलवे पुल के नीचे से शव बरामद

**सिल्ली।** मुरी ओपी ने उरंगढा नदी रेलवे पुल के नीचे से सुबह शव बरामद किया। शिनाख्त में मृतक का नाम प्रदीप राम है जो कामडारा का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ साहिबगंज से रांची ट्रैन से जा रहा था। व्यक्ति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, रांची जाने के क्रम में ही मुरी उड़नगढ़ा पुल के पास ट्रैन से नीचे गिरने से व्यक्ति की मृत्यु हो गई है।

### मादक पदार्थ तस्करी के आरोपी को जमानत नहीं, याचिका खारिज

रांची। एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश दिवाकर पांडे की अदालत ने मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में जेल में बंद आरोपी सत्येंद्र प्रसाद की जमानत याचिका सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। आरोपी को पुलिस ने 29 नवंबर को गिरफ्तार किया था, तब से वह जेल में है। उसने जमानत की गुहार लगाते हुए 13 दिसंबर को याचिका दाखिल की थी। आरोपी को इटकी थाना क्षेत्र से 205 किलो डोडा के साथ गिरफ्तार किया गया था। मामले में आरोपी के खिलाफ इटकी कांड संख्या 34/23(एन) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### जेसीबी के एडवांस देने के नाम पर साइबर ठग ने 99 हजार रुपये उड़ाये

**दुमका।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के चिकनिया गांव से 99 हजार रुपये ठगी का मामला मंगलवार को सामने आया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित भुवन मंडल ने बताया कि 12 दिसंबर को उसके मोबाइल पर 7489628627 नंबर से एक फोन आया। ट्रू कॉलर में आनंद कुमार दिख रहा था। फोन करने वाले ने बताया कि उसको पुलिस लाइन दुमका में जेसीबी का काम है। दोनों में बात होने के बाद 13 दिसंबर को जेसीबी मालिक भुवन ने अपना जेसीबी दुमका भेज दिया। उसके बाद उक्त नंबर पर फोन कर जेसीबी पहुंचने का जानकारी दिया गया। तो उक्त साइबर ठग के जरिये एडवांस देने के लिए एकाउंट नंबर मांगा गया।

### निजी काम के लिए टैक्टर से बालू परिवहन करने वालों को न पकड़े प्रशासन : सोनू इमरान

**खूंटी।** ओबीसी कांग्रेस के खूंटी जिला अध्यक्ष सोनू इमरान के नेतृत्व में ओबीसी कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमडल ने खूंटी की अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बालू लदे ट्रैक्टरों को नहीं पकड़ने की मांग की। मौके पर सोनू इमरान ने कहा कि हर तरह के निर्माण कार्य के लिए बालू जरूरी है। लोग घर बनाने के लिए टैक्टर से बालू का परिवहन करते हैं। पुलिस के जरिये उन टैक्टरों को पकड़ लिया जाता है ओर मामला दर्ज किया जाता है। इस पर एसडीओ ने कहा कि उन्होंने निजी काम के लिए टैक्टर से बालू परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया है।

पूस जतरा को लेकर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# लापुंग की संस्कृति, परंपरा और जतरा यहां की खूबसूरती : संतोष कुमार यादव



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड के गांवों में यहां की संस्कृति और परंपरा तथा रीति-रिवाज अनुठी है। पुस महीने में लगने वाले जतरा में यहां की मिट्टी की सोंधी महक और लोगों के बीच अनोन्याश्रय संबंध यहां की खूबसूरती को बयां करती हैं। उक्त बातें लापुंग के थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने अरमालटदाग में देर शाम आयोजित पुस जतरा के दौरान बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने फीता काट कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर पुस जतरा का उद्घाटन किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष अखिलेश गोप ने कहा कि अरमालटदाग में अगहन महीने में धान कटनी के बाद पुस महीने में अच्छी फसल के उत्पादन को लेकर यहां के ग्रामीण सैकड़ों वर्षों से देवी देवताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। इस मौके पर विधिवत रुप से भगवान की पूजा अर्चना की जाती है। कार्यक्रम के दौरान झारखंडी लोकताल कला मंच के बैनर तले झारखंड के प्रसिद्ध लोक कलाकार एवं बांसुरी वादक मनरखन बडाईक,गायक गोरेलाल गोप सूरज कुमार, लोक गायिका बिन्देश्वरी देवी रजनी कुमारी, वादक कलाकार महावीर नायक, कार्तिक बडाईक, दुर्गा महली, ब्रह्मदेव नायक ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को खूब झुमाया। प्रसिद्ध बांसुरी वादक मनरखन बडाईक के बांसुरी की धुन एवं बिन्देश्वरी देवी के गीत... अइसन हय नयना, चियारी मारी, दिल मोर के घायल करी.... के दौरान हजारों लोग झूम उठे। कार्यक्रम का संचालन कैलाश राज गोप ने किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में अनमोल बडाईक, सूरज देवघरिया, मंटु कुमार भगत, नीलकमल साहु, अमित साहु, रोहित साहु, नारायण साहु, पंकज साहु ने भी अपनी बातें रखी। अनमोल बडाईक ने कहा कि लापुंग प्रखंड में बहुत की शांतिपूर्ण तरीके से लोग अपने पर्व एवं त्योहार को मनाते हैं।

श्रमायुक्त के साथ एफजेसीसीआई ने की वार्ता

# लेबर सेस की राशि एक समान रखना न्यायसंगत नहीं : परेश गट्टानी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आरसीसी भवनों के समान नॉन आरसीसी निर्माण पर लग रहे लेबर सेस पर पुनर्विचार के लिए अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज प्रतिनिधिमंडल ने श्रमायुक्त से विभागीय कार्यालय में मुलाकात की। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि आरसीसी निर्माण की तुलना में नॉन आरसीसी संरचना की लागत दर अपेक्षाकृत काफी कम होती है, ऐसे में लेबर सेस की राशि एक समान रखना न्यायसंगत नहीं है। चूंकि यह राशि नक्शा स्वीकृति के समय देय होती है किंतु अधिक राशि के कारण काफी लोग नक्शा ही पास नहीं कराते जिस कारण एक तरफ जहां लोगों के नॉन कंपालायंस बढ़ रहे हैं वहीं दूसरी ओर विभाग को भी टैक्स की हानि हो रही है। इस मुद्दे पर चैंबर और विभाग की संपन्न हुई पूर्व की बैठकों में हमें अवगत कराया गया था कि नियमावली में उदाहरण के कॉलम में मानवीय भूल होने के कारण, दरों में असमानता हो गई है, जिसका संशोधन कर लिया जायेगा। कतिपय कारणों से अब तक इस दिशा में कार्रवाई नहीं होने तथा पुनः दरों में वृद्धि किये जाने से अनावश्यक कठिनाईयां हो रही हैं, जिसपर आपका त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है। यह आग्रह किया गया कि इस मामले की समीक्षा कर पूर्व की दर में किये गये संशोधन पर पुनर्विचार करने तथा आरसीसी और नॉन आरसीसी निर्माण को अलग-अलग करने की अनुशंसा करें ताकि लेबर सेस के भुगतान में हो रही कठिनाइयों का समाधान संभव हो सके। चैंबर के लॉजिस्टिक पार्क उप समिति के चेयरमेन अविराज अग्रवाल ने कहा कि चैंबर द्वारा विभाग के इस निर्देश में संशोधन करने के पूर्व में दिये गये सुझाव पर विचार किये बिना ही निजी भवनों/अपार्टमेंटों के निर्माण लागत पर विभाग द्वारा पूर्व से लागू प्लिंथ एरिया दर रू0 1400/- प्रति वर्गफीट को संशोधित करते हुए रू0 1722/- प्रति वर्गफीट निर्धारित कर दिया गया है जिससे यह समस्या और अधिक जटिल हो गई है।

## न्यूज | बॉक्स

### विवेकानंद विद्या मंदिर 178 रन से जीता




**रांची।** वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट विवेकानन्द विद्या मंदिर बनाम कैराली स्कूल के बीच शाखा मैदान में खेला गया। विवेकानन्द विद्या मंदिर ने 35 ओवर में पांच विकेट पर 284 रन बनाया। हर्ष स्वासी ने 93 बॉल पर 168 रन बनाया। वहीं अनुज कुमार ने 59 बॉल में 51 रन बनाया। अयान अनवर ने दो विकेट लेकर 41 रन दिया। हर्ष राजवार ने एक विकेट लेकर 48 रन दिया। कैराली स्कूल ने 21.5 ओवर में 10 विकेट पर 106 रन बनाया। अतुल प्रणय कच्छप ने 44 बॉल में 35 रन बनाया। यशराज सिंह ने पांच विकेट लेकर 28 रन दिया। हर्ष स्वासी ने दो विकेट लेकर 11 रन दिया। विवेकानंद विद्या मंदिर 178 रन से जीता।

### झारखंड ज्योति क्लब ने 146 रन से जीता टूर्नामेंट



**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट ईईएफ टाटीसिलवे ग्राउंड में झारखंड ज्योति क्लब बनाम आरसीएफसीसी के बीच खेला गया। झारखंड ज्योति क्लब ने 35 ओवर में आठ विकेट पर 276 रन बनाया। शोएब अंसारी ने 157, अलिफ रजा ने 31 व रपसन अंसारी ने 21 रन बनाया। प्रिंस ने तीन विकेट लेकर 43 रन दिया। आरसीएफसीसी ने 24.4 ओवर में 10 विकेट पर 130 रन बनाया। आशीष कुमार ने 50 व सुमित सिंह ने 26 रन बनाया। रपसन अंसारी ने तीन विकेट लेकर छह रन दिया। तौफीक अंसारी ने दो विकेट लेकर 22 रन दिया व अरमान अंसारी ने दो विकेट लेकर 31 रन दिया। झारखंड ज्योति क्लब ने 146 रन से टूर्नामेंट जीता।

### क्लब ऑफ 22 याड्र्स ने 32 रन से जीत दर्ज की




**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन टूर्नामेंट नेहरू ग्राउंड में गैलेक्सी सी ए बनाम क्लब ऑफ 22 याड्र्स के बीच खेला गया। क्लब ऑफ 22 याड्र्स ने 30 ओपर में पांच विकेट पर 177 रन बनाया। काव्यांश ने 31, बिभूति ने 73, सत्यम ने 28 रन बनाया। विवेक ने दो विकेट लेकर 36 रन दिया। परवाज ने दो विकेट लेकर 9 रन दिया। वहीं गैलेक्सी सीए ने 30 ओवर में नौ विकेट पर 145 रन बनाया। आकाश कुमार सिंह ने 34 रन बनाया। बिभूति ने तीन विकेट लेकर 39 रन दिया। किशन ने तीन विकेट लेकर 23 रन दिया। क्लब ऑफ 22 याड्र्स ने 32 रन से टूर्नामेंट जीता।

### विधायक ने धान अधिप्राप्ति केंद्र का किया उद्घाटन




**ठाकुरगांव ।** बुढ़मू प्रखंड अंतर्गत ठाकुरगांव लैम्पस में मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन मंगलवार को विधयाक सुरेश कुमार बैठा के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करते हुए फीता काटकर किया गया। मौके पर क्षेत्र के तीन किसानों द्वारा 600 किलो धान दिया गया। लैम्पस के सचिव वैद्यनाथ ठाकुर ने किसानों को बताया कि सरकार द्वारा 2300 रुपया प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य व 100 रुपया प्रति क्विंटल बोनस तय किया गया है। मौके पर सीओ सच्चिदानंद वर्मा, बीडीओ धीरज कुमार, बीसीओ मुकेश कुमार अग्रवाल, केंद्र प्रभारी रोहित भगत, कृषि पदाधिकारी कमल उराँव, बीटीएम प्रदीप सरकार, मुखिया जयंती देवी, मुखिया सचिन पाहन, उपप्रमुख हरदेव साहू, अध्यक्ष बिगन मुण्डा, जाकिर अंसारी, गंगाधर प्रसाद, उमेश वैद्य, राजेन्द्र साहू, रवि कुमार समेत दर्जनों किसान उपस्थित थे। वहीं दूसरी और उरुगुटु लैम्पस में भी धान अधिप्राप्ती केंद्र का उद्घाटन विधायक के द्वारा किया गया। मौके पर सचिव आबिद अली अनवर, अध्यक्ष बासुदेव पाहन, बीसीओ सुदर्शन चौबे, कृषि पदाधिकारी नंदेश्वर दास, मुखिया पूजा किसपोटा समेत दर्जनों किसान उपस्थित थे।

# अधिकार के लिए अपनी शक्ति को पहचानें महिलाएं: डालसा सचिव



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार के मार्गदर्शन में मंगलवार को नालसा की ओर से संचालित एनसीडब्ल्यू के जरिये विधान से समाधान विषय पर मुरहू प्रखंड में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि जब तक महिलाएं जागरूक होकर अपने हक के लिए आगे नहीं बढ़ेंगी, तब तक समाज का विकास संभव नहीं है। आज समाज में ज्यादातर हिंसा महिलाओं के साथ होती है, क्योंकि उन्हें कमजोर समझा जाता है। इसलिए महिलाओं को अपनी शक्ति को पहचानना होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं, जिससे आनेवाले पीढ़ी मजबूत हो। रिसोर्स पर्सन रूबी कुमारी और प्रीतिवंती मेरी ने महिलाओं से जुड़े कानूनी अधिकार के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी और पोक्सो एक्ट के बारे में बताया। इसके साथ ही लक्ष्मी नारायण उच्च विद्यालय मुरहू में 90 दिवसीय जागरूकता और आउटरीच अभियान कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया।

खलारी में हुआ विधायक सुरेश बैठा का भव्य स्वागत, कहा

# जनता के हित में काम करें अधिकारी



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
स्थानीय विधायक सुरेश बैठा का मंगलवार को खलारी में भव्य स्वागत किया गया। चुनाव जीतने के बाद वे पहली बार खलारी में आभार यात्रा में आए थे। खलारी के हुटाप मोड़ पर कांग्रेस व झामुमो कार्यकर्ता ने सुरेश बैठा का फूल मालों से स्वागत किया। कार्यकर्ता काफी उत्साहित थे। जिन्दाबाद के नारे लगाए गए। आभार यात्रा हुटाप मोड़ से मायापुर, लपरा, हेसालौंग, नावाडीह होते हुए धमधमिया पहुंचा। वहां से खिलानधौड़ा, करकट्टा, खलारी बाजारटांड़ होते हुए विधायक खलारी प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचे। यहां खलारी बीडीओ संतोष कुमार व अंचल अधिकारी प्रणव अम्बष्ट ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। जेएसएलपीएस की ओर से किसानों को गेहूं का बीज देने की तैयारी थी। विधायक द्वारा गेहूं बीज बांटने का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड तकनीकी पदाधिकारी से आबंटन किए जाने वाले बीज की मात्रा व किसानों की संख्या के बारे में जानकारी ली। विधायक ने कहा कि प्रषासनिक अधिकारी जनता के हित में काम करें। उन्होंने कहा कि राज्य में बहुमत वाली नई सरकार बन गई है। अनुपूरक बजट पेश हो गया है। राज्य के विकास का रोड मैप बन गया है। खलारी कोयलांचल में जनता दरबार लगाकर यहां के लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। प्रखंड कार्यालय से निकलकर आभार यात्रा खलारी शहीद चौक होते हुए केडी बाजार पहुंचा।विधायक के इस दौरे में राजेशसिंह मिंटू, साबिर अंसारी, इंदिरा देवी, तनवीर आलम, जालिम सिंह, अनिल पासवान, विक्की सिंह, मोनू रजक, बीरेंद्र यादव, जावेद अंसारी, नीलू विश्वकर्मा, मारुति देवी, बाबू खान, पप्पू सिंह, धीरज बहादुर, अजय वर्मा, मोनू सिंह, रमेश चौहान, कलीम रिजवी, राजा केसरी, कृष्ण ठाकुर, अनिता पासवान, सुमन देवी सहित काफी संख्या में महागठबंधन के कार्यकर्ता शामिल थे।

बीसीसीआई अंडर- 23 स्टेट ए क्रिकेट टूर्नामेंट

# हरियाणा, दिल्ली, आंध्र प्रदेश व केरल की आसान जीत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जेएससीए की मेजबानी में चल रहे हैं बीसीसीआई अंडर- 23 स्टेट ए क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत खेले गए मैचों में मंगलवार को आंध्र प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली एवं केरल ने अपने - अपने मैच आसानी से जीत लिए। जेएससीए मैदान पर खेले गए मैच में आंध्र प्रदेश ने उत्तराखंड को चार विकेट से हरा दिया। इस मैच में उत्तराखंड ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 8 विकेट पर 256 रन बनाए। अवनीश सुधा ने 8 चौकों की मदद से 50, हितेश ने 10 चौके की मदद से 80 , ऑन जानिया ने दो छक्के व एक चौके की मदद से 59 एवं रविंद्र ने नाबाद 20 रन बनाए। आंध्र प्रदेश की ओर से बी यशवंत ने 32 रन लेकर तीन एवं केएस राजू तथा व सीवी शिवा ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में आंध्र प्रदेश ने 48.1 ओवर में 6 विकेट पर 259 बनाकर मैच जीत लिया। आंध्र प्रदेश की ओर एसडीएनवी प्रसाद ने 60, एम हेमंत रेड्डी ने 34 , एसपी तेजा ने 63, के एस राजू ने 26 एवं ई धरमिन ने नाबाद 29 रन बनाए उत्तराखंड की ओर से रविंद्र और अवनीश ने दो-दो विकेट लिए। ओवल मैदान पर खेले गए मैच में मैच में हरियाणा ने सौराष्ट्र को 73 रनों से हराया। इस मैच में हरियाणा ने पहले बैटिंग करते हुए 47.2 ओवर में 358 रन बनाए ।इसमें अर्श रंगा ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 8 छक्के एवं 11 चौके की मदद से 128 रन बनाए, जबकि सामंत जाखड़ ने चार चक्के एवं चार चौके की मदद से 64 , सर्वेश ने तीन छक्के व एक चौके की मदद से 48 एवं विवेक ने तीन छक्के एवं सात चौके मदद से 62 रन बनाए। सौराष्ट्र की ओर से एएच जडेजा ने 74 रन का चार व गजर समर में 82 रन? देकर के दो विकेट लिए। जवाब में सौराष्ट्र ने 285 रन बनाए। राज वाघेला ने पांच छक्के एवं 11 चौके की मदद से 115 रनों की पारी खेली लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिल सके।इसके अलावा रछित मेहता ने तीन छक्के व छह चौके की मदद से 85 एवं अनिल पांडे ने 23 रन बनाए। हरियाणा की ओर से अनुज ठकराल ने 53 रन देकर चार विकेट लिया। उषा मार्टिन मैदान पर केरल ने आसानी से नागालैंड को 242 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए केरल ने निर्धारित 50 ओवर में पांच विकेट पर 349 रन बनाए।इसमें रोहन नायर ने चार चक्के एवं सात चौके की मदद से शानदार 109 रनों की पारी खेली। उमर अबू बकर ने 45 एवं अभिजीत प्रवीण ने 64 रन बनाए ।नागालैंड की ओर से अनिल गुप्ता ने 94 देकर दो विकेट लिए। जवाब में नागालैंड की टीम 41.4 ओवर में 147 रन ही बना सकी । मुघवी ने ?सात चौके की मदद से 59 व तोहुका ने 34 रन बनाए।केरल की ओर से अखिन ने 17 रन देकर तीन एवं जेएस अंश राज ने 30 रन देकर दो विकेट लिया।

# महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा को लेकर लोगों को किया गया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान नई चेतना 3.0 के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई, समाज कल्याण, महिला और बाल विकास विभाग एवं पलाश, खूंटी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को डीआरडीए स्थित सभागार में महिला तथा बच्चों के खिलाफ होनेवाली हिंसा के उन्मूलन को लेकर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। जिला बाल संरक्षण इकाई से एलपीओ पुतुल और शमीम ने बच्चों के संरक्षण के लिए बनाये गए कानून और जिला तथा प्रखंड, पंचायत और ग्राम स्तर पर बाल सुरक्षा समिति के बारे में जानकारी दी। अध्यक्ष बाल कल्याण समिति तनुश्री सरकार ने महिलाओं के साथ होनेवाली हिंसा की रोकथाम के लिए बनाये गये कानूनी पहलुओं पर चर्चा की। सदस्य किशोर न्याय बोर्ड सुजीत गोस्वामी ने विधि का उल्लंघन करने वाले बच्चों के लिए कानूनी पहलुओ की जानकारी दी।जिला कार्यक्रम प्रबंधक, पलाश मनीषा सांचा ने पलाश के जरिये जिले मे हिंसा की रोकथाम के लिए सामाजिक विकास प्रभाग की विभिन्न गतिविधियों को साझा किया।

रांची विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

# पहला मैच पीपीके कॉलेज बुंडू, गोस्सनर कॉलेज डोरंडा कॉलेज व एसएसएम कॉलेज जीते



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता 2024- 25 सोमवार से बीएस कॉलेज लोहरदगा में शुरू हुआ। पहले दिन कुल चार मुकाबले खेले गए, जिसमें पीपीके कॉलेज बुंडू, गोस्सनर कॉलेज, डोरंडा कॉलेज और एसएसएम कॉलेज ने अपने अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। बता दें कि प्रतियोगिता में कुल 13 टीमों ने भाग लिया है। बता दें कि प्रतियोगिता में सभी मुकाबले नॉक आउट खेले जा रहे हैं। दिन का पहला मुकाबल पीपीके कॉलेज बुंडू और केसीबी कॉलेज बेड़ो के बीच खेल गया। जिसमें पीपीके कॉलेज ने निर्धारित 15 ओवर में 2 विकेट खोकर 112 रन बनाए। टीम की ओर से जय कुमार ने 53 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केसीबी कॉलेज 86 रन पर ढेर हो गई। पीपीके कॉलेज ने मुकाबले को 26 रनों से जीत लिया। दूसरा मुकाबला गोस्सनर कॉलेज और जेवियर कॉलेज के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जेवियर कॉलेज ने 10 विकेट खोकर 103 रन बनाए। गोस्सनर के शुभम ने 5 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोस्सनर कॉलेज ने 7।5 ओवर में बिना विकेट खोए 107 रन बनाकर जीत दर्ज की। गोस्सनर के मोतीलाल ने 60 रनों की पारी खेली। तीसरा मुकाबला एसएसएम कॉलेज और आरएलएसवाई कॉलेज के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसएसएम कॉलेज ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 185 रन बनाए। आशीष ने 56 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरएलएसवाई कॉलेज 8 विकेट खोकर 150 रन ही बना सकी। दिन का आखिरी मुकाबला डोरंडा कॉलेज और एसजीएम कॉलेज पंडरा के बीच खेला गया।

# अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाएं अधिकारी : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने जिले के अधिकारियो और पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समन्वय बनाकर अवैध खनन और परिवहन मार्गों पर कड़ी निगरानी रखें। समाहरणालय में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने गत एक माह के दौरान खनिज पदार्थों के अवैध खनन और परिवहन की रोकथाम की दिशा में अधिकारियों के जरिये की गई कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी, एमवीआई, सीओ एवं थाना प्रभारी को आपस में समन्वय स्थापित कर छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बालू घाट वाली पंचायत के गांवों में नियमित तौर पर विशेष ग्रामसभा का आयोजन कर ग्रामीणों को अवैध बालू उत्खनन के प्रति जागरूक करें। उन्होंने एमवीआई को निर्देश दिया गया कि अवैध परिवहन करने के आरोप में थाने में जब्त पड़े वाहनों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ हीं राजस्व जमा कराए बिना किसी भी परिस्थिति में पकड़े गए वाहनों को न छोड़ें। बैठक में उपायुक्त ने कैटेगरी 1 अंतर्गत पंचायत स्तर के पांच घाटों को सक्रिय करने एवं मुखिया सहित अन्य पंचायत स्तरीय जन प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित कराने को लेकर जिला खनन पदाधिकारी को निर्देशित किया। संचालित स्टॉक यार्ड से बालू प्राप्त करने को लेकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि खूंटी जिले में झारखंड राज्य खनिज विकास निगम के जरिये संचालित डोड़मा और पाण्डू बालू स्टॉक यार्ड से बालू की खरीद जा सकती है। छह निजी स्टॉक यार्ड की भी जानकारी दी गई। इनमें सोदे रानिया, बकसपुर जरियागढ़, एरमेरे तोरपा, सगेर्या अड़की, मेरोमबीर रनिया एवं तपकरा स्थित स्टॉक यार्ड शामिल है।

# झारखंड में कड़ाके की ठंड के बीच बदलेगा मौसम, बारिश की संभावना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में शीतलहरी और तेज हवाओं की वजह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मंगलवार को सुबह राजधानी रांची सहित अन्य जिलों में कोहरा छाया रहा। धीरे-धीरे मौसम साफ हुआ। गर्म कपड़े और अलाव तापने के बाद भी लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। राज्य में मौसम का मिजाज बदलेगा। 20 दिसंबर को पूर्वी सिंहभूम समेत चार जिलों में आंशिक बादल छाए रहेंगे और कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 09.0 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डाल्टनगंज का अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 23.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार 17 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा और बाद में आसमान साफ रहने की संभावना है। साथ ही 20 और 21 दिसम्बर को आंशिक रुप से बादल छाये रहेंगे। दक्षिणी-पूर्वी झारखंड में हल्के दर्जे की वर्षा की संभावना है। इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने मंगलवार को बताया कि झारखंडवासियों को अगामी दो-तीन दिनों में ठंड से थोड़ी राहत मिलेगी। न्यूनतम तापमान थोड़ा बढ़ता हुआ दिखेगा। हिमालय से ठड़ी हवा अब कम आ रही है। जो पारा गिरा हुआ था उसमें कमी देखने को मिलेगी। 17, 18 और 19 मौसम शुष्क रहेगा। 20 को हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश देखने को मिलेगा। 21 से कोहरा में बढ़ोत्तरी होगी।

## एक नजर

### आज सिद्धू कान्हू मैदान में होगा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़।** नगरिकों की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण के लिए झारखंड पुलिस की अनूठी पहल के तहत 18 दिसंबर को समय-11:00 बजे से 'सिद्धू कान्हू मैदान, रामगढ़ में' जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें रामगढ़ जिला के आम नागरिक उपस्थित होकर अपना शिकायत दर्ज करवा सकते है, जिसका निष्पादन त्वरित गति से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान ही किया जाएगा एवं ऐसे मामले जिनका निष्पादन कार्यक्रम के दौरान नहीं किया जा सकेगा उन्हें एक निर्धारित समय बताया जाएगा उस निर्धारित समय अवधि के अन्दर प्राप्त शिकायतों का निष्पादन किया जाएगा।

### दो बाइक की टक्कर में तीन घायल, दो गंभीर

**रामगढ़।** बरकाकाना ओपी क्षेत्र अंतर्गत गांधी मैदान के समीप दो बाइक की आपस में टक्कर हो गई. इसमें तीन लोग घायल हो गए. सभी घायलों को बरकाकाना पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से नई सराय अस्पताल भेजा गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में दो घायल सीसीएल कर्मी प्रमोद राणा और अनिल कुमार को बेहतर इलाज के लिए रांची मेदांता रेफर किया गया. जबकि एक घायल रवि सिंह का इलाज नई सराय में ही किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार रामगढ़ की ओर से आ रही स्कूटी संख्या जेएच 24 डी झ 9155 और घुटुवा से रामगढ़ जा रही बाइक संख्या जेएच 02 वी 8959 की आपस में जोरदार टक्कर हो गई. जिससे दोनों गाड़ियों में सवार व्यक्ति घायल होकर सड़क पर गिर गए. घटना की सूचना बरकाकाना ओपी प्रभारी उमा शंकर वर्मा को दी गई.

### पीवीयूएनएल टाउनशिप में फील्ड हॉस्टल का उद्घाटन

**रामगढ़।** रामगढ़ के पीवीयूएनएल टाउनशिप में नए फील्ड हॉस्टल की स्थापना की गई है. फील्ड हॉस्टल का उद्घाटन पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह व स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रीता सिंह ने संयुक्त रूप से किया. फील्ड हॉस्टल में कर्मचारियों के रहने के लिए कमरे, कैंटीन व कॉमन हॉल की व्यवस्था है. यह सुविधा कंपनी के कर्मचारियों व अतिथियों के लिए है. उद्घाटन समारोह में जीएम (ओएंडएम) देवदीप बोस, जीएम (मेंटेनेंस) मनीष क्षेत्रपाल व मानव संसाधन विभाग के प्रमुख जियाउर रहमान विशेष रूप से उपस्थित थे. सभी अधिकारियों ने इस नई सुविधा के महत्व को रेखांकित किया और कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं देने की कंपनी की प्रतिबद्धता दुहराई. सीईओ आरके सिंह ने कहा कि यह फील्ड हॉस्टल कंपनी के कर्मचारियों के लिए सकारात्मक कदम है।


ज्वाहर घाट


जरहिया डैम


चेरो सह नेहरू पाक


केवलिया डैम

### बरही के पिकनिक स्पॉट, जो दिसंबर से जनवरी तक पर्यटकों से रहते हैं गुलजार

# प्रकृति के मनोरम स्थलों से भरी पड़ी हैं झारखंड की सुंदर वादियां

**जयदीप कुमार सिन्हा**

बरही। क्रिसमस वर्ष की समाप्ति और नव वर्ष के उपलक्ष्य में टूर और पिकनिक के दौर प्रायः बढ़ जातें हैं. शिक्षण संस्थान हों या विभिन्न कम्युनिटी के लोग बीते वर्ष के गिले शिकवे को भूल नए साल को नई उमंग व उद्देश्य से पिकनिक या टूर पर निकल पड़ते है. ऐसे में बरही अनुमंडल के भी कई ऐसे स्पॉट हैं, जहां दिसंबर से जनवरी तक सैलानियों के आने का सिलसिला जारी रहता है. उनमें कुछ प्रसिद्ध स्थल इस प्रकार हैं : जवाहर घाट- बरही चौक से मात्र 2 किमी दूर राष्ट्रीय राजपथ बरही पटना रोड पर प्रकृति के मनोरम वादियों के बीच बसा यह क्षेत्र जहां सिर्फ स्थानीय ही नहीं सैलानियों की निगाहें भीं देखने के लिए बरबस रुक ही जाती है. ऊपर नीले गगन और नीचे कल कल बहती तिलैया डैम की कजल पानी के बीच में बसा नयनाभिराम पहाड़ी व घाटियों से एनएच 31 व रेलवे की पटरियों से गुजरते ही यात्रियों के मन में हिमाचल की ग्रीन वैली की यादें ताजा हों जाते है. जहां कई एल्बम सहित फिल्मों की भी शूटिंग हो चुके हैं. यह खुशी की बात है कि हाल ही के दिनो मे वर्तमान स्थानीय सांसद व विधायक के प्रयास से केंद्र सरकार ने इसे विकसित करने के लिए करोड़ों की राशि भी आवंटित किया है.

**चेचरो सह नेहरू पार्क :** बरही अनुमंडल और तिलैया डैम का किनारा और मनोहारी जंगलों के बीच अवस्थित यह क्षेत्र जहां पहुंचते ही सारे थकान दूर हो जाते हैं. अतीत में यह इस क्षेत्र में विदेशी मेहमानों का डेरा होता था. जिसे तिलैया बांध के निर्माण के बाद देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा लगा कर नेहरू पार्क के रूप में विकसित किया गया था. कोडरमा जिले के तिलैया डैम से स्टीमर या नाव से अथवा एनएच 2 स्थित बरही के डीएवी मोड़ अथवा नई टांड़ होते हुए प्रतिवर्ष लोग वन भोज का लुत्फ उठाने पहुंचते हैं.

**केवलिया डैम :** बरही हजारीबाग एनएच 33 से स्थित देवचंदा मोड़ से 9 किमी की दूरी पर स्थित यह क्षेत्र जहां झारखंड सरकार का पशुपालन प्रक्षेत्र, बिरसा बीज अनुसंधान केंद्र और केंद्र सरकार की दूसरी भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र अवस्थित है. 1980 के दशक में शुद्ध, ताजा और सस्ता दूध देने के लिए इंडिया के डेनमार्क के रूप में जाना जानेवाला गौरियाकरमा के मनोहारी गोद में बसा विशाल केवलिया डैम आज भी पिकनिक स्पॉट के लिए मशहूर माना जाता है. यहां की रेड सिंधी गायें मटर, मक्का, गाजड़ आदि जैसे ताजे फल खाते थे. ऑस्ट्रेलियन गाय, जिन्हे दिन रात पंखों के हवा के बीच मंहगी व गुलाबी नमक और पौष्टिकारक चारा मिलता था.

**जराहिया डैम :** जीटी रोड स्थित बसरिया ऊर्फ पंचमाधव पंचायत स्थित नयनाभिराम जंगलों के बीच स्थित यह विशाल डैम क्षेत्र पिकनिक के लिए महत्पूर्ण स्थान है. जहां दिसंबर से जनवरी तक लोगो को वनभोज का लुत्फ उठाते देखा जा सकता है. इस डैम से राज्य सरकार की वृहत सिंचाई योजना भी चल रहीं है. जिसके माध्यम से हरिला, जराहिया, करसो आदि विभिन्न गांव के किसानों को पटवन के लिएं लंबे क्षेत्र में नहर की व्यवस्था की गई है.

### उपायुक्त ने जिला स्तरीय साइकिल वितरण अनुमोदन व अनुश्रवण समिति के साथ की बैठक

# जल्द से जल्द साइकिलों का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय साइकिल वितरण अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी द्वारा बैठक में उपस्थित उपायुक्त, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम सहित समिति के अन्य सदस्यों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले के अलग-अलग प्रखंडों में स्थित विद्यालयों के विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाने वाली साइकिलों के संबंध में क्रमवार जानकारी दी गई। डीसी ने



*डीसी ने समिति से कहा है कि विद्यार्थियों के बीच शीघ्र साइकिल का वितरण कर उन्हें राहत दी जाए जो दूर दराज से आते हैं*

समिति से कहा है कि विद्यार्थियों के बीच शीघ्र साइकिल का वितरण कर उन्हें राहत दी जाए जो दूर दराज से आते हैं। इस दौरान उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024- 25 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग के तहत रामगढ़ प्रखंड में 880, चितरपुर प्रखंड में 483, दुलमी प्रखंड में 661, गोला प्रखंड में 2030, मांडू प्रखंड में 1601 एवं पतरातू प्रखंड में 1673 कल 7328(3643 छात्र व 3685 छात्राएं) साइकिलों का वितरण छात्र-छात्राओं के बीच किया जाना है। इस संबंध में उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त सहित समिति के सदस्यों के साथ चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराने के लिए अनुमोदन देते हुए जल्द से जल्द सभी साइकिलों का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# फरार अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने चिपकाया इश्तहार



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

मंगलवार को बरही थाना कांड संख्या 508/23 के फरार प्राथमिक अभियुक्त बरसोत निवासी नसरुद्दीन खान ऊर्फ नसरु पिता स्व सब्बार खान तथा कांड संख्या 1317/2017 के अभियुक्त दुलमहा निवासी मिथलेश यादव पिता नागेश्वर यादव ग्राम दुलमाहा के खिलाफ उनके आवास पर इश्तहार चिपकाया गया. उक्त जानकारी प्रेस बयान जारी कर इंस्पेक्ट सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि फरार अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है. उन्होंने स्पष्ट किया कि इस संबंध में वरीय अधिकारी के स्पष्ट निर्देश प्राप्त है. जिसका पूरी गंभीरता से पालन किया जा रहा है.

## न्यूज बॉक्स

### गुरूद्वारा गुरूसिंह सभा चुनाव कमेटी की बैठक आयोजित

**रामगढ़।** गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा रामगढ़ चुनाव कमेटी की बैठक सरदार नरेंद्र सिंह चमन की अध्यक्षता में 16 दिसंबर को संपन्न हुई। बैठक में कई निर्णय लिये गये। बताया गया की इस इस चुनाव में 412 मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे।प्रत्याशी जो चुनाव लड़ने में इच्छुक हैं वो 18 दिसंबर की शाम 7 से 8 बजे तक गुरुद्वारा ऑफिस से नामांकन पत्र प्राप्त कर सकते है। नामांकन पत्र को 19 दिसंबर को शाम 7 से 8 बजे तक गुरुद्वारा ऑफिस में जमा कर सकेंगे। नामांकन वापस लेने कि तिथि 20 दिसंबर की शाम 6:30 से 7:00 बजे है। प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह 20 दिसंबर को को दिया जायेगा और 25 दिसंबर को सुबह 9:00 बजे से संध्या 3:00 बजे तक मतदाता अपना मत का प्रयोग गुरुद्वारा परिशर में कर सकते है। उसी दिन चुनाव परिणाम कि घोषणा भी कर दी जाएगी। चुनाव समिति ने सभी मतदाताओं एवं सिख समाज से अनुरोध है कि शहीदी सप्ताह को देखते हुए चुनाव वाले दिन किसी भी तरह कि नारेबाजी, मिठाईयां एवं किसी भी तरह का उत्सव नही मनाएंगे।

### मुखिया ललिता देवी ने स्कूली बच्चों के बीच किया साइकिल वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेलकप्पी पंचायत मुखिया ललिता देवी ने 42 छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। वितरण राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ासिंगा में किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की यह बेहतर योजना है।साइकिल मिलने से बच्चे सही समय पर अपने विद्यालय पहुंच सकेंगे। इस दौरान उन्होंने छात्रों को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर झारखंड आंदोलन कारी धीरेंद्र पांडेय,विद्यालय के सभी शिक्षक, अभिभावक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### कोचिंग सेंटर की ओर से छात्र-छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो देवी मंडप के समीप जीनियस कोचिंग सेंटर की ओर से विगत रविवार को प्रशिक्षण केंद्र संचालक विकास कु. वर्णवाल उर्फ विकास सर की ओर से पढ़ रहे छात्र-छात्राओं की मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए झारखंड की राजधानी रांची में तारामंडल, मछली घर, तितली पार्क को शैक्षणिक भ्रमण कर दिखाया गया। कोचिंग संचालक विकास सर ने बच्चों को भ्रमण स्थलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बच्चों ने उक्त स्थलों का भ्रमण कर मनोरंजन का लुत्फ उठाया।शैक्षणिक भ्रमण के दौरान लक्ष्मी कुमारी, पूजा, आदित्य कुमार, मधु कुमारी, अदिति कुमारी, पायल कुमारी, निरंजन कुमार, रवि कुमार, प्रियांशु कुमारी, प्रीति कुमारी, मोहन कुमार, बसंत कुमार, स्वीटी कुमारी, शारदा कुमारी, अनीश कुमार, खुशी कुमारी, आयुष कुमार, आस्था कुमारी, श्रृष्टि कुमारी, नीतू, अलका, आर्यन, तेजल, सूरज, आनंद, सोनम समेत अन्य कई छात्र छात्राए शामिल थे।

### इनकम टैक्स पर एकदिवसीय सेमिनार का हुआ आयोजन

**रामगढ़।** आयकर विभाग, टी.डी.एस वार्ड, बोकारो द्वारा टी.डी.एस/टी.सी.एस पर सेमिनार, समाहरणालय रामगढ़ सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें श दीपक कुमार, आयकर अधिकारी, टी.डी.एस वार्ड, बोकारो, द्वारा टी.डी.एस/टी.सी.एस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित सभी डी.डी.ओ./ कटौतीकताओं को सही दर से टी.डी.एस काटने, काटे गए टीडीएस की राशि को सरकारी खाते में सही समय पर जमा करने और नियत तिथि पर त्रैमासिक स्टेटमेंट फाइल करने का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी बताया कि गलत जानकारी देने के कारण व्यक्ति या फर्म का कटा गया टीडीएस उनके फॉर्म 26 एएस में परिलक्षित नहीं होता है, जिससे उन्हें अपना आयकर विवरणी दाखिल करने में परेशानी होती है साथ ही उनके ऊपर आयकर का बकाया भी हो जाता हैं। जबकि उनका टैक्स डेडक्टर द्वारा पहले से ही काटकर भुगतान किया जाता हैं। सेमिनार में टी.डी.एस/टी.सी.एस के नये प्रावधानों के अतिरक्त कर कटौती नहीं करने एवं जमा नहीं करने पर पेनाल्टी और अभियोजन के प्रावधानों पर भी विस्तार से चर्चा की गयी। साथ ही फॉर्म 12 बीबी के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया, जिसके अंतर्गत उन सभी वेतनभोगी/कर्मचारियों के लिए अनिवार्य है जो वित्तीय वर्ष के दौरान किये गए निवेश या खर्च पर कर की कटौती का दावा करना चाहते हैं।

### यूथ विंग ने थैलेसीमिया से पीड़ित बालक के लिए उपलब्ध करवाया रक्त

# संगठन हमेशा से जरूरतमंदों की सेवा के लिए समर्पित रहा है : चंद्र प्रकाश



**25वीं बार रक्तदान कर मोहम्मद ताजुद्दीन ने पेश की मानवता की मिसाल**

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए हजारीबाग यूथ विंग ने एक बार फिर जरूरतमंद परिवार को संकट की घड़ी में राहत पहुंचाई है। कटकमदाग प्रखंड के कुसुंभा निवासी दशरथ यादव के सात वर्षीय सुपुत्र राजकुमार, जो गंभीर बीमारी थैलेसीमिया से पीड़ित हैं, जिनको रक्त की अत्यंत आवश्यकता पड़ी। राजकुमार के परिजनों ने रक्त की आवश्यकता को देखते हुए कई अस्पतालों और ब्लड बैंक का दौरा किया, लेकिन कहीं भी रक्त उपलब्ध नहीं हो सका। इस मुश्किल परिस्थिति में परिजनों ने हजारीबाग यूथ विंग से संपर्क किया। जैसे ही यह सूचना संगठन को मिली, संगठन के सदस्यों ने तुरंत सक्रिय होकर रक्तदान की व्यवस्था सुनिश्चित की। रक्तदान की इस मुहिम में संस्था के कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद ताजुद्दीन ने आगे आकर राजकुमार के लिए रक्तदान किया। मोहम्मद ताजुद्दीन अब तक 25 बार रक्तदान कर चुके हैं और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गए हैं।

### पंचायत समिति की बैठक संपन्न, पीएचईडी व बिजली विभाग को कारण पृच्छा

# प्रखंड स्तरीय कमिटी निर्गत अबुआ आवास के लाभुकों की पात्रता की करेगी जांच : प्रमुख

*फसल बीमा योजना सहित बीज वितरण और धान अधिप्राप्ति केंद्र की जानकारी दी*



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

प्रमुख मनोज कुमार रजक की अध्यक्षता और बीडीओ जयपाल महतो की उपस्थिति में प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की बैठक संपन्न हुई. बैठक का प्रारंभ नए पदाधिकारियों व कर्मियों के परिचय व पूर्व के प्रस्तावों के समीक्षा के साथ हुई. बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल कल्याण, राजस्व, कृषि व पशुपालन, सिंचाई, मनरेगा, आवास, जेएसएलपीएस, आपूर्ति आदि विभाग के प्रतिनिधि/ पदाधिकारी सहित पंचायत सेवक, कर्मचारी आदि मौजूद रहे. बैठक में उपस्थित पंचायत सेवकों ने मंईयां सम्मान योजना के अपलोडेड डाटा की जानकारी दिया. कृषि विभाग ने केसीसी ऋण माफी योजना, फ्रॉड कॉल से बचने की अपील, फसल बीमा योजना सहित बीज वितरण और धान अधिप्राप्ति केंद्र की जानकारी दी. स्वास्थ्य विभाग की ओर से डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने 100 दिन यक्ष्मा कार्यक्रम सहित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओ की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पद्मा और बरही प्रखंड में टीबी के अब तक कुल 2480 जांच हुई है, जिसमें 186 संक्रमित पाए गए इनमें 164 पूरी तरह स्वस्थ्य हो चुके हैं. करसो, रसोईया धमना, बिजैया आदि कई पंचायत यक्ष्मा मुक्त हैं. मिट्टी मोरम कार्य को मनरेगा के तहत कार्य करने की बात कही गई. साथ ही कार्य में गति और जांचोपरांत भुगतान करने का निर्देश दिया गया. अस्पताल कर्मियों के साथ पंसस सदस्यों की बैठक, आंधी के कारण भंडारों में गिरे सात बिजली खंभों की मरम्मती, खेरौन्न आदि संबंधित कई निर्णय लिए गए.

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद की हुई बैठक, कहा

# पर्यटन स्थलों का निरीक्षण कर उन्हें बढ़ावा दें अधिकारी

*टुटी झरना मंदिर तक पहुंच पथ निर्माण को लेकर डीपीआर तैयार करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक बड़कागांव रोशन लाल चौधरी, विधायक मांडू निर्मल महतो, सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र राजीव जायसवाल सहित अन्य बैठक में उपस्थित हुए। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला पर्यटन पदाधिकारी मारकस हेमरोम के द्वारा जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई जिसके उपरांत पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से रामगढ़ जिला अंतर्गत पूर्व से अधिसूचित पर्यटन स्थलों यथा रजरप्पा, पतरातु लेक रेसोर्ट, महामाया मंदिर मायाटुंगरी, प्राचीन शिव मंदिर कैथा, भैरवी जलाशय टुटी झरना, पलानी झरना, निम्मी झरना एवं मां पंचवाहिनी मंदिर पतरातू के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा पूर्व से अधिसूचित पर्यटन स्थलों पर साफ सफाई, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। वहीं, टुटी झरना मंदिर तक पहुंच पथ निर्माण को लेकर डीपीआर तैयार करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया। मौके पर उपयुक्त ने पर्यटन स्थलों के सुचारू रूप से संचालन को लेकर पर्यटन स्थलवार पर्यटन संवर्धन समितियों का गठन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित विधायकों, सांसद प्रतिनिधि जिला स्तरीय अधिकारियों आदि को जिले में पर्यटन संभावित स्थलों से संबंधित प्रस्ताव उपलब्ध कराने बात कही। बैठक के दौरान नए पर्यटन स्थलों को चिन्हित करने को लेकर श्री राम जानकी पार्क सौंदा पतरातू, श्री चैतन्य महाप्रभु मंदिर कुज्जू मांडू, पोना पर्वत धाम बड़कीपोना चितरपुर, धारा वॉटरफॉल खाखरा गोला पर चर्चा के क्रम में उपायुक्त द्वारा स्थलों के सौंदरीकरण, स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान बड़कागांव विधायक द्वारा पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातू डैम, पलानी झरना सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर साफ सफाई व सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई।

# सड़क दुर्घटना में महिला की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ बोकारो मार्ग एनएच 23 महतो फ्यूल के समीप मंगलवार को सड़क दुर्घटना में एक 50 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महिला अपने दामाद के साथ पिता के दशकर्म से वापस लौट रही थी। उसी क्रम में कोठार महतो फ्यूल के निकट नशे में धूत ट्रक चालक ने महिला को रौंद दिया। घटना के बाद चालक भागने लगा। जिसे स्थानीय लोगों ने पीछा कर पकड़ा। इसके उपरांत घटना स्थल पहुंची रामगढ़ थाना पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया। मृतक महिला की पहचान दिगवार निवासी दुलिया देवी के रूप में हुई। वह जैनामोड़ से अपने दामाद मनोज महतो के साथ बाइक से वापस आ रही थी। वह पिता के दशकर्म में शामिल होने गयी थी। बताया जाता है कि जब महिला बाइक से वापस आ रही थी उसी दौरान ट्रक ने बाइक को चपेट में ले लिया। इसमें महिला सडक पर गिर पड़ी। जिसे रौंदते हुए ट्रक आगे निकला। दुर्घटना में महिला की मौके पर मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। पुलिस द्वारा लोगों को समझाने के बाद सड़क जाम समाप्त हुआ।

### धर्म रक्षार्थ निधि संचय को लेकर विहिप ने की बैठक

# विहिप सनातन की रक्षा के लिए संघर्षरत व संकल्पित है : प्रवीण

*सभी सनातनियों से सनातन के विकास और रक्षा के लिए मुक्त हस्त से निधि संग्रह में सहयोग करने की अपील किया*



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केशरी की अध्यक्षता व प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर के संचालन में विहिप कार्यकर्ताओं ने एक बैठक की. जिसका मुख्य उद्देश्य धर्म रक्षार्थ निधि संग्रह करना था. बैठक में मुख्य रूप से विभाग समरसता प्रमुख प्रवीण चंद्र एवं जिला सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता शामिल हुए. उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री चंद्रा ने कहा कि सनातन की रक्षा के लिए विहिप प्रारंभ से ही संघर्षरत और संकल्पित है. जो बगैर सामाजिक सहयोग के असंभव है. उन्होंने कहा कि विहिप धर्म के रक्षार्थ वर्ष में एक बार निधि का संग्रह करती है. जिसका उपयोग चिकित्सालय, विद्यालय इत्यादि जैसे समाजिक कार्यों में किए जाते हैं. इसके साथ ही विविध प्रकार के धर्म से संबंधित कानूनी मामलों में भी इस राशि का उपयोग किया जाता है. उन्होंने सभी सनातनियों से सनातन के विकास और रक्षा के लिए मुक्त हस्त से निधि संग्रह में सहयोग करने की अपील की गयी. जिला सह मंत्री श्री गुप्ता ने कहा कि लाखों रामभक्तों के बलिदान और निरंतर संघर्ष के बाद हमने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कर अपने शौर्य का परिचय दिया है. सनातन संस्कृति ही पूरे विश्व के कल्याण की बात करता है. सनांतन के बढ़ते शौर्य और साहस को संजोने की जरूरत है. बैठक में जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, जिला गौ रक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता, मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव, कैलाश ठाकुर, प्रदीप चंद्रवंशी, जयप्रकाश प्रजापति, विवेक कुमार सिंह, नौरंगीलाल, नारायण यादव, शंकर कुमार, रणजीत पंडित, सुरेंद्र यादव,मनोज कुमार यादव, केदार यादव, मनोज कुमार सिंह, महेंद्र पासवान, सुधांशु चंद्रवंशी, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, रंजीत कुमार यादव, दिनेश कुमार राणा, वीणा उरांव आदि कई लोग मौजूद थे.

### डीसी की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा

# योजनाओं में लापरवाही देखते हुए कर्मियों पर शो-कोज एवं विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय में मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में मनरेगा, आवास एवं पंचायत राज विभाग से संबंधित योजनाओं की अधतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।इस दौरान अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, पीएमजनमन, मनरेगा, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन, बिरसा हरित ग्राम तथा पंचायती राज में 15वें वित्त आदि की समीक्षा की।उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए ग्राम विकास से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। अधिक से अधिक लोगों को योजना से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराएं। विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में मानव दिवस सृजन में अपेक्षित प्रगति नहीं पाये जाने पर सभी बीडीओ, बीपीओ को शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति का निदेश दिया। प्रतिदिन कम से कम 5 योजना प्रत्येक गांव में संचालित किए जाने, सभी पंचायतों में मानव बल को रोजगार उपलब्ध कराने की बात कहीं। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2016-17, 2017-18 एवं 2020-21 तक की पुरानी योजना को प्राथमिकता के साथ एमआईएस पोर्टल में एंट्री करते हुए बंद करने का निदेश दिया. साथ ही रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन से संबंधित लंबित मामलों का ससमय क्लियर कराने की बात कहीं. 75 फीसदी से ऊपर व्यय वाली योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने, भौतिक रूप से पूर्ण योजना में यदि सामग्री मद में राशि के कारण योजना पूर्ण नहीं की जा सकी हैं, तो संबंधित विपत्रों की एमआईएस में इंट्री करते हुए योजना को पूर्ण करने की बात कहीं। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में अंशदान जमा वाले लाभुकों के शेड निर्माण हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई तथा सभी पंचायतों में योजना अभिलेख एवं 7 रजिस्टर अनिवार्य रूप से अपडेट करने का निदेश दिया. उपायुक्त ने आवास योजना की समीक्षा में कहा कि वैसे लाभुक जो आवास निर्माण कार्य में शिथिलता बरत रहे हैं, स्थल निरीक्षण कर प्रगति लायें. प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं बीपीओ क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं की मॉनिटरिंग करें. वित्तीय वर्ष 2023-24 में अबुआ आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत सभी आवासों का ससमय निर्माण कार्य को पूर्ण करने की बात कहीं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अबुआ आवास योजना अंतर्गत लक्ष्य के आलोक में अबतक लाभुकों का स्वीकृति समीक्षा किया गया। तथा लक्ष्य के अनुरूप जो गेप उसे नये लाभुकों का चयन कर लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही स्वीकृत लाभुकों को यथाशीघ्र प्रथम क़िस्त राशि भुगतान करें। जिस लाभुक को प्रथम क़िस्त की राशि भुगतान किया गया उसका वेरीफाई करते हुए द्वितीय किस्त की राशि का भी भुगतान करें।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016-2022 में स्वीकृत आवासों के विरूद्ध अद्यतन तिथि तक लंबित प्रखंडवार लाभुकों का आवास पूर्ण करने हेतु लाभुकों को नोटिस निर्गत करने के साथ निरंतर समीक्षा करते हुए यथाशीघ्र आवासों को पूर्ण कराने का निदेश दिया।इसके अलावा वैसे कर्मी जिनके द्वारा उक्त योजनाओं में लापरवाही बरती गई है, उन्हें शो-कोज करने एवं विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिया गया।पंचायती राज की समीक्षा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रायोरिटी योजना का चयन कर धरातल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की बात कहीं। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीओ, एई, जेई बैठक में उपस्थित थे।

## स्कूल की 100 मीटर परिधि में पान गुटखा सिगरेट बिक्री पर लगाएं रोक : डीसी




**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एनसीओआरडी की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिले में अवैध रूप से नशीले पदार्थों पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों के बाहर छोटे दुकानों के लगाने जिनके द्वारा नशीले पदार्थों के बिक्री करने की संभावना है वाले दुकानों को वहां से शिफ्ट करवाने का निर्देश दिया। विद्यालय के बाहर या 100 मीटर परीधि के आस पास गुटखा, पान, सिगरेट आदि की बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को किसी नशीले पदार्थों का लत न लगे इसके लिए नियमित जांच एवं आवश्यक छापेमारी करने की बात कहीं। इसके अलावा उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा गंजा जप्त किया, तस्कर पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त महोदय ने प्रति दिन उड़ीसा जाने वाले बसों जांच करने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उत्पाद अधिक्षक सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# वाहन चेकिंग अभियान में परिवहन विभाग ने वसूला 86 हजार का जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**



**बोलबा।** डीसी अजय कुमार सिंह एवं एसपी सौरभ कुमार के निर्देश पर जिले में स्पेशल ड्राइव के तहत सघन रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।जिसके तहत मंगलवार को परिवहन विभाग के द्वारा एमवीआई प्रकाश रंजन के नेतृत्व में बोलबा के समशेरा मोड़, बाजारटटांड़ इत्यादि जगहों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सभी दो पहिया, चार पहिया एवं बड़े वाहनों के कागजातों की सघनता पूर्वक जांच की गई। जांच के दौरान जिन वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए उनसे जुर्माना वसूला गया। वहीं दो पहिया वाहन चालक जो बिना हेलमेट एवं ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाते पकड़े गए उनसे भी जुर्माना वसूला गया। मंगलवार को चले इस चेकिंग अभियान में कुल 29 वाहनों से 86,450रुपये का जुर्माना वसूला गया।चेकिंग अभियान के दौरान एमवीआई प्रकाश रंजन,बोलबा अंचल अधिकारी, परिवहन विभाग के कर्मी सिद्धार्थ राज,राजेश कुमार एवं सहस्त्र बल उपस्थित थे।

# उपायुक्त के निर्देश पर टिकरा पहुंची 20 विभागों की टीम

**पेयजल ने कहा**
- जनवरी के अंत तक गांव में पेयजल समस्या करेंगे दूर

**नवीन मेल संवाददाता**



**जलडेगा।** प्रखंड के टिनगीना पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती गांव टिकरा में जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार एवं सीओ शम्भु राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके पश्चात ग्रामीणों द्वारा पारम्परिक रूप से अतिथियों का स्वागत किया गया। जनता दरबार कार्यक्रम में प्रखंड स्तरीय सभी विभागों के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं प्रखंड के जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर टिकरा गांव की पीपी पापसमस्याओं को सुना एवं उसे निश्चित समयावधि में दूर करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों के कुल 207 आवेदन प्राप्त हुए। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय नवीन मेल में प्रकाशित हुआ था कि टिकरा गांव में पेयजल की गंभीर समस्या के कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाई होती है एवं लोग नदी के दूषित पानी पीते हैं। मामला जिला स्तर तक जाने के बाद उपायुक्त सिमडेगा के निर्देश पर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण हेतु जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पेयजल विभाग के प्रतिनिधि के द्वारा बताया गया कि जनवरी के अंत तक टिकरा गांव के विभिन्न टोलों में पेयजल की समस्या को दूर कर दिया जाएगा। वर्तमान में कई टोलों में बोरिंग गाड़ी नहीं पहुंच पाएगी, जिसमें कुछ समय लगेगा। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा टीवी का सौ दिवसीय उन्मूलन संबंधी कार्यक्रम की जानकारी दिया गया साथ ही मुफ्त बीपी एवं शुगर का जांच किया गया एवं दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं मनरेगा, आवास पशुपालन विभाग, जलडेगा थाना, अंचल, बाल विकास परियोजना कार्यालय, उद्योग विभाग सहित कई अन्य विभागों का स्टॉल लगाया गया। सभी विभागों से संबंधित पदाधिकारी के द्वारा उनके विभाग में संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, जलडेगा अंचलधिकारी शम्भु राम, जिला परिषद सदस्य रोजालिया शांता कंडुलना, टिनगिना मुखिया कल्याण गुड़िया, विधायक प्रतिनिधि, कोनमेरला और टिकरा के ग्रामीण इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

**खबर का असर**


जलडेगा के टिकरा में जल संकट
प्रशासनिक उदासीनता के कारण नदी का पानी पीने को मजबूर हैं लोग
सरकार आपके द्वार में आवेदन दिया नहीं बना राशन कार्ड, कम अनाज देने का भी आरोप
गांव में 8 चापाकल और 6 जलमीनार खराब छह टोलों में अभी तक नहीं पहुंची बिजली

# पुल निर्माण कार्य का विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**



**ठेठईटांगर।** विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार विधायक बने नमन विक्सल कोनगाड़ी जनता के विकास कार्य में जुट गए है। मंगलवार को ठेठईटांगर प्रखंड के पंडरीपानी में लंबे अरसे से ग्रामीणों की पुल निर्माण की मांग को पूर्ण करते हुए निर्माण हेतु शिलान्यास किया। इस दौरान शिलापट्ट का अनावरण किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस उम्मीद और भरोसा से जनता ने उन्हें विधानसभा चुनाव में पुनः जीताकर विधायक बनाया है उसे पूरा करने का वह हर संभव प्रयास करेंगे। क्षेत्र का विकास हो और ग्रामीणों की समस्या दूर हो इसके लिए वे हमेशा तत्तपर रहेंगे। साथ ही कहा कि विकास कार्य के तहत जो भी योजना उनसे संभव होगी वे अपने मद से करने का कार्य करेंगे। वही जो बड़ी योजना होगी उसे सम्बंधित विभाग से जिला और राज्य स्तर से पूरा कराने का कार्य करेंगे। वही उन्होंने कार्य कराने वाले संवेदक व विभाग के कर्मियों को भी निर्माण कार्य मे गुणवत्ता और बेहतर सामग्री का उपयोग करने की हिदायत दी।मौके उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि समी आलम, रावेल लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, जॉनसन डांग, प्रमुख बिपिन मिंज, बांसजोर जिला परिषद समरोम टोपनो, जमीर खान, फ्रांसिस बिलुंग, वारिस रजा, जॉन लकड़ा, सुकवन जोजो, सुनील जोजो, रेने टेटे, जमीर हसन,बीरबल बड़ाइक,कय्युम आलम,बांसजोर प्रभारी अमित डुंगडुंग एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# ठेठईटांगर प्रखंड में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने निकाला आभार यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**



**ठेठईटांगर।** कोलेबिरा विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के साथ लगातार तीसरी बार विधायक बने नमन बिक्सल कोनगाड़ी का कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को ठेठईटांगर प्रखंड मुख्यालय में आभार यात्रा सह विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस सह आभार यात्रा का शुरुआत ठेठईटांगर थाना मोड़ के समीप से पटाखें फोड़कर आतिशबाजी के साथ किया गया। इस दौरान विधायक विक्सल कोनगाड़ी ने वाहन पर सवार न होकर फूल माला से लदे पैदल चलकर लोगों को उनके द्वारा विधानसभा चुनाव में दिए प्रचंड जीत के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। यात्रा मुख्य चौक, मस्जिद मुहल्ला होते हुए गरगरझारिया पुल के समीप से वापस होकर पुनः ठेठईटांगर मुख्य चौक पहुंची, जहां ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए विधायक विक्सल कोनगाड़ी कहा कि हमारी सेवा भावना को देखते हुए जनता ने उन्हें फिर से विधायक बनाकर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व तथा सेवा करने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में उनके कार्यकाल में विकास की गंगा बही है और अब फिर से वह जारी रहेगा। हमारी सरकार ने माइयां योजना की राशि को बढ़ाया है, अब 2500 रुपया मिलेंगे। बिजली बिल माफी और 200 यूनिट मुफ्त बिजली के अलावा गरीबों को मिलने वाली अनाज 5 केजी प्रति यूनिट के स्थान पर 7 केजी मिलेंगे। अनाजों के हेराफेरी रोकने के लिए जनवरी माह से वे व उनजे कार्यकर्ता गोदामों से दिए जाने वाले अनाजों के तौल की जांच करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनने के लिए ठेठईटांगर क्षेत्र को तीन जॉन में बांटा है, जिसमे 2-3 माह में 1 दिन वे बैठकर लोगों की समस्याओं को सुनकर उसे दूर करने का कार्य करेंगे। इसके अलावा माह के 1 दिन कार्यदिवस को वे प्रखंड मुख्यालय में उपलब्ध होंगे जिसमे आम लोग प्रखंड, अंचल, थाना आदि से जुड़ी अपनी समस्याओं को उनके पास रख सकेंगे।आभार यात्रा के दौरान मौके पर विधायक कोनगाड़ी के साथ विधायक प्रतिनिधि समी आलम, रावेल लकड़ा, अशफाक आलम, जॉनसन डांग, प्रमुख बिपिन मिंज, बांसजोर जिला परिषद समरोम टोपनो, जमीर खान, फ्रांसिस बिलुंग, वारिस रजा,मंडल अध्यक्ष जॉन लकड़ा सहित सैकड़ों की सँख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में तीन दिवसीय गैदरिंग का हुआ भव्य उदघाटन

# मनुष्य अध्यात्मिक शक्ति से भरकर अपने जीवन का संचालन करें : विशप विसेंट बरवा





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में तीन दिनी क्रिसमस गैदरिंग सह मेला का भव्य उदघाटन मंगलवार की शाम हुआ। ऑल चर्चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन हो रहा है। गैदरिंग का उदघाटन मुख्य रुप में उपस्थित सिमडेगा धर्म प्रांत के अध्यक्ष विशप विसेंट बरवा एव सिमडेगा सीओ इम्तियाज अहमद के द्वारा क्रिसमस केक एव रिबन काटकर किया गया। मौके पर विशप विसेंट बरवा ने चरनी में आशिष जल का छिड़काव भी किया। इसके बाद गैदरिंग के संस्थापक पूर्व विधायक स्व नियेल तिर्की के तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।मौके पर अपने संदेश में विशप विसेंट बरवा ने कहा कि क्रिसमस का पर्व मानव जाति के लिए प्रेम का संदेश देता है। कहा कि मनुष्य अध्यात्मिक शक्ति से भरकर अपने जीवन का संचालन करें, जो दूसरों के कल्याण के लिए शांति के लिए और अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए सहायक होता है। प्रभु खीस्त ने यह सिद्ध कर दिया कि मानव जीवन कितना सुंदर है और यही सुंदरता हर व्यक्ति अपने जन्म में ईश्वर के द्वारा प्राप्त करता है। उदघाटन के बाद ख्रिस्तीयस कैरॉल की प्रस्तुति की गई। वहीं संध्या सात बजे से कई सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। वहीं इसके अलावा मेले की भी शुरुआत हुई जहां पर दूर-दूर से बिजली झूला ब्रेक डांस, टोरा टोरा, ड्रैगन नाव, सहित अलग-अलग प्रकार के मनोरंजन के साधन की भी शुरुआत हुई ।साथ ही अलग-अलग प्रकार के दुकान भी लगे हैं, जहां पर लोगों ने दुकानों में बनाए जा रहे स्वादिष्ट व्यंजन एवं पकवान का आनंद लिया । शिशिर मिंज, जोनसन मिंज, विशाल तिर्की, पतरस एक्का, दिलीप तिर्की, शीतल एक्का, अ, दानिएल लकड़ा, वरदान लकड़ा, नवीन विरेन तिर्की, अगाथा तिर्की, अंजली रानी, सैम सोरेंग आदि गैदरिंग को सफल बनाने में लगे हुए हैं। बताया गया कि 19 दिसंबर को राज्य के प्रसिद्ध नागपुरी कलाकार पवन, प्रीतम, सुमन गुप्ता, अर्जुन लकड़ा, सत्या महतो अपनी गीतों से लोगों को रात भर झुमाएंगे।

# पेंशनर समाज सिमडेगा ने मनाया पेंशनर दिवस सह क्रिसमस मिलन समारोह

**सिमडेगा।** पेंशनर समाज जिला इकाई के द्वारा मंगलवार को पेंशनर दिवस सह क्रिसमस मिलन समारोह मनाया गया। इग्नेस तिर्की की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में मुख्य रुप जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मक्सिमा लकड़ा उपस्थित थी। उन्होंने सभी पेंशनरों को पेंशनर दिवस और क्रिसमस की शुभकामना दी गई। मौके पर समाज के अध्यक्ष इग्नेस तिर्की ने कहा कि 17 दिसम्बर पेंशनरो के लिए विशेष दिन है। इसी दिन माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा पेंशनरो के हित में फैसला सुनाया गया था। मौके पर सचिव रामकैलाश राम ने कहा कि न्यायालय ने 17 दिसम्बर 1982 को पेंशन से वर्गीकरण को हटाकर पेंशनरों के हित में फैसला सुनाया था। मौके पर उपस्थित पेंशनरों को क्रिसमस की भी शुभकामना देते हुए प्रभु यीशु के प्रेम के संदेश पर आत्मसात करने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि पेंशन पेंशनधारियों का अधिकार है।

## न्यूज बॉक्स

### सिमडेगा की सडकों पर गुंजा प्रभु यीशु का संदेश, रंगारंग हुआ क्रिसमस का आगाज



**सिमडेगा।** सिमडेगा में दिसंबर का माह गुलाबी ठंडक के एहसास के साथ प्रभु यीशु के गुणगान के लिए समर्पित है। दिसंबर की शुरूआत से हीं सिमडेगा में क्रिसमस का रंग चढने लगता है। पुरा वातावरण यीशुमय हो जाता है। सिमडेगा की सडकों पर मंगलवार को शानदार क्रिसमस कार्निवाल शोभायात्रा के साथ यीशु के संदेश और कैरोल की मधुर संगीत से यीशुमय हो गया ।कार्निवल का अर्थ है उत्सव का मौसम ऐसे में गीत संगीत और प्रभु की भक्ति का समागम सबकुछ छोड़कर लोगों को प्रभु की शरण में ले आता है।आदिवासी बहुल सिमडेगा में क्रिसमस का रंग चढ गया है। तीन दिवसीय शानदार क्रिसमस गैदरिंग का आगाज मंगलवार को रंगारंग भव्य कार्निवल के साथ हुआ। इस कार्निवल में प्रभु यीशु के जीवन को प्रस्तुत करती सुंदर झांकियां निकाली गई। जिसमें लाइव कैरोल पर लोग झुमते रहे। सीसीवाईए और क्रिसमस कार्निवाल कमेटी के द्वारा कार्निवाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसकी अगुवाई फादर किशोर एक्का, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, पूर्व विधायक बसंत लोंगा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की और इंटक नेता दिलीप तिर्की किए। फादर किशोर एक्का द्वारा आशीष प्रार्थना के बाद विधिवत क्रिसमस गैदरिंग और कार्निवल की घोषणा की गई। उसके बाद क्रिसमस कार्निवाल शोभायात्रा एवं लाइव कैरोल का शुभारंभ किया ।कार्निवल शोभायात्रा शहर के अलबर्ट एक्का स्टेडियम से शुरू होकर झुलन सिंह चौक से, प्रिंस चौक से नीचे बाजार पेट्रोल पंप तक आई। फिर वहां से वापस अलबर्ट एक्का स्टेडियम पंहुची। शोभायात्रा में येसु चरनी की झांकी एवं क्रिसमस कैरोल द्वारा लोगों को संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इस क्रिसमस में युवाओं को प्रभु यीशु के प्रति उनके प्रेम में बढ़ाने और संगठित होना है।

### बानो थाना की पुलिस ने चलाया गोर्रा के पास सघन वाहन जांच

**बानो।** सिमडेगा एसपी के निर्देश में चलाए जा रहे वाहन जांच अभियान के तहत मंगलवार को बानो पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के गोर्रा के पास एनएच 320जी मे वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान सिम्भूम्म व उड़ीसा की ओर से आने जाने वाहनों का गहनता से जांच की गई। दो पहिया वाहन चालकों के हेलमेट के साथ साथ गाड़ी के कागजात देखे गए। एसआई जितेंद्र प्रसाद वर्मा ने बताया कि दो पहिया वाहनों के साथ साथ चार पहिया वाहनों की भी जांच की गई ।गाड़ी में सीट बेल्ट लगाने ,तेज गति से नही चलने व नशा पान कर वाहन नहीं चलाने का सख्त निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि सिमडेगा एसपी के निर्देश पर पूरे जिले में वाहन जांच अभियान चलाई जा रही है। वाहन चालक आवश्यक सावधानी बरतें ।मौके पर पुलिस के जवान मौजूद थे।

### कोलेबिरा प्रखंड सभागार में तीन प्रखंड के मुखियाओं का हुआ कार्यशाला

**कोलेबिरा।** प्रखंड सभागार कोलेबिरा में कोलेबिरा,जलडेगा, बानो पंचायत के मुखियाओं का कार्यशाला आयोजित कर विभिन्न विषय जैसे शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोर दिया ।कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्षा रोस प्रतिमा सोरेंग उपस्थित रही मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सिमडेगा जिला विकास की ओर अग्रसर है इसे और भी ज्यादा बेहतर करने की आवश्यकता है ।उन्होंने कहा सभी मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों से की अपील सभी आमजनों के साथ मिलकर कार्य करे ।वही विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख दूतामी हेंब्रोम ने कहा सभी मुखिया अपने अपने पंचायत को जीरो ड्रॉपआउट घोषित करने में सहयोग करे वही ग्राम पंचायत समिति के माध्यम से मिलकर शिक्षा और स्वास्थ्य पर पुरजोर कार्य करने पर जोर दिया ।कार्यक्रम का संचालन कर रहे विकाश शर्मा ने बताया कि पंचायत में युवाओं कि भागीदारी सुनिश्चित करके पंचायत के विकास की गति को बढ़ावा दे एवं मोहल्ला क्लास के माध्यम से पंचायत के बच्चों का अधिगम स्तर बढ़ाया जा सके ।बताया गया कि मुखिया कार्यशाला आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य मुखियाओं से मिलकर और उनके द्वारा युवाओं को आगे लाकर समाज में योगदान देकर शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे विभिन्न विषयों पर विकाश के साथ पंचायतों का स्वर्गीन विकास करना है ।इस मौके पर प्रोग्राम लीडर सोमेन साव एवं अमित चतुर्वेदी गांधी फेलो रितेश मिश्रा,शैली, वृंदा,तनु, युवा नेतृत्वकर्ता गोपाल कुमार,अंकित आदर्श,सत्यम,रेशम,प्रियंका, ऋषिका सहित तीनों प्रखंड के मुखिया उपस्थित थे।

### मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं के संचालन को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



**कुरडेग।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को मनरेगा अन्तर्गत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु मुखिया,ग्राम पंचायत सचिव एवं पंचायत स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।कार्यक्रम में प्रखंड के आठ पंचायतों के मुखिया,पंचायत सचिव व तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हुए ।प्रशिक्षण के प्रथम दिन प्रोजेक्टर के माध्यम से मनरेगा से संबंधित सभी बातें बताई गई। मनरेगा कानून 2005 की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि पंचायत भवन में सभी कार्यों का निष्पादन डिजिटली की जाएगी ।प्रशिक्षक शिशिर टोप्पो ने बताया कि इस प्रशिक्षण में मनरेगा योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न सभी पहलुओं की जानकारी दी जाएगी।

### महिलाओं और युवाओं को ग्राम सभा और सामाजिक योजनाओं पर प्रशिक्षण

**ठेठईटांगर।** छोटानागपुर कल्याण निकेतन द्वारा मंगलवार को गुटबहार पंचायत में महिलाओं और युवाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम सभा के महत्व और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को सशक्त बनाना था ।प्रशिक्षण में विस्तार से बताया गया कि ग्राम सभा गांव की संसद है, जिसमें ग्राम सभा स्थाई समिति और गांव के लोग ,जो अपने गांव के कार्यों की निगरानी करती है और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करती है तथा अपने बातों को स्वतंत्र रूप से रख सकते है। युवाओं और महिलाओं को ग्राम सभा की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया गया ताकि वे अपने गांव के विकास में नेतृत्व की भूमिका निभा सकें ।प्रशिक्षण के दौरान विशेष जोर दिया गया कि वंचित परिवारों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा जाए। इसके लिए संस्था द्वारा सोशल सिक्योरिटी कैंप का आयोजन गुटबहार पंचायत के प्रत्येक गांव में किया जा रहा है, जिसमें पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत और ई–श्रम जैसी योजनाओं की जानकारी और लाभ दिलवाने की पहल की गई है ।संस्थान के इस प्रयास का मुख्य मकसद ग्रामीण युवाओं और महिलाओं में जागरूकता लाना और उन्हें सक्षम बनाना था, ताकि वे अपने गांव और पंचायत की जिम्मेदारी संभालते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा सकें ।छोटानागपुर कल्याण निकेतन का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ना केवल सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ पहुँचाने में कारगर साबित हो रहा है, बल्कि महिलाओं और युवाओं के भीतर स्वयं नेतृत्व की भावना को भी मजबूत कर रहा है।

## एक नजर

### संकुल स्तरीय खेल कूद में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में संकुल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये भैया बहनों को किया गया. विद्या भारती योजना अनुसार संकुल स्तरीय खेल कूद का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में संपन्न हुआ.जिसमे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा के भैया बहनों का शानदार प्रदतशन रहा.खेल कूद प्रतियोगिता में विभिन्न यरह का खेल प्रतियोगिता आयोजित किया गया था.जिसमे विद्यालय के 100 भैया बहन शामिल हुए थे.वही शिशु वर्ग में ऋतिक उरांव प्रथम व लंबी कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया,दीपिका कुमारी लंबी कूद में दीपिका कुमारी द्वितीय स्थान,बाल वर्ग में जगदीश उरांव को प्रथम व लंबी कूद में द्वितीय स्थान मिला,तथा 200 मीटर दौड़ में भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया,100मीटर दौड़ में तृतीय स्थान, गोला फेंक में कक्षा दशम के अमृत मुंडा द्वितीय स्थान,400 मीटर दौड़ में शिवशंकर उरांव तृतीय स्थान प्राप्त किया.

### बीएयू ब्लास्टर्स की टीम ने 173 रन से टूर्नामेंट जीता

**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट सुकुरहुट्ट मैदान में बीएयू ब्लास्टर्स बनाम हटिया सीए के बीच खेला गया। बीएयू ब्लास्टर्स ने 30 ओवर में सात विकेट पर 258 रन बनाया। वीनस विंकल टोप्पो ने 34 बॉल पर 59, अर्णव कुमार ने 55 गेंद पर 60 रन व नैयर अंसारी ने 36 बॉल पर 33 रन बनाया। लक्ष्य ने दो विकेट लेकर 37रन दिया। अंश कुमार ने दो विकेट लेकर 50 रन दिया। हटिया सीए(बी) ने 18.2 ओवर में 10 विकेट पर 85 रन बनाया। सात्विक सिंह ने 20 रन बनाया। नैयर अंसारी ने चार विकेट लेकर आठ रन दिया।वीनस विंकल टोप्पो ने तीन विकेट लेकर 15 रन दिया। बीएयू ब्लास्टर्स की टीम ने 173 रनों से टूर्नामेंट जीता।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**बिरनी गिरिडीह/ बिरनी।** बिरनी प्रखंड के भरकट्टा ओपी पुलिस ने मंगलवार को इराग नदी पुल के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया, जिसमें चारपहिया और दोपहिया वाहनों के कागजात की जांच की गई। बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चालकों को सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया और वाहनों की संख्या भी दर्ज की गई। अधिकारियों का कहना था कि आजकल लोग समझाने के बाद भी बिना हेलमेट और लापरवाही के साथ दो पहिया वाहनों को चला रहे हैं। उन्हें यह मामूल होना चाहिए कि कानून का उल्लंघन करना एक अपराध है। कुछ मंचले इसे मानने को तैयार नहीं है।
इस अभियान में एसआई आनंदी प्रसाद समेत कई पुलिस जवान मौजूद थे।

## बीडीओ ने किया विकास योजनाओं की समीक्षा

# मुखिया को आवास निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। गावां गिरिडीह**
गावां के प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में बीडीओ महेंद्र रविदास की अध्यक्षता में मुखिया, पंचायत सेवक व रोजगार सेवक के साथ विकास योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की गयी। बीडीओ ने प्रखंड में संचालित प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास, मनरेगा, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, 15वें वित्त समेत अन्य संचालित योजनाओं की पंचायतवार समीक्षा किया। इस दौरान अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा योजनाओं के अद्यतन कार्यों का जायजा लिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी मनरेगा कर्मी, मुखिया, पंचायत सेवक और रोजगार सेवक को निर्धारित समय अवधि में आवास के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले लाभुकों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए दवाब बनाने का निर्देश भी दिया गया। बीडीओ ने कहा कि अगर ससमय लाभुक आवास पूरा नहीं करते हैं तो उनपर सख्ती की जायेगी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।बैठक में बीपीओ भिखदेव पासवान, बीपीआरओ संजय कुमार, मुखिया कन्हाइ राम, चन्दन कुमार, अमित कुमार, रूपाश्री सिंह, मुन्नी कुमारी, प्रभा देवी, मो मेराजुद्दीन, प्रियंका कुमारी, गुरुसहाय रविदास समेत कई रोजगार सेवक व पंचायत सेवक मौजूद थे।

## फिट इंडिया साइक्लिंग का हुआ आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारत सरकार के फिट इंडिया साइक्लिंग अभियान के तहत रांची में भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा फिट इंडिया साइक्लिंग का आयोजन मंगलवार की सुबह किया गया। इसके तहत साई के प्रशिक्षुओं, प्रशिक्षकों अतिथियों तथा अन्य खिलाड़ियों ने मोरहाबादी बिरसा स्टेडियम का बाहर से चक्कर लगाया और लगभग साढ़े तीन किलोमीटर की साइकिल रैली की। 1984 के हॉकी ओलंपियन मनोहर टोपनो ने फ्लैग ऑफ किया। भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान सुमराय टेटे और जैप दो की कमांडेंट आईपीएस सरोजिनी लकड़ा ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए साइक्लिंग में हिस्सा लिया। फिट इंडिया के तहत साई द्वारा किए गए इस आयोजन का उद्देश्य फिटनेस, पयार्वरण की सुरक्षा तथा साइकिल के इस्तेमाल को बढ़ावा देने का संदेश देना था। इस मौके पर साई के सहायक निदेशक करण साधवानी, सुनील कुमार, विश्वनाथ सिंह, सुरेंद्र कुमार, एसबी महापात्रा, सौभिक विश्वास,प्रभाष चंद्र झा, अजय कुकरेती आदि मौजूद थे।

## आम सूचना

Ref : दिनांक : 17-12-24

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि भगवान नायडु, पिता- श्री लोकनाथ नायडु, निवासी आवास संख्या 14/554, यदुवंश नगर चास, पोस्ट एवं थाना- चास, जिला- बोकारो, झारखण्ड का 10 डिसमील जमीन जो मौजा- चास, थाना नं0- 30, खाता नं0 413 प्लॉट नं0- 7020, 7037 जो पन्नालाल भूरा, पिता- शिवचन्द भूरा से डीड संख्या 6471, दिनांक 24/07/1989 को खरीद किया गया है। उक्त दलील को भगवान नायडु द्वारा लेमिनेटेड (प्लास्टिक कवर) कर दिया गया है और उक्त डीड स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, एस०एम०ई० मेकॉन शाखा, मेकन रॉची में ऋण हेतु बंधक रखा जा रहा है, अगर किसी व्यक्ति को इस जमीन को लेकर कोई आपत्ति है तो वो व्यक्ति एस०एम०ई० स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, S.M.E रांची शाखा, मेकॉन कैम्पस एवं भध्यान नायडु के उपर लिखित पता पर नोटिस के 15 दिनों के अन्दर सम्पर्क कर आपत्ति दर्ज कर सकता है।

भारतीय स्टेट बैंक
एस०एम०ई० रांची शाखा
मेकॉन कैम्पस शाखा
शाखा कोड- 09620

1184/92

## 4 दिनों से लापता युवक का शव कुएं से बरामद



**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सिहोडीह में 4 दिनों से लापता एक युवक का शव उसके घर से कुछ दूरी पर स्थित कुएं से बरामद किया गया है। मृतक सिहोडीह निवासी अशोक शर्मा बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और मामले की जानकारी मुफ्फसिल थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि अशोक कुमार शर्मा पिछले 4 दिनों से लापता था। इस संबंध में अशोक शर्मा के परिजनों ने 4 दिन पूर्व ही मुफस्सिल थाना पुलिस को आवेदन देकर कुछ लोगों पर धमकी देने का आरोप लगाया था। पिछले चार दिनों से पुलिस लगातार अशोक शर्मा की तलाश कर रही थी। इसी बीच आज लापता युवक अशोक का शव कुएं से बरामद किया गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## बाइक दुर्घटना में दो युवकों की मौत



**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के सरिया थाना क्षेत्र में अनियंत्रित बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने से मौके पर हीं दो युवकों की मौत हो गई है. दोनों आपस में रिश्तेदार थे. बगोदर में पोस्टमार्टम किए जाने के बाद परिजनों को दोनों शव सौंप दी गई है. घटना के बाद पीड़ित परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल हो गया है. घटना सोनासोती पुल के पास की है. मृतकों में रोहित पासवान एवं मोहन पासवान है. दोनों आपस में ममेरा- फूफेरा भाई थे. इसमें रोहित सरिया के कंचनपुर का रहने वाला था जबकि मोहन पासवान राजधनवार के राजोडीह का रहने वाला था. इधर पोस्टमार्टम के लिए दोनों शवों को बगोदर लाया गया. मौके पर पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह पहुंचे. उन्होंने पीड़ित परिजनों की हिम्मत बंधाई. साथ हीं हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है. उन्होंने घटना को दुखद बताया है.

## यूथ सीए की टीम ने 7 विकेट से जीता टूर्नामेंट

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन टूर्नामेंट गोलचक्कर ग्राउंड में जस्टिस ब्लू बनाम यूथ सीए के बीच खेला गया। जस्टिस ब्लू ने 33.5 ओवर में 10 विकेट पर 147 रन बनाया। प्रतीक ने 25 व अभिषेक ने 21 रन बनाया। आरव ने दो विकेट लेकर 21 रन दिया। प्रतीक ने चार विकेट लेकर नौ रन दिया। यूथ सीए ने 16.5 ओवर में तीन विकेट पर 153 रन बनाया। गुलशन ने 35, रवि ने 40 व प्रतीक ने 38 रन बनाया। समीर ने दो विकेट लेकर 44 रन दिया। यूथ सीए की टीम ने 7 विकेट से टूर्नामेंट जीता।

## सरायकेला पुलिस ने किया बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश

# 70 मोटरसाइकिल समेत चार गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**
जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर जिला मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस गिरोह से 70 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। एसपी मुकेश लुनायत ने बताया कि जिले में अब तक की सबसे बड़ी बाइक बरामदगी है। सरायकेला पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत को गुप्त सूचना मिली थी कि तमाड़ थाना क्षेत्र के तीन मोटरसाइकिल चोर कुचाई बाजार में चोरी करने वाले हैं। विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई और शंकर मांझी और भूषण मछुआ को एक चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे सरायकेला-खरसावां, रांची, चाईबासा, खूंटी और जमशेदपुर में 100 से अधिक मोटरसाइकिल चोरी कर चुके हैं।
गिरफ्तार आरोपियों ने खुलासा किया कि चोरी की मोटरसाइकिल बेचने के लिए वे खूंटी के शिव मुंडा और मंगल मुंडा को सौंपते थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन दोनों को भी गिरफ्तार किया और उनकी निशानदेही पर जंगल और घरों से 30 मोटरसाइकिल बरामद की। जांच के दौरान पुलिस ने अन्य स्थानों से भी 39 और मोटरसाइकिल बरामद की है। यानी कुल 70 चोरी की मोटरसाइकिलों की बरामदगी से 5 जिलों के 25 कांडों का उद्भेदन हुआ है। इस घटना के बाद पुलिस अधीक्षक ने आम जनता से अपील की है, कि वाहन खरीदते समय दस्तावेजों का सत्यापन जरूर करें और किसी भी प्रलोभन में आकर चोरी का वाहन न खरीदें। गिरफ्तार आरोपियों में शंकर मांझी उर्फ संदीप तमाड़ जिला रांची, भूषण मछुआ तमाड़ जिला रांची, शिव मुंडा उर्फ शिबू मुंडा, कुचाई जिला सरायकेला-खरसावां और मंगल मुंडा अड़की, जिला खूंटी के शामिल हैं। इस ऑपरेशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समीर सवैया की अगुवाई में चांडिल अंचल, कुचाई थाना, दलभंगा ओपी और अन्य पुलिस इकाइयों के अधिकारियों ने अहम भूमिका निभाई। सरायकेला-खरसावां पुलिस की इस बड़ी सफलता से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है।

## झारखंड की अंडर-17 शूटिंग टीम इंदौर रवाना



**रांची।** एसजीएफआई (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया)राष्ट्रीय में भाग लेने के लिए अंडर-17 शूटिंग टीम मंगलवार को इंदौर के लिए रवाना हो गई है। ये खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करेंगे। गर्ल्स 10 मीटर राइफल : आदिति और महिमा (रांची) ओपन साइट से प्रतियोगिता करेंगी। तनु वर्मा (चतरा) पीप साइट से भाग लेंगी। बॉयज 10 मीटर राइफल : पृथ्वीराज पांडे (चतरा) पीप साइट से झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। नितीश कुमार (चतरा राइफल क्लब) को उम्मीद है कि उनके खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और मेडल भी ला सकते हैं। चतरा राइफल क्लब की दोनों शाखाओं ने पहले भी खेलो झारखंड में शानदार परिणाम दिखाए हैं।

## कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय
### नगर पंचायत कोडरमा

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 09/2024–25 दिनांक – 17.12.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत कोडरमा |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा, दिनांक 19.12.2024 से दिनांक 20.12.2024 तक अपराह्न 03:00 बजे तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा, दिनांक 23.12.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | निविदा खोलन का स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा, दिनांक 24.12.2024 को अपराह्न 02:00 बजे से अन्तिम निविदा खुलने तक |

| क्र0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सडक परिवहन मद | | | | | | |
| 1 | 04 | जलवाबद मडुआबारी में रंजीत राणा के घर से शाहीद रजा तक पी0सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य, वार्ड सं0 04 | 583137.00 | 11665.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 2 | 06 | सुन्दर नगर रविदास टोल में आंगनबाडी केन्द्र के पास 32 फीट पी0सी0सी0 रोड, गार्डवाल तथा पेबर ब्लॉक का निर्माण कार्य, वार्ड सं0 06 | 222500.00 | 4450.00 | 1000.00 | 02 माह |
| 3 | 10 | साव जी घर से प्रवेश सिंह घर तक पी0सी0सी0 रोड का निर्माण, वार्ड सं0 10 | 588000.00 | 11760.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 4 | 11 | अशोक साव के घर से प्रिन्स कुमार के घर तक पी0सी0सी0 रोड का निर्माण, वार्ड सं0 11 | 567200.00 | 11350.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 5 | 11 | बलदेव जी के घर से रंजीत कुमार के घर तक पी0सी0सी0 सडक निर्माण कार्य, वार्ड सं0 11 | 336200.00 | 6730.00 | 1000.00 | 02 माह |
| 6 | 12 | अनिल यादव के घर से झुमन यादव के घर तक पी0सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य, वार्ड सं0 12 | 500800.00 | 10020.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 7 | 12 | भुन्नु यादव के घर से छोटन यादव के घर तक पी0सी0सी रोड का निर्माण कार्य, वार्ड सं0 12 | 551100.00 | 11030.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 8 | 12 | राजु राम के घर से द्वारिका राम चापाकल तक पी0सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य, वार्ड सं0 12 | 517700.00 | 10360.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 9 | 13 | उपेन्द्र यादव के घर से उमेश सिंह के घर तक पी0सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य, वार्ड सं0 13 | 616500.00 | 12330.00 | 5000.00 | 02 माह |
| नागरिक सुविधा मद | | | | | | |
| 10 | 2 | आनन्द घर के निकट चापाकल से चेतलाल साव के घर तक आर0सी0सी0 नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य, वार्ड सं0 02 | 720700.00 | 14500.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 11 | 8 | अनिल यादव के घर से मन्टु बरनवाल के घर होते हुए ताहिर मियां के घर तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण, वार्ड सं0 08 | 595500.00 | 11910.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 12 | 9 | विवेक मेडिकल से बैजु यादव के बाउन्ड्री तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य, वार्ड सं0 09 | 776900.00 | 15540.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 13 | 10 | वीना देवी के घर से राजीव सिंह के घर तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य, वार्ड सं0 10 | 551400.00 | 11030.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 14 | 11 | बिरजु यादव के घर से पंचायत संसाधन केन्द्र तक आर0सी0सी0 नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य, वार्ड सं0 11 | 973000.00 | 19500.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 15 | 12 | बाली यादव के घर से स्वास्थ केन्द्र नाला तक आर0सी0सी0 नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य, वार्ड सं0 12 | 767200.00 | 15350.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 16 | 15 | गेना दास घर से अमरदीप के घर तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य, वार्ड सं0 15 | 612500.00 | 12250.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 17 | 15 | अमरदीप के घर से कुन्दन सिंह के घर तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य, वार्ड सं0 15 | 609700.00 | 12200.00 | 5000.00 | 02 माह |

नोट :– नियम व शर्त कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 342209 Urban Development (24-25)_D

## समाजसेवी ने पुत्र के जन्मदिन पर बांटे कंबल




**नवीन मेल संवाददाता। कटकमदाग / हजारीबाग**
कटकमदाग प्रखंड के ग्राम खपरियावां में समाजसेवी विकास मिश्रा ने मंगलवार को अपने पुत्र मोहित कृष्णा के जन्मदिन पर 70 गरीब, वृद्ध, असहाय व जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उनके बड़े भाई टोनी मिश्रा ने कहा कि लोक सेवा हमारे घर की परंपरा रही है। गरीब व जरूरतमंदों की आवश्यकता को पुरी करना ही ईश्वर की सच्ची आस्था व आराधना है। जिस तरह से कड़कड़ाती सर्दी पड़ रही है और फुटपाथ पर सोये लोगों रात के समय ठंढ लग रही है लेकिन वह कुछ भी नहीं कर सकते क्योंकि उनके पास कोई सुविधा नहीं है। इसलिए हम सभी इनकी मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए हमलोगों ने का वितरण किया। कंबल पाकर वृद्धों के चेहरे पर खुशी देखी गई। उपस्थित लोगों ने मोहित कृष्णा को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आजसू नेता विजय वर्मा, कांग्रेस नेता ओम प्रकाश मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार अजय मिश्रा, मुकेश कुमार, विरेन्द्र राम, निर्मल राम, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि अनुराग मिश्रा, मोहन कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नाबालिग छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म, थाना में प्राथमिकी दर्ज

# एक आरोपी गिरफ्तार,दो हुए फरार




**नवीन मेल संवाददाता बिरनी गिरिडीह**
बिरनी। बिरनी थाना क्षेत्र में के एक गांव में दसवीं की नाबालिग छात्रा से तीन दरिन्दों ने बीते सोमवार देर शाम सामूहिक दुष्कर्म किया। इस जघन्य अपराध के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है। पीड़ित छात्रा ने बिरनी थाना में मंगलवार को आवेदन देकर सामूहिक दुष्कर्म करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना प्रभारी आकाश सिंह भारद्वाज ने नाबालिग छात्रा की गंभीर हालत देखते हुए प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुट गयी है। प्राथमिकी दर्ज में एक आरोपी को इसी थाना क्षेत्र के चानो गांव निवासी सिकेन्द्र सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर थाना ले गए। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। पीड़ित नाबालिग छात्रा को स्वास्थ्य जांच के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पीड़ित नाबालिग छात्रा ने आवेदन में कहा कि बीते 16 दिसंबर शाम करीब सात बजे बंगराकला -नावाडीह चौक से अकेली घर जा रही थी। इसी बीच उत्क्रमित मध्य विद्यालय रजमनियां स्थित सुनसान जगह के पास चानो गांव के सिकेन्द्र सिंह के अलावे अन्य दो लड़का सड़क के किनारे घात लगाए खड़ा था। जैसे ही उक्त विद्यालय के पास से निकलते ही सिकेन्द्र सिंह ने पकड़ मुंह दबा दिया। उसके बाद स्कूल के बगल सुनसान जगह पर ले गया। सिकेन्द्र सिंह ने जबरन मुंह काला करने शुरू कर दिया। सिकेन्द्र के साथ अन्य दो अज्ञात लड़कों ने हाथ पैर पकड़ रखा था। उनकी हरकत की पीड़ा से बेहोश हो गई तो वे तीनों आरोपियों ने मरा समझकर सड़क के किनारे छोड़कर भाग गया।

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

थाना प्रभारी आकाश सिंह भारद्वाज ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। एक नामजद आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। आवेदन में दो अज्ञात है। हिरासत में लिया गया आरोपी से ही खुलासा हो सकता है। पूछताछ जारी है। अन्य दो अज्ञात आरोपित की भी गिरफ्तारी शीघ्र ही होगी। नाबालिग छात्रा को भी बयान के लिए न्यायिक दंडाधिकारी के पास ले जाएगा।

## जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची

### पुनःनामांकन के संबंध में आवश्यक सूचना

निदेशानुसार झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची जिला के प्रभावी बल के सभी नये एवं पुराने महिला/पुरूष गृह रक्षक, चाहे वे सीधे नामांकित हो अथवा अनुकम्पा के आधार पर, सभी गृह रक्षकों का पुनःनामांकन की कार्यवाई तालिका में अंकित तिथि को की जानी है।

उल्लेखनीय है कि झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय राँची के विभिन्न आदेश / निदेश के आलोक में गृह रक्षकों के, प्रखण्डवार रिक्ति, मुख्यालय, राँची द्वारा निदेशित विहित प्रपत्र के अनुरूप पंजी का संधारण एवं गृह रक्षकों के भौतिक सत्यापन हेतु पुनःनामांकन किया जाना अनिवार्य है। पुनःनामांकान समिति द्वारा शहरी/ग्रामीण सभी गृह रक्षकों की पुनःनामांकन की तिथि निम्न प्रकार निर्धारित की गई है :–

| क्र0 | गृह रक्षक (शहरी) | पुनःनामांकन की तिथि | पुनः नामांकन स्थल– जिला समादेष्टा कार्यालय, धुर्वा | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शहरी पुरूष सैन्य सं0–2467 से 3015 तक | 07.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 2. | शहरी पुरूष सैन्य सं0–3016 से 3220 तक | 08.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 3. | शहरी पुरूष सैन्य सं0–3224 से 3352 तक | 09.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 4. | शहरी पुरूष सैन्य सं0–3353 से 3476 तक | 10.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 5. | शहरी पुरूष सैन्य सं0–3478 से 3600 तक | 11.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 6. | शहरी पुरूष सैन्य सं0–3600 से 3713 तक | 13.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 7. | शहरी महिला सैन्य सं0–783 से 1022 तक | 15.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 8. | शहरी महिला सैन्य सं0–1023 से 1145 तक | 16.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 9. | शहरी महिला सैन्य सं0–1146 से 1245 तक | 17.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 10. | शहरी महिला सैन्य सं0–1246 से 1284 तक | 18.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| गामीण महिला एवं पुरूष गृह रक्षकों का प्रखण्डवार सूची :– | | | | |
| 1. | ईटकी, बेड़ो एवं बुढ़मू प्रखण्ड | 20.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 2. | अनगड़ा एवं चान्हों प्रखण्ड | 21.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 3. | काँके एवं ओरमांझी प्रखण्ड | 22.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 4. | तमाड़, नामकोम एवं रातु प्रखण्ड | 24.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 5. | बुण्डु, राहे, सिल्ली एवं सोनाहातु प्रखण्ड | 25.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 6. | माण्डर प्रखण्ड | 27.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 7. | लापुंग प्रखण्ड | 28.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |

उपर्युक्त तालिका में अंकित सभी ग्रामीण एवं शहरी, महिला व पुरूष गृह रक्षक, जो विभिन्न कार्यालयों, आवासीय कार्यालयों, मंत्रालय, विधि–व्यवस्था डियुटी, निदेशालय, सचिवालय, संस्थानों आदि में कर्त्तव्य पर प्रतिनियुक्त एवं निजी कारण से घर पर बैठे सभी गृह रक्षक, पुनःनामांकन समिति द्वारा निर्धारित तिथि को ससमय निम्नांकित दस्तावेज के साथ भौतिक रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। यदि आप निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित नहीं होने पर आप पुनःनामांकन प्रक्रिया से वंचित रह जायेगें और आपको प्रभावित बल की सूची से बाहर कर दिया जायेगा, अर्थात् पुनःनामांकन (बॉण्ड) नहीं भरने की स्थिति में आप गृह रक्षक नहीं माने जायेगें साथ ही आपके आवेदन पर पुनः विचार नहीं किया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होगें :–

1. 02 (दो) न्यू पासर्पोट साईज कलर फोटो (वर्दी सहित)।
2. गृह रक्षक होने का प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
3. शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, जिसमें जन्म–तिथि अंकित हो, की छायाप्रति।
4. आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र (वोटर कार्ड) की छायाप्रति।
5. आवासीय प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
6. पिछले दो कैलेण्डर वर्ष, अर्थात् वर्ष–2023 एवं 2024 में किये गये डियुटी की कमान की अलग–अलग छायाप्रति।

**नोटः**–सभी गृह रक्षकों को निदेशित किया जाता है कि उपरोक्त सभी दस्तावेजों के सत्यापन हेतु मूल प्रमाण–पत्र निर्धारित तिथि को साथ में लायेगें। साथ ही निर्धारित तिथि को जिन–जिन गृह रक्षकों का पुनःनामांकन किया जाना है, केवल वही गृह रक्षक पूर्ण वर्दी में कार्यालय में उपस्थित होगें, अनावश्यक रूप से कोई भी गृह रक्षक कार्यालय में प्रवेश नहीं करेगें। पूर्ण वर्दी में उपस्थित नहीं होने पर आपके पुनःनामांकन पर कोई पुनः विचार नहीं किया जायेगा।

जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,राँची

PR 342224 Police(24-25).D

# अल्पसंख्यक के नाम पर राजनीति ज्यादा खतरनाक



ललित गर्ग

अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पहली बार 18 दिसंबर 1992 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा, राष्ट्र निर्माण में योगदान के रूप में चिन्हित कर अल्पसंख्यकों के क्षेत्र विशेष में ही उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित करने एवं समाज को जागृत करने हेतु मनाया जाता है। इस साल थीम 'विविधता और समावेश का जश्न मनाना' है। इसका उद्देश्य भारत के अल्पसंख्यकों की समावेशिता और विविधता को बढ़ावा देना है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि अल्पसंख्यक के अधिकार सिर्फ़ आकांक्षाएं नहीं हैं, बल्कि बेहतर भविष्य के लिए लोगों और समुदायों को सशक्त बनाने का एक व्यावहारिक तरीका भी हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अल्पसंख्यकों की परिभाषा दी है कि ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव न हो और जिसकी आबादी नगण्य हो, उसे अल्पसंख्यक कहा जाएगा। भारत में, इस दिन राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। यह दिवस राष्ट्रीय या जातीय, धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों से संबंधित व्यक्तियों के अधिकारों की घोषणा को जीवंतता प्रदान करने का दिवस है। भारत में केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों के गैर-भेदभाव और समानता के अधिकारों की गारंटी के प्रयास सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध है। इस दिन, देश के अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों और मुद्दों पर ध्यान खींचा जाता है। लोग धार्मिक, सांस्कृतिक, भाषाई और जातीय अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने की बात करते हैं।

भारत 'लोकतंत्र की जननी' कहलाता है, यहां के लोकतंत्र को खुबसूरती प्रदान करने के लिये भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और भाषाई, जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई उपक्रम एवं प्रयोग करता है। सरकार उन लोगों का गंभीरता एवं समानता से ख्याल रखती है जो अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लोगों सहित उनकी जाति, संस्कृति और समुदाय के बावजूद आर्थिक या सामाजिक रूप से वंचित लोग हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रत्येक राष्ट्र में अलग-अलग जातीय, भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यक समूह होते हैं। भारत में अनेक अल्पसंख्यक समुदाय है। आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मणिपुर, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों ने अपने-अपने राज्यों में राज्य अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की, जो संविधान और संसद और राज्य विधानमंडलों द्वारा अधिनियमित कानूनों में दिए गए अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा और संरक्षण करते हैं। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस अल्पसंख्यकों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करने के मकसद से मनाया जाता है। हालांकि, कानूनी रूप से भारत के संविधान में अल्पसंख्यक की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है लेकिन अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए संविधान के कई प्रावधान अनुच्छेद 29, 30 आदि हैं। अल्पसंख्यक शब्द अल्प और संख्यक दो शब्दों से बना है। जिसका मतलब दूसरों की तुलना में कम संख्या होना है। भारत में अल्पसंख्यकों में मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी शामिल हैं। जरूरत है कि अल्पसंख्यकों को नहीं बांटें और सत्य को नहीं ढकें। लोकतंत्र भारत की आत्मा है और उसकी रगों में लोकतंत्र रचा-बसा है। यहां सभी को समानता से जीने का अधिकार है, जाति, पंथ एवं धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के कल्याण एवं अधिकारों पर बल दिया है तभी उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलती है। अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव के आरोप पर मोदी ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों में धर्म, जाति, उम्र या भू-भाग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। हमारी सरकार लोकतंत्र के मूल्यों के आधार पर बने संविधान के आधार पर चलती है तो पक्षपात का कोई सवाल ही नहीं उठता है। 'सबका' शब्द में सभी अल्पसंख्यक वर्ग को सम्मिलित करने का भाव है, मोदी सरकार ने अपने नए नारे के साथ ये एहसास दिलाने का प्रयास किया है कि अल्पसंख्यक समुदाय का भी विश्वास अर्जित करने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। तीन तलाक के विरुद्ध कानून लाकर अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को बहुसंख्यक समाज के महिला के बराबर बताने की कोशिश ऐसा ही प्रयास है।

भारत की माटी ने 'सुधैव कुटुम्बकम' का उद्घोष करके सभी प्राणियों के सुखी एवं समृद्ध होने की कामना की है। यहां अल्पसंख्यकों के साथ इसी उद्घोष की भांति उदात्तता बरती जाती है। महात्मा गांधी ने कहा भी है कि किसी राष्ट्र की महानता इस बात से मापी जाती है कि वह अपने सबसे कमजोर नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार करता है। इस दृष्टि से आजादी के बाद की सभी सरकारों ने अल्पसंख्यकों के साथ उदात्त एवं कल्याणकारी दृष्टिकोण अपनाया है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों ने अपने स्वार्थों के लिये अल्पसंख्यकों को गुमराह किया है, साम्प्रदायिक उन्माद पैदा किया है। जिससे भारत के लोकतंत्र पर लाल और काले धब्बे लगते गये हैं। इन्हीं संकीर्ण एवं साम्प्रदायिकता की राजनीति करने वाले दलों ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की बजाय उनको वोट बैंक मानकर उनके वास्तविक अधिकारों की अनदेखी की है। ऐसे राजनेताओं ने अल्पसंख्यकों का जीवन खतरे में है, कहकर उन्हें उकसाया है, राष्ट्र की मूलधारा से अलग-थलग करने की कोशिश की है, लेकिन मोदी सरकार ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की अनेक बहुआयामी योजनाओं एवं नीतियों को लागू कर इन तथाकथित नेताओं की जुबान पर ताला लगा दिया है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अंतराष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस (18 दिसंबर 2024)



## संपादकीय

# महिला वोट बैंक हैं या विकास की साझीदार

वोट बैंक की राजनीति में बिल्कुल नया प्रयोग है महिलाओं को लक्षित लुभावनी घोषणाएं। भारत की राजनीति में महिलाएं राजनीतिक दलों के लिए एक सॉफ्ट टारगेट बनती जा रही हैं। देश के सभी राजनीतिक दलों को यह लगने लगा है कि महिला मतदाताओं को लुभा कर चुनावी जीत हासिल की जा सकती है। यही वजह है कि एक के बाद एक कई राज्यों में राजनीतिक दलों ने खासकर सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों ने महिलाओं के खाते में सीधे कैश पहुंचा कर सत्ता में फिर से वापसी करने में कामयाबी हासिल कर ली है।मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री रहने के दौरान शिवराज सिंह चौहान, लाडली बहना योजना चलाकर अपने आपको पूरे राज्य की महिलाओं के लिए भाई और बच्चों के लिए मामा के रूप में स्थापित कर चुके हैं। शिवराज सिंह चौहान सरकार के नक्शे-कदम पर चलते हुए हाल ही में महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की महायुति गठबंधन सरकार और झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार ने सत्ता में जोरदार वापसी की है। अब इस खेल के पुरानी खिलाड़ी केजरीवाल ने भी दांव खेला है। राजनीतिक दल चुनावी राजनीति के हिसाब से किस तरह से महिलाओं को सॉफ्ट टारगेट मान रहे हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि विभिन्न राज्यों में सत्तारूढ़ सरकारें अब चुनाव से पहले महिलाओं के खाते में एक निश्चित रकम भेजने की योजना लाते हैं और अगर संभव होता है तो एक-दो किस्त भेज भी देते हैं और फिर महिलाओं से यह वादा करते हैं कि अगर वे उनकी पार्टी को चुनाव जीता दें तो फिर से सरकार बनने के बाद वे उस राशि को बढ़ा देंगे। अब इसे महिला सम्मान योजना का नाम दिया जाए या लाडली बहना योजना का नाम दिया जाए या फिर कोई और नाम दिया जाए लेकिन सही मायनों में यह एक चुनावी रिश्वत से ज्यादा कुछ नहीं होता है। हाल ही में दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने भी यही किया। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के नाम पर हर महिला के खाते में एक हजार रुपए भेजने की घोषणा की, हालांकि वे और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, दोनों ही इस बात को बखूबी समझते हैं कि चुनाव से पहले महिलाओं के खाते में पैसे जाने की संभावना बहुत ही कम है। लेकिन उस पर भी तुर्रा देखिए कि केजरीवाल ने एक तरह से महिलाओं को चुनावी लालच देते हुए यह भी घोषणा कर दी है कि विधानसभा चुनाव जीतवा दो तो इसे बढ़ाकर 2100 रुपए कर दिया जाएगा। हालांकि दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने इस योजना में होने वाले खर्च की राशि को लेकर कई तरह की गंभीर चिंता व्यक्त की हैं। बारी-बारी से सभी दल चुनाव जीतने के लिए मुफ्त की रेवड़ी बांट रहे हैं ऐसे में अब महिला मतदाताओं को ही आगे बढ़कर, नेताओं से यह सवाल पूछना चाहिए कि सरकारी स्कूलों और कॉलेजों की हालत इतनी खराब क्यों हैं? प्राइवेट स्कूलों और कॉलेजों की फीस बेतहाशा क्यों बढ़ती जा रही है? जिस देश में बड़े पैमाने पर डॉक्टरों की कमी है, उस देश में एमबीबीएस की पढ़ाई का खर्च सालाना एक करोड़ रुपए से भी ज्यादा कैसे हो गया है? सरकारी अस्पताल में समय पर उचित और फ्री इलाज क्यों नहीं मिल पा रहा है ? नौकरी तक का फॉर्म भरने के लिए बेरोजगार बच्चों से सैकड़ों-हजारों रुपए क्यों लिए जा रहे हैं? एक तरफ से छोटी रकम देकर दूसरी तरफ से वसूली जैसा मामला है।

## देश की बात

# गरीब वर्ग के लिए बेहद लाभकारी है भारत की 'दान' संस्कृति



प्रह्लाद सबनानी

भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों में दान दक्षिणा की प्रथा का अलग ही महत्व है। भारत में विभिन्न त्यौहारों एवं महापुरुषों के जन्म दिवस पर मठों मंदिरों, गुरुद्वारों एवं अन्य पूजा स्थलों पर समाज के सम्पन्न नागरिकों द्वारा दान करने की प्रथा अति प्राचीन एवं सामान्य प्रक्रिया है। गरीब वर्ग की मदद करना ईश्वर की सबसे बड़ी सेवा माना जाता है। समाज में आपस में मिल बांटकर खाने पीने की प्रथा भी भारत में ही पाई जाती है और यह प्रथा भारतीय समाज में बहुत आम है। परिवार में आई किसी भी खुशी की घटना को समाज में विभिन्न वर्गों के बीच आपस में बांटने की प्रथा भी भारत में ही पाई जाती है। इस उपलक्ष्य में कई बार तो बहुत बड़े स्तर पर सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन भी किए जाते हैं। जैसे जन्म दिवस मनाना, परिवार में शादी के समारोह के पश्चात समाज में नाते रिश्तेदारों, दोस्तों एवं मिलने वालों को विशेष आयोजनों में आमंत्रित करना, आदि बहुत ही सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा हैं। एक अनुमान के अनुसार भारत के विभिन्न मठों, मंदिरों, गुरुद्वारों एवं अन्य पूजा स्थलों पर प्रतिदिन 10 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्रसादी के रूप में भोजन वितरित किया जाता है। साथ ही, पूरी दुनिया में भारत ही एक ऐसा देश है, जिसमें निवासरत नागरिक, चाहे वह कितना भी गरीब से गरीब क्यों न हो, अपनी कमाई में से कुछ राशि का दान तो जरूर करता है। भारतीय शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि हिंदू सनातन संस्कृति के अनुरूप, महर्षि दधीच ने तो, देवताओं को असुरों पर विजय प्राप्त करने के उद्देश्य से, अपने शरीर को ही दान में दे दिया था, जिसे इतिहास में उच्चत्तम बलिदान की संज्ञा भी दी जाती है। आज के युग में जब अर्थ को अत्यधिक महत्व प्रदान किया जा रहा है, तब अधिक से अधिक धनराशि का दान करना ही शुभ कार्य माना जा रहा है। इस दृष्टि से वैश्विक स्तर पर नजर डालने पर ध्यान में आता है कि दुनिया में सबसे बड़े दानदाता के रूप में आज भारत के टाटा उद्योग समूह के श्री रतन टाटा का नाम सबसे ऊपर उभर कर सामने आता है। इस सूची में टाटा समूह के संस्थापक श्री जमशेदजी टाटा का नाम भी बहुत सम्मान के साथ लिया जाता है, जिन्होंने अपने जीवन में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में 8.29 लाख करोड़ रुपए की राशि का महादान किया था। इसी प्रकार, श्री रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने वर्ष 2021 तक 8.59 लाख करोड़ रुपए की राशि का महादान किया था। आप अपनी कमाई का बहुत बड़ा हिस्सा गरीब वर्ग की सहायतार्थ दान में दे देते थे। श्री रतन टाटा केवल भारत स्थित संस्थानों को ही दान नहीं देते थे बल्कि वैश्विक स्तर पर समाज की भलाई के लिए कार्य कर रहे संस्थानों को भी दान की राशि उपलब्ध कराते थे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## आज की बात


# एटीएम कार्ड बदलकर लोगों को लूटते नटवर लाल जिम्मेवार कौन



नरेंद्र भारती

देश में महानगरों से लेकर गांव तक एटीएम मशीनें स्थापित करके राष्ट्रीयकृत बैंकों ने ग्राहकों को सुविधा प्रदान की है मगर एटीएम मशीनों का प्रयोग करने में असमर्थ अनपढ़ महिलाओं, लोगों व ग्राहकों के लिए यह असुविधा बन गई हैक्योकि नटवरलाल इसी का फायदा उठाकर एटीएम कार्ड बदलकर लोगों को शिकार बना रहे हैं ' एक समाचार के अनुसार ताजा मामला ऊना में घटित हुआ है जहाँ दौलतपुर चौक में एक ए टी एम में महिला का कार्ड बदलकर धोखे से 35000 हजार रुपए निकाल दिए पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सरकार को इन मामलों पर संज्ञान लेना होगा ऐसे गिरोह का खत्मा करना होगा जो लोगों के पैसों को लूट रहे है। सर्तकता से ही इन मामलों को रोका जा सकता है। क्योकि नटवरलाल इसी का फायदा उठाकर एटीएम कार्ड बदल हिमाचल प्रदेश में एटीएम कार्ड बदलकर लोगों को ठगने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे यदि बैक के अधिकारी सख्त कार्रवाई करे तो इन वारदातों पर रोक लग सकती है। प्रतिदिन प्रदेश में ऐसे मामले घटित हो रह है। एटीएम गिरोह के लोग कई गरीब लोगों की खून पसीने की कमाई को लूट रहे हैं। बैंक वाले भी इन वारदातों को रोकने में असहाय नजर आ रहे है। अक्सर देखा गया है कि एटीएम मशीनों में पैसा निकालने वालों की हर समय भीड़ जीम रहती है वहां न तो कोई सुरक्षा कर्मचारी होता है ओर न ही बैंक के कर्मचारी होतें है। जबकि कानून के अनुसार वहां सुरक्षा कर्मचारी होना चाहिए। एटीएम बदलकर ठगने की वरदातें रुकने का नाम नहीं ले रही है। सर्तकता से ही इन मामलों को रोका जा सकता है। क्योकि नटवरलाल इसी का फायदा उठाकर एटीएम कार्ड बदल कर लोगों को लूट कर लाखों का चूना लगा रहें हैं। हिमाचल में सैंकड़ों मामले घटित हो चूके है मगर बैंक प्रशासन व पुलिस मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहे है। प्रतिदिन प्रदेश में ऐसे मामले घटित होते जा रहे है मगर आज तक कोई पकड़ मे नहीं आ सका है। 2018 के फरवरी माह में उना के भटोली व मरवाड़ी में ठगी के दो मामलों में ठगों ने महिलाओं के एटीएम कार्ड बदल कर 2 लाख रुपये उड़ा लिए थे। अंब में एक फौजी का कार्ड बदल कर खाते से 2 लाख रुपये उड़ा लिए थे। जोगिन्द्र नगर में भी एसे ही मामले घटित हुए थे। प्रदेश में बड़े पैमाने पर ऐसी वारदातें हो रही है मगर आज तक कोई पकड़ में नहीं आ सका है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

जिस व्यक्ति ने किसी दूसरे व्यक्ति को अपना मित्र बनाया है, वह अपने मित्र के सुख के लिए, हानि अथवा बलिदान का विचार मन में लाए बिना, तथा मूल्य की गणना किए बिना, अपने स्वार्थी सुख अथवा निजी स्वार्थ को प्रसन्नतापूर्वक त्याग देता है।

# अशर्त प्रेम : मानव संबंधों में सुधार लाना



श्री श्री परमहंस योगानंद

वह चुम्बक है निःस्वार्थ भाव, पहले दूसरों के विषय में सोचना। ऐसे लोग बहुत ही कम होते हैं जो स्वार्थपरता से मुक्त हों। परन्तु व्यक्ति निःस्वार्थ भाव के इस गुण को आसानी से विकसित कर सकता है, यदि वह पहले दूसरों के बारे में सोचने का अभ्यास करे। आप अपने चरित्र से स्वार्थ और अन्य अप्रिय गुणों के धब्बों को हटाए बिना सच्चे मित्र आकर्षित नहीं कर सकते। मित्र बनाने की महानतम कला है, स्वयं दिव्य व्यवहार करना-आध्यात्मिक बनना, पवित्र बनना, निःस्वार्थी बनना।... जितनी अधिक आपकी मानवीय कमियाँ दूर होंगी और आपके जीवन में दिव्य गुण आएँगे, उतने ही अधिक आपके मित्र होंगे। सच्ची मित्रता परस्पर उपयोगी होने, विपत्ति में अपने मित्र को अच्छी सान्त्वना देने, दुःख में सहानुभूति, कष्ट में परामर्श तथा वास्तविक आवश्यकता के समय भौतिक सहायता करने में निहित है।... जिस व्यक्ति ने किसी दूसरे व्यक्ति को अपना मित्र बनाया है, वह अपने मित्र के सुख के लिए, हानि अथवा बलिदान का विचार मन में लाए बिना, तथा मूल्य की गणना किए बिना, अपने स्वार्थी सुख अथवा निजी स्वार्थ को प्रसन्नतापूर्वक त्याग देता है। आपके और आपके ऐसे मित्रों के बीच चाहे कैसे भी मतभेद क्यों न हों, फिर भी परस्पर समझ और सम्पर्क सदा बने रहते हैं। ऐसे सम्बन्धों में दृष्टिकोणों में भिन्नता होने पर भी, आपका पारस्परिक सम्मान बना रहता है और सबसे ऊपर उठ कर आप अपनी मित्रता का पोषण करते हैं। (क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

वक्त महावत, वक्त गज, वक्त स्वयं असवार।
वक्त जहाँ गतिहीन है, वहीं थमा संसार।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## आपकी बात

# सामाजिक विकृतियों को दर्पण दिखाता पंकज प्रियम का लघु कथा संग्रह 'अंगूठे की मौत'



डॉ शोभा त्रिपाठी
लखनऊ।

शिवायन कार्यक्रम में भाई पंकज भूषण पाठक प्रियम द्वारा स्नेहिल उपहार के रूप में उनका लघु कथा संग्रह 'अंगूठे की मौत' प्राप्त हुआ। इस कृति को पढ़ने के उपरांत हृदय में कुछ लिखने की इच्छा हुई अतः अपने मन के भाव अभिव्यक्त कर रही हूँ। परंतु उससे पहले आइए लघु कथा को समझ लेते हैं। श्री बलराम अग्रवाल के अनुसार, एक टुकड़ा सा सच ,जो अपने आप में पूर्ण भी होता है बिना लाग- लपेट के रख दिया जाए और रोचक तथ्य और प्रामाणिकता के लिए कुछ जरूरी तत्व जोड़ लिए जाएं तो उसे लघु कथा समझे।

### लघु कथा की कुछ विशेषताएं इस प्रकार हैं :-

- लघु कथाएं छोटी होती हैं और एक बार में ही पढ़ी जा सकती हैं।
- लघु कथाओं में आमतौर पर एक या दो पात्र होते हैं और एक ही घटना का विस्तार किया जाता है।
- लघु कथाओं में कथानक, चरित्र चित्रण, और सेटिंग जैसे तत्व होते हैं।
- लघु कथाओं में रहस्य, रोमांस, विज्ञान कथा जैसी कई विधाएं शामिल हो सकती हैं।
- लघु कथाओं में भाषा तीखी और चुटीली और व्यंग्यपूर्ण होती है।
- लघु कथाओं में विषय, संघर्ष, दृष्टिकोण, रहस्य, पूवाभास, और फ़्लैशबैक जैसी विशेषताएं भी होती हैं।
- लघु कथाओं का आकार अत्यंत छोटा होता है विद्वानों के अनुसार यदि उपन्यास एक हरा भरा पेड़ जिसमें फूल पत्तियां जड़ शाखाएं सब कुछ है, कहानी एक गमले में खिला हुआ फूल का पौधा है, तो लघु कथा मात्र एक खिला हुआ फूल है अतः इसमें लेखक को निरर्थक शब्द रखने की बिल्कुल भी संभावना नहीं होती है। लघु कथाओं में प्रतीकवाद का इस्तेमाल करके कहानी में गहराई और सूक्ष्मता जोड़ी जा सकती है। इस आधार पर देखें तो कथानक की पुष्टता,उसमें समन्वित भाव और उसमें समन्वित व्यंग्य यह लघु कथा के अनिवार्य अंग है, यदि कथाकार संप्रेषणीय ढंग से अपना व्यंग्य रखने में सक्षम हो गया है तो उसे निश्चय ही सफल कथाकार मानेंगे। भाई पंकज लिखते हैं, ह्वअपने दैनिक जीवनचर्या, पत्रकारिता और सामाजिक जीवन के अनुभव पर बनी कहानी समाज का असली चेहरा दशार्ने के लिए पर्याप्त है ह्व भाई पंकज की पुस्तक में कुल 21 लघुकथाएं हैं। जिसमें अलग-अलग सामाजिक समस्याओं को उठाया गया है। पहली कथा 'ब्रेकिंग न्यूज' में टीआरपी के लिए समाज में जहर घोलने वाली मीडिया के कलुषित चेहरे का पदार्फाश किया गया है। इसी तरह 'अंगूठे की मौत' नामक कथा में मशीनीकरण के दौर में सिस्टम के फेल्योर होने पर मीडिया और सियासत द्वारा उसका पहलू किस प्रकार बदल दिया जाता है, इसकी कथा है। 'लोन' में अनुबंधित कर्मचारियों की व्यथा प्रकट की गई है कि किस प्रकार वह छोटे से लोन के लिए रोता और गिड़गिड़ाता है जो उसे प्राप्त नहीं होता। जबकि बैंकर बड़े-बड़े लोन देने के लिए व्यापारी लोगों की खुशामद करते हैं जिससे उनका टारगेट पूरा हो जाए। 'बड़ी खबर' में सूचना क्रांति के दौर में आदिवासियों के लिए एक साधारण मोबाइल भी कितना महत्वपूर्ण है इसका वर्णन किया गया है। 'बेटी' में 21वीं सदी के इस भारत में बेटा- बेटी के फर्क से होने वाले नारियों के उत्पीड़न और उससे निजात पाने की राह की कथा है। 'वंशवेल के आंसू' नामक कथा में नारी के मस्तिष्क पर सदियों से पड़ी उस कुंठा की तस्वीर है जिसमें वह स्वयं यह मान बैठी है कि उसका वंश अपने पति के द्वारा उत्पन्न वीर्य से ही माना जाना चाहिए। जिसकी दुविधाओं के चलते वह अपने पति के दूसरे विवाह का निर्णय लेती है जबकि उसकी ससुराल और पति दोनों ही किसी अनाथालय का बच्चा गोद लेने के हक में हैं। इसी प्रकार 'पीरियड्सः द रेड ब्लड स्टोरी' में माहवारी के समय लड़कियों के साथ होने वाली छुआछूत संबंधी समस्याएं, सेनेटरी नैपकिन की आवश्यकता की समस्या को उठाते हुए आधुनिक युग में आई हुई मशीन की सूचना द्वारा इसका निदान प्रस्तुत किया गया है। 'सुनैना' आधुनिक युग के चमक दमक के प्रति आकर्षित भटकी हुई लड़कियों के दुर्दशा की कहानी है। 'रामगढ़ की बसंती' एक शराबी पति के दुर्व्यवहार से पीड़ित पत्नी के आत्मनिर्भर बनने की कथा है। इसी प्रकार 'इज्जत के आंसू' में शौचालय की समस्या, 'बैग और जैकेट' में रिक्शा वाले की ईमानदारी का कथानक,' पुरस्कार' में माता-पिता द्वारा मोबाइल के अति प्रयोग से डूबते बचपन की मासूम पीड़ा की अभिव्यक्ति है। 'लोरी' इंटरनेट की लत द्वारा होते आत्मीयजनों की भावनाओंकी हत्या की कहानी है, 'वंदे मातरम' में सैनिक और भारत माता की बातचीत के माध्यम से भारत के हृदय में व्याप्त गद्दारों की गतिविधियों की पीड़ा का वर्णन है।' गणतंत्र भारतीय जनतंत्र के लिए गणतंत्र दिवस एक छुट्टी का दिन नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय पर्व है इसका संदेश है। 'मतदान' में सरकार द्वारा दिव्यांगों के लिए घर पर मतदान की सुविधा के हवाले से अन्य सुविधा न दे पाने की लचर व्यवस्था पर व्यंग्य है।' दो बैल और इंजेक्शन'' में आयुष्मान कार्ड होते हुए भी दवा इलाज के लिए सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों में होने वाली धांधली पर मार्मिक व्यंग्य है। 'गंदी बात' में धार्मिक सहिष्णुता और अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर नेताओं द्वारा किसी भी महिला के चरित्र पर की जाने वाली अभद्र टिप्पणियों की कथा कही गई है। किरदार' विवाहोपरांत बदलते रिश्तों की कथा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सर्दियों में ठंडे पानी से नहाने के हैं कई फायदे

## इसका जवाब एक स्टडी से मिलता है



**एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)** वर्षों पहले हिंदी सिनेमा के एक विख्यात गाने में लोगों को ठंडे-ठंडे पानी से नहाने की सलाह दी गई। गर्मियों तक तो ठीक लेकिन कड़कड़ाती ठंड में क्या ठंडे पानी को इतनी इज्जत बख्शी जानी चाहिए? सर्दियों में जब तापमान लगातार लुढ़क रहा हो तो क्या ठंडे पानी से ही काम चला लेना चाहिए?

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन (दुनिया की सबसे बड़ी बायोमेडिकल लाइब्रेरी है और कम्प्यूटेशनल हेल्थ इंफॉर्मेटिक्स में शोध में अग्रणी है) में 2022 में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई। जिसके मुताबिक ठंडे पानी से नहाने के फायदे कई हैं। यह समीक्षा मनुष्यों में ठंडे पानी में (अपनी इच्छा से) नहाने के बाद स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों पर आधारित है। प्रकाशित साहित्य एक बहु डेटाबेस सर्वेक्षण पर आधारित है। कड़ी फिल्टरिंग प्रक्रिया के बाद 104 अध्ययनों को प्रासंगिक माना गया। इन अध्ययनों ने जाहिर किया कि ठंडे पानी से नहाने के फायदे कम नहीं हैं। विशेषज्ञों की भी यही राय है। कहते हैं- सर्दी के मौसम में ठंडे पानी से नहाने से ब्लड सर्कुलेशन तेज होता है। इससे शरीर में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन और ब्लड की पहुंच सुनिश्चित हो पाती है। सर्दियों में ठंडे पानी से नहाने से ब्लड सेल्स में सिकुड़न होती और फिर इसके बाद यह फैलती है, जिससे शरीर के सभी अंगों तक ब्लड पहुंच पाता है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है ठंडा पानी। इम्युनिटी बीमारियों से लड़ने में मदद करती है। ठंडा पानी त्वचा के छिद्रों को बंद रखता है। इससे त्वचा टाइट और चमकदार होती है। साथ ही यह बालों के लिए फायदेमंद साबित होता है। बाल मुलायम और चमकदार रहते हैं।

आजकल की तनाव भरी जिंदगी से मुक्ति का द्वार भी खोलता है ठंडा पानी क्योंकि ये शरीर में एंडोर्फिन हार्मोन के स्तर को बढ़ाता है, जो व्यक्ति के मूड को बिगड़ने से रोकता है।

ठंडा पानी आपकी मांसपेशियों की सूजन को भी कम कर सकता है। तो फायदे अनगिनत हैं लेकिन विशेषज्ञ कुछ हिदायत भी देते हैं। सलाह कि वो लोग बचें जिन्हें दिल की बीमारी हो, हाई ब्लड प्रेशर या फिर डायबिटीज हो। यानि ठंडे पानी में गोता लगाने से पहले चिकित्सक से जरूर मिलें।

# सुशासन का प्रतीक बन रही हैं भाजपा की डबल इंजन की सरकारें : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)**


पीएम नरेंद्र मोदी ने राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जयपुर में मंगलवार को आयोजित 'एक वर्ष : परिणाम उत्कर्ष' कार्यक्रम में कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकारें सुशासन का प्रतीक बन रही हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान के सर्वांगीण विकास के लिए डबल इंजन सरकार दिन-रात मेहनत कर रही है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा, सड़क, रेलवे और जल से जुड़ी 46,300 करोड़ रुपये से अधिक की 24 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि ये प्रोजेक्ट राजस्थान में पानी की चुनौती का स्थाई समाधान करेंगे। ये प्रोजेक्ट राजस्थान को देश के सबसे कनेक्टेड राज्यों में से एक बनाएंगे। इससे राजस्थान में निवेश को बल मिलेगा। रोजगार के अनगिनत अवसर बनेंगे। राजस्थान के टूरिज्म को, यहां के किसानों को, नौजवान साथियों को इससे बहुत फायदा होगा। मोदी ने कहा कि भाजपा जो भी संकल्प लेती है, उसको पूरा करने का ईमानदारी से प्रयास करती है। आज देश के लोग कह रहे हैं कि भाजपा सुशासन की गारंटी है। तभी तो एक के बाद एक राज्यों में आज भाजपा को इतना भारी जनसमर्थन मिल रहा है। देश ने लोकसभा में भाजपा को लगातार तीसरी बार देश की सेवा करने का अवसर दिया है।



### संविधान पर चर्चा में राज्यसभा में बोले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

# मोदी सरकार के लिए संविधान राष्ट्र निर्माण की मूल प्रेरणा है

**एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)**



● कहा, युवा पीढ़ी के लिए अच्छी है यह चर्चा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर हुई चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के लिए संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि वंचितों के कल्याण और राष्ट्र निर्माण की मूल प्रेरणा है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, देश की प्रगति के बारे में सार्थक चर्चा हुई। हमें बहुत लंबी लड़ाई के बाद आजादी मिली। संविधान पर चर्चा युवा पीढ़ी के लिए अच्छा है। देश कितना आगे बढ़ा, यह चर्चा जनता को इस बात का अहसास कराएगी। इस चर्चा में हम गहराई तक गए और हमारा लोकतंत्र पाताल की गहराई तक है। अमित शाह ने कहा कि संसद के दोनों सदनों में हुई बहस देश के युवाओं के लिए शिक्षाप्रद होगी। इससे देश के लोगों को यह समझने में भी मदद मिलेगी कि किस पार्टी ने संविधान का सम्मान किया है और किसने नहीं। मैं सरदार पटेल को धन्यवाद देता हूं, क्योंकि उनके संघर्षों के कारण ही भारत दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा है।

उन्होंने कहा, ये भी साफ हुआ कि जनता ने जब किसी पार्टी को जनादेश दिया, तो उसने सम्मान किया या नहीं किया। संविधान पर चर्चा युवा पीढ़ी के लिए अच्छा है। इस देश की जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से अनेक तानाशाहों का अभिमान चूर-चूर करने का काम किया है।

गृह मंत्री ने कहा, भारत की आजादी पर दुनिया मानने को तैयार नहीं थी कि यह देश संगठित रह पाएगा या संवैधानिक मूल्य स्थापित कर सकेगा, लेकिन आज आजादी के 75 साल बाद, जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो यह सरदार वल्लभभाई पटेल के अथक परिश्रम का ही परिणाम है कि हमारा देश मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते थे कि हम आर्थिक रूप से मजबूत नहीं हो पाएंगे, उनको भी जनता और हमारे संविधान ने खूबसूरती से जवाब दिया है। आज हम दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर सम्मान के साथ खड़े हैं।

## वर्ष 2014, 2019 और 2024 का चुनाव कांग्रेस हारी है, नेहरू नहीं : मनोज झा

**नई दिल्ली।** वर्ष 2014, 2019 और 2024 का चुनाव पंडित जवाहरलाल नेहरू नहीं हारे हैं। यह चुनाव विपक्ष ने हारे हैं, कांग्रेस हारी है। संविधान पर चर्चा के दौरान राष्ट्रीय जनता दल के राज्यसभा सदस्य प्रो मनोज कुमार झा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि जब से संसद में आया हूं, नेहरू जी पर बहुत चर्चा होती है। उन्होंने सत्ता पक्ष से कहा कि अगर 100 साल तक भी आप चुनाव जीतेंगे, तो नेहरू को तब भी वहीं खड़ा पाएंगे। ऐसा इसलिए, क्योंकि नेहरू संसदीय लोकतंत्र के प्रतीक हैं, वह लोकतंत्र की ढाल हैं। चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि जयप्रकाश (जेपी) ने जब आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी को चिट्ठी लिखी, तो उन्होंने इंदिरा गांधी को नेहरू की याद दिलाई थी। जवाहरलाल नेहरू ऐसे व्यक्ति थे कि जब उनकी आलोचना नहीं होती थी, तो वे छद्म नाम से अपनी आलोचना स्वयं करते थे। जब हम



## वेद और पुराने शास्त्रों में है समिति, सभा संसद जैसे शब्दों का प्रयोग : जेपी नड्डा

**नई दिल्ली।** संविधान की यात्रा पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में नेता सदन जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि यदि हम वेद और पुराने शास्त्रों को देखें तो वहां सभा, समिति, संसद जैसे शब्दों का प्रयोग हुआ है। यह इस बात को बताता है कि चर्चा, बहस जैसी चीजें हमारी संस्कृति में रही हैं। उसी को आगे बढ़ाने में हमारे संविधान निमार्ताओं ने इस बात को ध्यान में रखा कि भारत की संस्कृति, सभ्यता को ध्यान में रख करके हम अपने संविधान का निर्माण कर रहे हैं। नड्डा ने कहा, संविधान की मूल प्रति में हमें अजंता एलोरा, कमल के फूल की छाप मिलती है। कमल इस बात को प्रतिलक्षित करता है कि हम कीचड़ में से निकल कर आजादी की लड़ाई लड़कर नई सुबह के साथ खड़े होने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान भी हमें उस कमल से यह प्रेरणा देता है। तमाम मुसीबतों के बावजूद हम प्रजातंत्र को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यदि पिछले 75 साल की यात्रा की बात की जाए, तो पता लगता है कि बाबा साहब अंबेडकर कितने दूरदर्शी थे। देश को जोड़ने का काम उस समय के गृहमंत्री सरदार पटेल को दिया गया। उन्होंने 562 रियासतों को जोड़ा। एक जम्मू कश्मीर की रियासत का जिम्मा प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने लिया था। उस समय जम्मू कश्मीर में आर्टिकल 370 लगाया गया। इसका नतीजा यह हुआ कि संसद द्वारा पारित किए गए 106 कानून जम्मू कश्मीर में लागू नहीं होते थे। नड्डा ने कहा कि पश्चिमी पाकिस्तान से आए व्यक्ति भारत में प्रधानमंत्री और उप प्रधानमंत्री बने।




### पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर कहा

# चुनाव प्रक्रिया में सुधार और आर्थिक प्रगति होगी

● हर वर्ष अलग-अलग चुनावों के लिए मतदान करते-करते थक चुके हैं मतदाता

**एजेंसी। कोलकाता (हि.स.)**



पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार का 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव लागू होने के बाद चुनाव प्रक्रिया में व्यापक सुधार होगा और देश की आर्थिक प्रगति को भी बल मिलेगा। कोविंद ने यह बयान कोलकाता में एक आदिवासी संगठन के कार्यक्रम में दिया। रामनाथ कोविंद सितंबर 2023 में गठित भारत सरकार की 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' संबंधी उच्चस्तरीय समिति के अध्यक्ष थे। उन्होंने कहा कि देश के मतदाता हर साल अलग-अलग चुनावों के लिए मतदान करते-करते थक चुके हैं। कोविंद ने कहा, जब यह प्रस्ताव 2029-2030 तक या संभवतः 5-10 वर्षों में पूरी तरह लागू होगा, तो मतदाताओं को हर साल अलग-अलग चुनाव के लिए मतदान केंद्रों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे आर्थिक प्रगति भी होगी और देश की जीडीपी वर्तमान 7.23 प्रतिशत से 1.5 प्रतिशत बढ़कर 10 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। तब हमारा देश दुनिया की शीर्ष 3-4 आर्थिक महाशक्तियों में शामिल होगा।

पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से न केवल चुनाव प्रक्रिया में सुधार होगा, बल्कि इससे शासन व्यवस्था भी सुगम होगी। उन्होंने कहा, अगर हर साल उम्मीदवारों को मतदाताओं से वोट मांगने जाना पड़े, तो उन्हें यह जवाब भी देना होगा कि विकास से जुड़ी उनकी वादे क्यों पूरे नहीं हुए। बार-बार चुनाव होने से लोग मतदान से उदासीन हो जाते हैं।

पूर्व राष्ट्रपति ने समिति की 18 हजार पन्नों की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है और इससे आर्थिक शासन को सुगठित करने में मदद मिलेगी। कोविंद ने कहा, अब कोई भी व्यक्ति एक ही स्थान पर बैठकर माउस या मोबाइल के माध्यम से इस रिपोर्ट को देख सकता है, अलग-अलग पुस्तकालयों में जाने की आवश्यकता नहीं है। आदिवासियों, दलितों और पिछड़े वर्गों पर बात करते हुए कोविंद ने कहा, ये लोग देश की संस्कृति का सुंदर संगम हैं और भारत की गरिमा बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। हमें इन्हें राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनाना होगा। जब यह समावेशिता वास्तविकता बनेगी, तब देश सच्चे अर्थों में प्रगति करेगा।

## लोस में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' बिल पेश होने राजनेताओं की प्रतिक्रिया

### 'वन नेशन, वन इलेक्शन' देश हित में महत्वपूर्ण : मनीषा कायंदे



**नागपुर।** शिवसेना नेता और महाराष्ट्र विधान परिषद सदस्य मनीषा कायंदे ने मंगलवार को कहा कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' विधेयक देश के लिए अहम है। आईएएनएस के बातचीत में उन्होंने कहा कि देश के हित के लिए यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कानून है। इस कानून का उद्देश्य बार-बार होने वाले चुनावों को खत्म करना है। जिसमें समय और पैसा लगता है। अगर देश के हित में कोई फैसला लिया जाता है तो हमें उसका समर्थन करना चाहिए।

### 'वन नेशन, वन इलेक्शन' से नहीं होगी खर्च की बचत : इमरान मसूद



**नई दिल्ली।** लोकसभा में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल पटल पर रखा गया। कांग्रेस विरोध में लगातार आवाज बुलंद कर रही है। कांग्रेस नेता इमरान मसूद के मुताबिक इस पर टिप्पणी करने का ये वक्त सही नहीं है। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत में वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर कहा, अभी इस पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी कर पाना मुश्किल है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि खर्चा कहां से बच जाएगा।

### 'वन नेशन, वन इलेक्शन' संवैधानिक ढांचे पर प्रहार : तेजस्वी यादव



**मधेपुरा।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को लोकसभा में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल पेश किया। वहीं, बिहार में विपक्ष के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बिल का विरोध करते हुए कहा कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' संवैधानिक ढांचे पर प्रहार है। तेजस्वी यादव अपने 'कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद यात्रा' को लेकर मधेपुरा पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान 'वन नेशन, वन इलेक्शन' का विरोध करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के मुद्दे गौण हो जाएंगे।

### समय और पैसे की बर्बादी रोकने के लिए 'वन नेशन, वन इलेक्शन' जरूरी : पटेल



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने देश के लिए 'वन नेशन, वन इलेक्शन' जरूरी बताते हुए कहा कि ऐसा होने से पैसे और समय की बर्बादी रुकेगी। पटेल ने संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में समय पर चुनाव हों, एक साथ चुनाव हों ताकि आचार संहिता के कारण समय की और पैसे की बर्बादी न हो। अब देश को तेज गति से चलने की जरूरत है, इसलिए बाकायदा पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति बनी थी।

## आज का राशिफल

**मेष :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**वृष :** व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**मिथुन :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**कर्क :** रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा।

**सिंह :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**कन्या :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**वृश्चिक :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है।

**धनु :** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें।

**मकर :** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा।

**कुंभ :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है।

**मीन :** प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

### उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में बोले सीएम योगी

# कांग्रेस नेता फिलिस्तीनी बैग लेकर घूम रहीं हम यूपी के नौजवानों को इजरायल भेज रहे

**मुख्यमंत्री ने कहा**

● 5600 से अधिक युवा निर्माण कार्य के लिए गए हैं इजरायल

● रहना-खाना फ्री, डेढ़ लाख महीने की मिल रही है तनख्वाह

**एजेंसी। लखनऊ (आईएएनएस)**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के संसद में फिलिस्तीन हैंडबैग लेकर पहुंचने पर तंज कसा। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस की नेता फिलिस्तीन बैग लेकर घूम रही हैं, जबकि हम यूपी के नौजवानों को इजरायल भेज रहे हैं। सीएम योगी ने विधानसभा में प्रियंका गांधी का बिना नाम लिए कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस की एक नेता संसद में फिलिस्तीन का बैग लेकर घूम रही थीं, जबकि हम यूपी के नौजवानों को इजरायल भेज रहे हैं, यूपी के अब तक लगभग 5,600 से अधिक युवा निर्माण कार्य के लिए इजरायल गए हैं। जहां उन्हें रहने-खाने की फ्री व्यवस्था और डेढ़ लाख रुपये महीने की तनख्वाह मिल रही है। साथ ही, पूरी सुरक्षा की गारंटी भी है। अभी इजरायल के राजदूत आए थे। उन्होंने कहा कि यूपी के और नौजवानों को हम इजरायल ले जाएंगे, क्योंकि यूपी के नौजवान बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। उसके स्किल की ताकत आज पूरी दुनिया मान रही है।

ज्ञात हो कि वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा संसद के शीतकालीन के दौरान एक बैग लेकर पहुंची थीं, जिसमें 'फिलिस्तीन' लिखा हुआ था। इस बैग पर शांति का प्रतीक सफेद कबूतर और तरबूज भी बना हुआ था। इस बैग के जरिए प्रियंका गांधी ने सीधा मैसेज दिया है कि वह फिलिस्तीन के सपोर्ट में खड़ी हैं। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब प्रियंका गांधी वाड्रा ने फिलिस्तीन का समर्थन किया हो। इससे पहले वह फिलिस्तीन के पक्ष में कई बार आवाज उठा चुकी हैं। इतना ही नहीं, प्रियंका गांधी वाड्रा ने भारत सरकार से फिलिस्तीन के साथ खड़े होने की वकालत भी की थी।

### शिक्षा क्षेत्र में 1.60 लाख से अधिक भर्तियां हुईं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को शिक्षा क्षेत्र में सरकार के कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने सपा विधायक मनोज कुमार पारस, पूजा, पंकज पटेल के मुद्दे को महत्वपूर्ण और संवेदनशील बताया, लेकिन नसीहत दी कि सदस्यों को सदन की गरिमा और मर्यादा को ध्यान में रखकर तथ्यपरक बातें रखनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग में सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 1.60 लाख से अधिक भर्तियां शिक्षा विभाग में की है। उन्होंने कहा कि समग्र शिक्षा (बेसिक, माध्यमिक, उच्च, तकनीकी, व्यावसायिक, चिकित्सा शिक्षा) को लेकर नया चयन बोर्ड (उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग) बनकर तैयार है। वह विभिन्न विभागों से अधियाचन मांगकर नियुक्ति की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है। हमारी सरकार ने अकेले शिक्षा विभाग में ही 1.60 लाख से अधिक भर्तियां की है। यह वे भर्तियां हैं, जो पिछली सरकार की बदनीयती के कारण भरी नहीं जा सकी थी।

### विस में 17,865.72 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

योगी सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपना द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। 17,865.72 करोड़ रुपए के इस अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ रुपए के नए प्रस्ताव सम्मिलित किए गए हैं। यह योगी सरकार का इस वित्तीय वर्ष का द्वितीय अनुपूरक बजट है, जो मूल बजट (7 लाख 36 हजार 437.71 करोड़ रुपए) का 2.42 प्रतिशत है।इससे पूर्व योगी सरकार 12,209.93 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट भी प्रस्तुत कर चुकी है। दोनों अनुपूरक बजट को मिलाकर योगी सरकार का वित्तीय वर्ष 2024-25 का कुल बजट अब 7 लाख 66 हजार 513.36 करोड़ रुपए का हो गया है।

# योगी के खिलाफ आपत्तिजनक बयानबाजी करने वाला गिरफ्तार

**एजेंसी। नोएडा (आईएएनएस)**

नोएडा पुलिस ने पश्चिम बंगाल के रहने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस पर आरोप है कि इसने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। जिस पर पुलिस ने संज्ञान लेते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि नोएडा के थाना सेक्टर 39 पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो वायरल कर देश के संवैधानिक पद पर बैठे जननेता के संबंध में आपत्तिजनक, झूठी और भड़काऊ टिप्पणी करने वाले को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से एक तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक चाकू और आपत्तिजनक दस्तावेज (फोटो) बरामद किया है।



# मुख्यमंत्री धामी ने नवचयनित अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र

**एजेंसी। देहरादून (आईएएनएस)**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सीएम आवास में 45 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसमें गृह विभाग के अंतर्गत 11 लैब असिस्टेंट एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के अंतर्गत 34 क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शामिल हैं। सीएम धामी ने सभी नव चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज आपके जीवन की एक नई शुरूआत हो रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी चयनित अभ्यर्थी अपने कार्य क्षेत्र में पूरी लगन और ईमानदारी से कार्य करेंगे। अगर नियमित दिनचर्या के साथ हम कार्य शुरू करते हैं, हर राह आसान होती है। उन्होंने कहा कि 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए सबको अपने कार्यक्षेत्र में विशेष योगदान देना होगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पिछले साढ़े तीन साल में राज्य में सरकारी सेवाओं में 19 हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है। अनेक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद सभी भर्ती परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता के साथ समय पर पूरी की गई हैं।






# आईसीसी वनडे व टी20 रैंकिंग में शीर्ष तीन में पहुंची स्मृति मंधाना

**नई दिल्ली, 17 दिसंबर (हि.स.)।** भारत की स्टाइलिश ओपनर स्मृति मंधाना आईसीसी महिला वनडे और टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष तीन में पहुंच गई हैं। मंधाना वनडे रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर दूसरे और पिछले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद टी20आई रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। वनडे रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वाड्र्ट और टी-20 में ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष पर हैं। बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज के अंतिम मैच में 105 और मुंबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20आई सीरीज के पहले मैच में 54 रन बनाए, जो नवीनतम रैंकिंग अपडेट का मुख्य आकर्षण है, जिसमें पोटचेफस्ट्रूम में दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच अंतिम वनडे में प्रदर्शन को भी ध्यान में रखा गया है। वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड की ओपनर टैमी ब्यूमोंट दो पायदान ऊपर 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जिन्होंने नाबाद 65 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज 2-1 से जीती थी, और भारत की हरलीन देओल नौ पायदान ऊपर 64वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया की तीन खिलाड़ियों ने अपनी टीम की 3-0 की जीत के बाद उल्लेखनीय बढ़त हासिल की है। एश्ले गार्डनर पर्थ में 50 रन बनाकर एक स्थान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंच गई हैं, ताहलिया मैकग्राथ नाबाद 56 रन बनाकर 32वें स्थान से 24वें स्थान पर पहुंच गई हैं और एनाबेल सदरलैंड मैच जीतने वाली 110 रन की पारी के बाद 15 स्थान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

## बुमराह, आकाशदीप ने टाला फॉलोआन का खतरा

# भारत ने नौ विकेट पर बनाए 252 रन

**ब्रिसबेन, 17 दिसंबर (हि.स.)।** गाबा के मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन भारत ने आकाशदीप और जसप्रीत बुमराह के बीच आखिरी विकेट के लिए हुए 39 रनों की नाबाद साझेदारी की बदौलत फॉलोआन का खतरा टाल दिया है। दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने 9 विकेट पर 252 रन बना लिये हैं। आकाशदीप 27 और जसप्रीत बुमराह 10 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत पहली पारी के आधार पर अभी भी ऑस्ट्रेलिया से 193 रन पीछे है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 445 रन बनाए थे। बारिश के व्यवधान के बीच भारत की पहली पारी की शुरूआत खराब रही और मिचेल स्टॉर्क ने पारी की दूसरी ही गेंद पर यशस्वी जायसवाल (04) चलता कर भारत को पहला झटका दिया। शुभमन गिल भी कुछ खास नहीं कर सके और केवल 1 रन बनाकर चलते स्टॉर्क का दूसरा शिकार बने। विराट कोहली एक बार फिर असफल रहे और केवल 3 रन बनाकर हेजलवुड का शिकार बने। इसके बाद पंत और राहुल ने भारत की पारी को आगे बढ़ाया। 44 के कुल स्कोर पर पंत (09) को पैट कमिंस ने अपना शिकार बनाया। कप्तान रोहित शर्मा का खराब फॉर्म जारी रहा और वे 74 के कुल स्कोर पर केवल 10 रन बनाकर पैट कमिंस का शिकर बने।

भारत के लिए **केएल राहुल (84)** और **रवींद्र जडेजा (77)** ने भी बेहतरीन अर्धशतकीय पारियां खेलीं।

ऑस्ट्रेलिया ने अपनी **पहली पारी में 445 रन** बनाए थे। बारिश के व्यवधान के बीच भारत की पहली पारी की शुरूआत खराब रही।






जडेजा के आउट होने के बाद भारत को फॉलोआन बचाने के लिए 33 रनों की जरूरत थी और आकाशदीप और बुमराह की आखिरी जोड़ी मैदान पर थी। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी को देखते हुए लग रहा था कि भारत का फॉलोआन खेलना तय है, लेकिन इस आखिरी भारतीय जोड़ी के मन में कुछ और ही चल रहा था, बुमराह ने आते ही पैट कमिंस की गेंद पर छक्का लगाकर अपने इरादे जता दिये, दूसरे छोर से आकाशदीप ने भी संभलकर खेलना शुरू किया। इन दोनों ने मिलकर न सिर्फ भारत को फॉलोआन से बचाया, बल्कि अपना विकेट भी बचाए रखा। फॉलोआन बचाने के बाद आकाशदीप ने पैट कमिंस की गेंद पर एक लंबा छक्का भी जडा, जिससे ड्रेसिंग रुम में बैठे विराट कोहली खुशी से उछल पड़े। यहां से रवींद्र जडेजा और केएल राहुल ने मिलकर छठे विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी कर भारत का स्कोर 140 के पार पहुंचाया। 141 के कुल स्कोर पर केएल राहुल को नाथन लियोन ने पवेलियन भेजा। राहुल ने 139 गेदों पर 8 चौकों की बदौलत 84 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। राहुल के आउट होने के बाद रवींद्र जडेजा और नीतीश रेड्डी ने सातवें विकेट के लिए 53 रनों की बेहतरीन साझेदारी कर भारत का स्कोर 200 के करीब पहुंचाया, हालांकि पैट कमिंस ने 194 के कुल स्कोर पर नीतीश को बोल्ड कर यह साझेदारी तोड़ी। नीतीश ने 61 गेंदों का सामना किया और 16 रन बनाए। 201 के कुल स्कोर पर मोहम्मद सिराज (01) को स्टॉर्क ने आउट कर भारत को आठवां झटका दिया। 213 के कुल स्कोर पर जडेजा 77 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलने के बाद पैट कमिंस का शिकार बने। दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने 9 विकेट पर 252 रन बना लिये हैं। बुमराह और आकाशदीप ने दसवें विकेट के लिए अब तक 39 रन जोड़ लिये हैं। आकाशदीप 27 और बुमराह 10 रन बनाकर नाबाद हैं।

### भारत की पहली पारी

| बल्लेबाजी | रन | बॉल | 4रन | 6रन | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल | 04 | 02 | 01 | 00 | 200.2 |
| के एल राहुल | 84 | 139 | 8 | 00 | 60.75 |
| शुभमन गिल | 01 | 03 | 00 | 00 | 33.21 |
| विराट कोहली | 03 | 16 | 00 | 00 | 18.93 |
| ऋषभ पंत | 09 | 12 | 00 | 00 | 75.00 |
| रवींद्र जाडेजा | 77 | 123 | 07 | 01 | 62.60 |
| नीतीश कुमार रेड्डी | 16 | 61 | 01 | 00 | 26.22 |
| मोहम्मद सिराज | 01 | 11 | 00 | 00 | 09.7 |
| जसप्रीत बुमराह | 10 | 27 | 00 | 01 | 37.0 |
| आकाश दीप | 27 | 31 | 02 | 01 | 87.02 |

## अगले वर्ष विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर इवेंट की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली(हि.स.)।** भारत अगले साल 10 अगस्त को पहली बार विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर स्तर के आयोजन की मेजबानी करेगा। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने सोमवार को उक्त जानकारी दी। एएफआई के 2025 सीजन के प्रतिस्पर्धी कैलेंडर के अनुसार, कांस्य स्तर का कॉन्टिनेंटल टूर एथलेटिक्स इवेंट भुवनेश्वर में होगा। इस मीट को 'इंडियन ओपन' नाम दिया गया है। कॉन्टिनेंटल टूर ट्रैक और फील्ड प्रतियोगिताओं की एक वार्षिक श्रृंखला है, जो कि एलीट-लेवल डायमंड लीग के बाद वैश्विक बैठकों के दूसरे स्तर के अंतर्गत आती है। इसे 2020 में वर्ल्ड चैलेंज सीरीज के उत्तराधिकारी के रूप में लॉन्च किया गया था और इसमें चार स्तर, स्वर्ण, रजत, कांस्य और चैलेंजर शामिल हैं। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, एएफआई के अध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने कहा, ₹कॉन्टिनेंटल टूर भारतीय टीम के लिए सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले घरेलू मैदान पर अपनी क्षमता दिखाने का एक अच्छा अवसर होगा। टोक्यो में 13-21 सितंबर तक आयोजित होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 अगले साल की शीर्ष एथलेटिक्स प्रतियोगिता होगी। पिछली बार भारत ने इस तरह के अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स आयोजन की मेजबानी 2017 में की थी, जब भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित की गई थी। भारत ने पुणे में बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 2013 एशियाई चैंपियनशिप की भी मेजबानी की थी।

## रक्षा राज्य मंत्री से मिले वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारी

# देश में वुशु के विकास पर की गयी गहन चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। नई दिल्ली**

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों सहित आर्मी के अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता वुशु खिलाड़ियों और उनके कोच ने मुलाकात की। इस दौरान आर्मी में वुशु के विकास पर गहन चर्चा की गयी। इस अवसर पर मंत्री ने उपस्थित अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता वुशु खिलाड़ियों का स्वागत किया और देश के लिए पदक जितने पर खिलाड़ियों को शॉल उढाकार उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सुहेल अहमद, शिवेंद्र नाथ दुबे, उदय साहू सहित सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के जॉइंट सेक्रेटरी ग्रुप कैप्टेन एमएलएस प्रसाद, वुशु खिलाडी सर्जेन्ट कुशल कुमार, हवलदार विक्रांत बालियान, हवलदार रजत चरक, सिपाही एम सूरज सिंह, सर्जेन्ट एच कारणजीत सिंह, आर्मी वुशु कोच नायब सूबेदार अमित पॉल,जूनियर वारंट ऑफिसर संतोष कुमार,लांस हवलदार चिराग शर्मा। ग्रुप कैप्टेन श्री प्रसाद ने सर्विसेस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के खिलाड़ियों की उपलब्धि पर एक विस्तृत जानकारी मंत्री को दी। मंत्रीका वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने किया स्वागत इस अवसर पर मंत्री को वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के द्वारा मोमेंटो प्रदान किया गया।

## हीरो हॉकी इंडिया लीग

# रांची और राउरकेला में देखिए मुफ्त में मैच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से एक बड़ी पहल करते हुए, हॉकी इंडिया ने घोषणा की है कि आगामी हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 के लिए रांची और राउरकेला में होने वाले मैचों में भाग लेने वाले प्रशंसकों के लिए सभी टिकट मुफ्त होंगे। यह कदम हॉकी इंडिया के उस विजन का हिस्सा है, जिसके तहत खेल को देश के हर कोने में ले जाया जाएगा और इसे इसके उत्साही समर्थकों के लिए और अधिक सुलभ बनाया जाएगा। टिकट बिक्री से होने वाली आय को छोड़कर, हॉकी इंडिया का लक्ष्य खेल और इसके उत्साही समर्थकों के बीच एक मजबूत संबंध बनाना है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाइव हॉकी के रोमांच का अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।



हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा, यह भारत में हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। मुफ़्त टिकट देकर हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना हर किसी को हॉकी का बेहतरीन अनुभव करने का अवसर मिले। हमारा लक्ष्य खेल को प्रशंसकों के और करीब लाना और खिलाड़ियों और समर्थकों की नई पीढ़ी को प्रेरित करना है। रांची और राउरकेला हॉकी की समृद्ध विरासत वाले शहर हैं और हम स्टेडियमों को उनकी ऊर्जा और जुनून से भरना चाहते हैं। हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की संचालन समिति के सदस्य भोला नाथ सिंह ने भी कहा कि हमारे प्रशंसक हमारे हर काम के केंद्र में हैं। मुफ़्त टिकट देने की यह पहल उनके अटूट समर्थन के लिए आभार व्यक्त करने का हमारा तरीका है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि रांची और राउरकेला की हर सीट पर अपने पसंदीदा टीमों के लिए चीयर करने वाले प्रशंसक हों।

# झारखंड ने अरुणाचल प्रदेश को 10 विकेट से हराया

**रायपुर।** शिखर मोहन के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत झारखंड ने यहां खेले गए बीसीसीआई अंडर 23 स्टेट ए ट्रॉफी के तहत खेले गए एक मैच में अरुणाचल प्रदेश को 10 विकेट से हरा दिया।

अरुणाचल प्रदेश में पहले खेलते हुए 47 ओवर में मात्र 110 रन बनाए । विप्रो ने 34 एवं मुगुग ने 35 रन बनाए। झारखंड की ओर से अभिषेक ने 22 रन के तीन एवं शिखर मोहन ने 21 रन देकर तीन विकेट लिया। शमशाद को दो विकेट मिला। जवाब में झारखंड में बिना कोई विकेट खोए 8.2 ओवर में आवश्यक रन बना लिए। शिखर मोहन ने चार चौकों की मदद से नाबाद 61 एवं आर्यन होडा ने चार छक्के एवं पांच चौकों की मदद से नाबाद 51 बनाए।




## प्रहलाद जोशी ने सीआईआई के आईईसीई को किया संबोधित, कहा

# भारत बनेगा विश्व की अक्षय ऊर्जा राजधानी

**बोले केंद्रीय ऊर्जा मंत्री**

- नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता अप्रैल-नवंबर में दोगुनी हुई
- सीआईआई-ईवाई रिपोर्ट का दूसरा संस्करण किया लांच




2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता के लक्ष्य के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है।

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि भारत न केवल ऊर्जा क्रांति का साक्षी बन रहा है, बल्कि दुनिया की अक्षय ऊर्जा राजधानी भी बन रहा है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-नवंबर अवधि में भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता सालाना आधार पर लगभग दोगुना होकर 15 गीगावाट हो गई है। यह 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता के लक्ष्य के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने नई दिल्ली में 5वें भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी (आईईसीई) को संबोधित करते हुए कहा, भारत अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में जो कुछ कर रहा है, उस पर न केवल दुनिया की निगाह है, बल्कि कई देशों ने इसे अपनाया भी है। उन्होंने भारत की पहल के तहत वैश्विक सहयोग के लिए एक औपचारिक व्यवस्था के रूप में अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की भूमिका पर प्रकाश डाला, जिस पर 120 देश हस्ताक्षरकर्ता हैं। इस अवसर पर उन्होंने ऊर्जा संक्रमण निवेश मॉनीटर पर सीआईआई-ईवाई रिपोर्ट का दूसरा संस्करण भी लांच किया। ये व्यापक रिपोर्ट भारत के गतिशील ऊर्जा परिदृश्य में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय ऊर्जा परिवर्तन पर वैश्विक संवाद, विकसित हो रहे वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।

# दिल्ली एयरपोर्ट 150 गंतव्यों को जोड़ने वाला देश का पहला हवाई अड्डा बना

एयरबस ए330 विमान द्वारा संचालित यह मार्ग शुरू में सप्ताह में दो बार चलेगा।

एयरपोर्ट ने 20 से ज्यादा एक्सक्लूसिव इंटरनेशनल डेस्टिनेशन को शामिल किया है।



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** दिल्ली एयरपोर्ट 150 गंतव्यों को जोड़ने वाला भारत का पहला एयरपोर्ट बन गया है। इसी के साथ दिल्ली एयरपोर्ट ने वैश्विक विमानन केंद्र के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। हाल ही में थाई एयरएशिया एक्स ने दिल्ली और बैंकॉक-डॉन मुआंग (डीएमके) के बीच सीधी उड़ानों का उद्घाटन किया। एयरबस ए330 विमान द्वारा संचालित यह मार्ग शुरू में सप्ताह में दो बार चलेगा। जनवरी 2025 के मध्य तक इसकी फ्रीक्वेंसी को हफ्ते में चार बार बढ़ाने की योजना है। इस उपलब्धि पर डीआईएएल के सीईओ विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा, 150 गंतव्यों को जोड़ने का यह मील का पत्थर वैश्विक संपर्क बढ़ाने और विश्व स्तरीय यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमें भारत को विमानन के एक नए युग में ले जाने पर गर्व है और हम दुनिया भर के यात्रियों के लिए पसंदीदा केंद्र बनने के लिए समर्पित हैं। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) ने ग्लोबल कनेक्टिविटी का विस्तार करने के लिए अपने निरंतर प्रयासों पर जोर दिया। पिछले कुछ वर्षों में, एयरपोर्ट ने 20 से ज्यादा एक्सक्लूसिव इंटरनेशनल डेस्टिनेशन को शामिल किया है। इनमें नोम पेन्ह, बाली डेनपसार, कैलगरी, मांट्रियल, वैंकूवर, वाशिंगटन डलेस, शिकागो ओहारे और टोक्यो हनेडा शामिल हैं।

# निजी क्षेत्र की वृद्धि दिसंबर में 4 माह के उच्चतम स्तर पर पहुंची : रिपोर्ट

**एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कंपोजिट आउटपुट इंडेक्स ने दर्ज की 60.7 रीडिंग**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत के निजी क्षेत्र में दिसंबर माह में मजबूती देखी गई। चार महीनों में ये सर्वोत्तम रहा। एचएसबीसी 'फ्लैश' पीएमआई डाटा के मुताबिक विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों में तेजी देखी गई। एसएंडपी ग्लोबल के लेटेस्ट एचएसबीसी 'फ्लैश' पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) डाटा इसकी पुष्टि करता है। भारत के विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के संयुक्त उत्पादन को ट्रैक करने वाले एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कंपोजिट आउटपुट इंडेक्स ने वर्ष 2024 कैलेंडर वर्ष के अंत में 60.7 रीडिंग दर्ज की है। नवंबर में 58.6 रीडिंग से बढ़ते हुए, लेटेस्ट रीडिंग ने चार महीनों के लिए सबसे मजबूत विकास दर को उजागर किया है। इसी के साथ माल उत्पादकों और सेवा प्रदाताओं दोनों के उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है। एचएसबीसी में अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, दिसंबर में हेडलाइन विनिर्माण पीएमआई में वृद्धि मुख्य रूप से मौजूदा उत्पादन, नए ऑर्डर और रोजगार में वृद्धि के कारण हुई। नए घरेलू ऑर्डर में विस्तार में तेजी आई, जो अर्थव्यवस्था में विकास की गति में तेजी का संकेत है। आउटस्टैंडिंग बिजनेस की मात्रा में तेजी से वृद्धि और 2025 में उत्पादन की उम्मीदों के बीच कुल रोजगार सृजन सर्वे के शिखर पर पहुंच गया।

# शेयर बाजार से जमकर पैसा जुटा रहीं कंपनियां, 2024 में बना रिकॉर्ड

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार के लिए वर्ष 2024 एक ऐतिहासिक साल रहा है। कंपनियों ने इस साल अब तक इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ), क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) और राइट्स इश्यू के जरिए 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड पूंजी जुटाई है। इससे पहले वर्ष 2021 में कंपनियों ने रिकॉर्ड 1.88 लाख करोड़ रुपये जुटाए थे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस साल अब तक 90 कंपनियों ने 1.62 लाख करोड़ रुपये की राशि जुटाई है या इसकी घोषणा की है, जो पिछले साल के 49,436 करोड़ रुपये से 2.2 गुणा अधिक है। वर्ष 2024 में नए इश्यू के जरिए जुटाई गई राशि करीब 70,000 करोड़ रुपये है, जबकि वर्ष 2021 में यह आंकड़ा 43,300 करोड़ रुपये था।

वर्ष 2024 में अब तक 88 कंपनियां क्यूआईपी के जरिए 1.3 लाख करोड़ रुपये जुटा चुकी हैं। इससे पहले क्यूआईपी के जरिए सबसे अधिक राशि 80,816 करोड़ रुपये 2020 में 25 कंपनियों द्वारा जुटाई गई थी। इस अब तक 20 कंपनियों ने राइट्स इश्यू के जरिए करीब 18,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। पिछले साल यह आंकड़ा 7,266 करोड़ रुपये और 2022 में यह 3,884 करोड़ रुपये था।


# नए साल पर सैलानियों को खूब लुभाता है चतरा का तमासिन जलप्रपात

**चतरा (हि.स.)।** जैसे ही नूतन वर्ष 2025 नजदीक आ रहा है वैसे ही चतरा जिले के पिकनिक स्पॉट गुलजार होने लगे हैं। यहां कई जलप्रपात हैं जहां हजारों की भीड़ उमड़ती है। झारखण्ड और बिहार के सीमांत क्षेत्र चतरा जिले के कान्हा चट्टी इलाके में भी एक प्रसिद्ध वाटर फॉल है। यह ऐसा पिकनिक स्पॉट है, जहां सैलानियों की भीड़ देखते ही बनती है।

यह जगह सैलानियों के लिए मानो स्वर्ग से कम नहीं। हरे-भरे जंगल व पहाड़ों के बीच प्रकृति का अद्भुत नजारा यहां पहुंचने वाले सैलानियों को अपने मनोहारी छटा से ओतप्रोत करता है। यहां कई ऐसी हसीन वादियां हैं जो आगंतुकों के लिए मनमोहक हैं। तमासीन जलप्रपात का अद्भुत नजारा यहां के लिए स्वर्ग से कम नहीं है। आच्छादित जंगलों के बीच छिपा तमासीन जलप्रपात प्रकृति का अद्भुत छटा है। तमासिन झारखंड ही नहीं आसपास के राज्यों में भी विख्यात है। इसकी ख्याति से लोग अपरिचित नहीं है।

जिला मुख्यालय से करीब 32 किलोमीटर दूर कांहाचट्टी प्रखंड के तुलबुल पंचायत में प्रकृति की गोद में बसा तमासीन जलप्रपात रमणीय स्थलों में से एक खास और अलग पहचान रखता है। इसकी प्राकृतिक छटा यहां सतरंगी फिजां बिखेर कर सभी का मन मोह लेती है। पथरीली चट्टानों के विहंगम दृश्यों के बीच और दो सुरम्य घाटियों व पहाड़ों के मध्य कल-कल, छल-छल बहता महाने नदी का यह जल-प्रपात प्राचीन काल से देश-विदेश के पर्यटकों को अपनी आकर्षित करती है। नए साल में यहां बड़ी संख्या में सैलानी पिकनिक मनाने पहुंचते हैं।





### विश्वप्रसिद्ध फल्गु की सहायक महाने नदी में बना है जलप्रपात

तमासीन जलप्रपात से बहती जल धारा का सौन्दर्य काफी मनमोहक है। यह प्रपात विश्वप्रसिद्ध फल्गु की सहायक महाने नदी में बना है। सैंकड़ों फीट की ऊंचाइयों से नदी की जलधारा गिरती है। यह दो पहाड़ियों के बीच काले पत्थरों का अनोखा रूप सफेद रौशनी बिखेरती हुई पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

# गारू प्रखंड में अवैध खनन और परिवहन पर कार्रवाई, 3 वाहन जब्त

नवीन मेल संवाददाता

**गारू (लातेहार)।** गारू प्रखंड में अवैध खनन और खनिज परिवहन को लेकर चलाए गए जांच अभियान में जिला खनन पदाधिकारी नदीम शफी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन वाहन जब्त किए। इन वाहनों में दो हाइवा और एक ट्रैक्टर शामिल हैं। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान दोनों हाइवा ओवरलोड पाए गए, जिनमें चालान में अंकित मात्रा से लगभग 200 सीएफटी चिप्स ज्यादा खनिज ले जाया जा रहा था। इसके अलावा, बिना नंबर प्लेट के बालू का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर भी पकड़ा गया। नदीम शफी ने स्पष्ट किया कि बिना नंबर प्लेट वाले वाहन से खनिज की ढुलाई करना पूरी तरह से गलत है और यह कानून का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी बताया कि इन तीनों वाहनों को जब्त कर गारू थाना परिसर में खड़ा कर दिया गया है और विभागीय कार्रवाई गारू थाना प्रभारी द्वारा की जा रही है। शफी ने कहा कि गारू प्रखंड में अवैध बालू ढुलाई और खनन के मामले लगातार सामने आ रहे थे, जिसके बाद यह छापेमारी अभियान चलाया गया। उन्होंने आगे कहा कि अवैध खनन और बालू ढुलाई के खिलाफ नियमित रूप से छापेमारी अभियान चलाए जाएंगे, ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

### पुलिस ने अवैध पशु लदे कंटेनर को किया जब्त, चालक गिरफ्तार

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लुकुइया मोड़ के समीप से जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह के द्वारा अवैध रूप से पशु (काड़ा) ले जा रहे एक कंटेनर को जब्त कर चंदवा थाना को सौंप दिया। कंटेनर में 30 पशु (काड़ा) लोड है। पुलिस ने कंटेनर चालक प्यारे खान उर्फ राजु शेरघाटी (बिहार) को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर रंधीर कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार रात जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह के द्वारा लुकुइया मोड़ के समीप वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान उन्होंने एक कंटेनर को पकड़ा है जिसमें 30 पशु लोड था। जब्त पशुओं को उड़ीसा से यूपी ले जाया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि जब्त पशुओं को लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## वित्त मंत्री ने पलामू के झरीनिमिया गांव में धुमकुड़िया भवन का किया शिलान्यास, कहा

# मुख्यमंत्री की सोच जनजाति समाज की संस्कृति को संरक्षित करना है : राधाकृष्ण

**पलामू (हि.स.)।** राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मंगलवार को प्रखंड अंतर्गत मेराल पंचायत के झरीनिमिया गांव में धुमकुड़िया भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच जनजाति समाज की संस्कृति को संरक्षित करना है। इस भवन में आदिवासियों की सभ्यता और संस्कृति को समेट कर रखा जायेगा।

किशोर ने कहा कि आदिवासी समुदाय के धुमकुड़िया में ही बैठकर सभी संस्कार तय किये जाते हैं। साथ ही उन पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किए जाते हैं। घुमकुड़िया की परंपरा और संस्कृति को अक्षुण्ण रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जिस रास्ते से हम यहां पहुंचे हैं, इस कच्चे रास्ते को पक्का सड़क में बहुत जल्द तब्दील कर दिया जायेगा।

इसके बाद वित्त मंत्री किशोर ने नौडीहा पंचायत सचिवालय पहुंचकर उप स्वास्थ्य केंद्र भवन के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र के अस्तित्व में आने से यहां के गांवों में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं को सुदृढ़ किया जायेगा। किशोर ने ब्लॉक कार्यालय में विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम ऊर्जा स्तंभ एवं ओपन जिम का उद्घाटन किया। साथ ही साईकल स्टैंड सह पार्किंग शेड, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी का शिलान्यास किया। इसी क्रम में उन्होंने लीनियर प्लांटेशन के तहत पौधरोपण भी किया।



कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना के तहत लाभुकों को स्वीकृति पत्र, कैश क्रेडिट लिंकेज के तहत 42 समूहों के बीच एक करोड़ 26 लाख रुपये का ऋण वितरण किया गया। इसके अलावा 20 से अधिक लाभुकों को सॉइल हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही बच्चियों के बीच साईकल का वितरण भी किया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने प्रखंड परिसर में किये गये कार्यों को अद्भुत, अविश्वसनीय और अकल्पनीय बताया। उन्होंने कहा कि पाटन अंचल में जमीन से जुड़ी समस्याओं को कार्ययोजना बनाकर निष्पादित किया जायेगा। सरकार की योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने में हमसभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। अबुआ आवास योजना में किसी प्रकार की कोई शिकायत न आये, यह संबंधित पदाधिकारी को सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने मनरेगा योजनाओं को ठीक से कार्यान्वित करने पर बल दिया।

बीडीओ ने मंत्री किशोर से ब्लॉक परिसर में ट्रांसफॉर्मर लगाने की आवश्यकता बतायी, ताकि सिलाई मशीन के जरिये स्थानीय महिलाओं को रोजगार की दिशा में कदम बढ़ाया जा सके। मंत्री ने कार्यक्रम से ही ऑनस्पॉट विभाग के जीएम को फोन कर 15 दिनों के भीतर 200 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगाने को लेकर निर्देशित किया।

मंत्री ने आमजनों के सुविधा के लिये दो शिकायत पेटी लगाने की बात कही। इस दौरान दो बक्शे लगाए भी गए। मंत्री ने कहा कि एक शिकायत पेटी ब्लॉक से जुड़ी शिकायतों के लिए है तो दूसरी अंचल से जुड़ी समस्याओं के लिये है। उन्होंने लोगों से इसका उपयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि समय-समय पर इन पेटियों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का समीक्षा की जाएगी।

इस मौके पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, पाटन बीडीओ-सीओ, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, मुखिया, पूर्व मुखिया, बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधियों समेत बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## नशे की खेती पर कार्रवाई तेज

# चार दिन में 15 एकड़ में लगी अफीम की फसल नष्ट

**पलामू (हि.स.)।** पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र में इस वर्ष भी बड़े पैमाने पर पोस्ता (अफीम) की खेती की जा रही है। इसके माध्यम से अफीम बनाने की तैयारी है, लेकिन पुलिस की कार्रवाई तेज है। इस वर्ष मात्र चार दिनों के भीतर इस क्षेत्र में 45 एकड़ जमीन में लगी पोस्ता की खेती नष्ट की गयी है। यह कार्रवाई जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी को रोकने के लिए की जा रही है। मंगलवार को मनातू थाना क्षेत्र के खरीकदाग स्थित इटवाही जंगल में लगभग 15 एकड़ में अवैध रूप से की जा रही पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर चलाकर विनष्ट किया गया। सोमवार को धनकाही गांव के जंगल में अवैध रूप से की जा रही पोस्ता की खेती को विनष्ट करने के लिए एक संयुक्त अभियान चलाया गया। इस अभियान में मनातू थाना पुलिस और वन विभाग, मनातू की टीम शामिल थी। अवैध पोस्ता की



खेती करीब 15 एकड़ भूमि पर की गई थी। इस खेती को ट्रैक्टर चलाकर पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। शनिवार को सिकड़ा और सिकनी के वन क्षेत्रों में कार्रवाई कर 15 एकड़ में लगी पोस्ता फसल नष्ट की गयी थी। जिले के एसपी रीष्मा रमेशन ने मंगलवार को बताया कि अवैध खेती और मादक पदार्थों के व्यापार में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पलामू पुलिस नियंत्रण कक्ष और निकटतम पुलिस थाना को तुरंत दी जाए। अबतक केवल मनातू थान क्षेत्र के 45 एकड़ में की गयी पोस्ता की खेती को नष्ट की गयी है।

# सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, युवती घायल

**महुआडांड़।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चेतमा पुल के पास भगत यात्री बस एवं बाइक की टक्कर में घटनास्थल पर ही एक युवक की मृत्यु हो गई। वहीं युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे एंबुलेंस से महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। युवती के माथे पर गंभीर चोटे आई हैं जिसे देखते हुए स्वास्थ्य प्रभारी डॉक्टर अमित के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। मृतक युवक की पहचान बारेसांढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामशैली निवासी अरुण मुंडा उम्र 19 वर्ष पिता मनुवर मुंडा है। मृतक के स्वजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। स्वजनों ने बताया कि युवक अरुण मुंडा ऑनलाइन सामान की डिलीवरी लेने अपनी भतीजी रिंकी कुमारी(18) को बाइक से बसकर्चा लेकर आ रहा था। घटना के बाद स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक का शव एवं दुर्घटना में शामिल वाहन को कब्जे में लेकर थाना ले आई है।

# चतरा रेल नेटवर्क बिहार, दिल्ली और मुंबई के लिए हो सकता है वैकल्पिक मार्ग : कालीचरण सिंह

**चतरा(हि.स.)।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने लोकसभा में चतरा लोकसभा क्षेत्र में रेल सेवाओं के विस्तार की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास की दिशा में रेल नेटवर्क एक महत्वपूर्ण कदम है। आजादी के इतने वर्षों बाद भी चतरा जैसे बड़े क्षेत्रफल वाले क्षेत्र का रेल नेटवर्क से वंचित रहना वास्तव में विचारणीय विषय है। सांसद ने रेल मंत्री को यह आग्रह किया कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न मार्गों पर रेल लाइन का विस्तार आवश्यक है। उन्होंने यह तर्क रखा कि चतरा संसदीय क्षेत्र के नागरिकों का व्यापार, यात्रा एवं अन्य कार्यों के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में आवागमन होता रहता है। ऐसे में रेल सेवाओं का विस्तार नागरिकों के लिए सहूलियत के साथ-साथ विकास का द्वार भी खोलेगा। सांसद ने यह भी बताया



कि चतरा को रेल नेटवर्क से जोड़े जाने पर बिहार, दिल्ली और मुंबई के लिए एक वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा। जो सैन्य दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण होगा। साथ ही आमजन को सुगम आवागमन के साथ व्यापारिक लाभ मिलेगा। इससे क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। सांसद की यह पहल क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने की दिशा में एक आशा की किरण है।

# जनता दरबार में डीसी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

## राशन कार्ड, भूमि विवाद और रोजगार समेत 13 मामलों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। राशन कार्ड में नाम जोड़ने, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, अतिक्रमण, रोजगार सृजन एवं पेंशन जैसी समस्याओं को लेकर 13 आवेदन दर्ज किए गए। उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार की शुरूआत मंझिआंव प्रखंड से आईं चंचल देवी और आरती देवी की शिकायत से हुई। उन्होंने अपने बच्चों के नाम राशन कार्ड में जोड़ने का अनुरोध किया। चंचल देवी ने बताया कि पिछले दो बार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



में आवेदन देने के बावजूद उनके बच्चों का नाम जोड़ा नहीं गया है। आरती देवी ने भी इसी समस्या को रखते हुए उपायुक्त से मदद की गुहार लगाई। उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग के पदाधिकारियों को जल्द समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**भूमि विवाद की समस्या :** डंडा प्रखंड के मोतीहारा निवासी उमेश राम ने अपनी जमीन की मालबंदी को लेकर शिकायत दर्ज कराई। उमेश राम ने बताया कि उन्हें बाल विकास बंधुआ मजदूर योजना के तहत मिली जमीन पर वे 25 वर्षों से खेती कर रहे हैं और घर बनाकर रह रहे हैं। बावजूद इसके, अंचल कार्यालय से जमीन की मालबंदी के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई। उपायुक्त ने अंचल अधिकारी डंडा को तत्काल जांच कर उचित कार्रवाई करने को कहा।

**आंगनबाड़ी सहायिका की बहाली :** गढ़वा की हसीना बीबी, जो पतसा-1 आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका पद पर कार्यरत थीं, ने अपने पद पर पुनः बहाली की मांग रखी।

**जनता दरबार में समाधान पर जोर :** जनता दरबार में कुल 13 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें राशन कार्ड में नाम जोड़ने, भूमि विवाद, पेंशन, रोजगार सृजन, और बकाया मजदूरी भुगतान जैसी समस्याएं शामिल थीं।

## हड़ताल को लेकर वित्त मंत्री की नगर आयुक्त व डीडीसी के साथ हुई बैठक

# पुराने तरीके से चलेंगे ऑटो : राधाकृष्ण

**पलामू (हि.स.)।** पलामू जिले में पिछले पांच दिनों से ऑटो चालक हड़ताल पर हैं। हड़ताल के कारण परिवहन व्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ा है। नौ सूत्री मांगों को लेकर ऑटो चालक समाहरणालय परिसर में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने मामले में पहल करते हुए सर्किट हाउस में मंगलवार को नगर आयुक्त मो. जावेद हुसैन के साथ बैठक की और हड़ताल के मद्देनजर कई मामलों में चर्चा की। अंतिम निर्णय लिया गया कि पूर्ववर्ती तरीके से फिलहाल ग्रामीण क्षेत्र के ऑटो मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र में प्रवेश करेंगे। जनवरी 2025 में पार्किंग एरिया में आधारभूत संरचना विकसित करने, बस एवं ऑटो स्टैंड को शहर से बाहर करने को लेकर वृहद स्तर पर बैठक होगी और उसमें अंतिम निर्णय लिया जाएगा। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बैठक में कहा कि ऑटो चालकों की हड़ताल के कारण परिवहन व्यवस्था पर



असर पड़ा है। ऑटो चालकों की मांगों को लेकर आवेदन मिलने एवं यात्रियों की परेशानी को देखते हुए उन्होंने पहले नगर विकास विभाग के सचिव सुनील कुमार से बात की। उन्हें बताया गया कि ऑटो चालकों की हड़ताल के कारण परिवहन व्यवस्था गड़बड़ा गयी है। बस, ट्रेनों से निकलने के बाद यात्री चार से पांच किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर रहे हैं। बाद में नगर आयुक्त एवं डीडीसी को सर्किट हाउस में बुलाकर उनके साथ बैठक की और कई मामलों पर चर्चा की गयी।

वित्त मंत्री ने कहा कि ऑटो चालकों के मामले में प्रशासनिक निर्णय बेहतर नहीं रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के ऑटो के लिए शहर से बाहर पार्किंग के निर्णय के लिए जनवरी 2025 में उच्चस्तरीय बैठक करने की सलाह दी गयी, जिसमें एमपी, एमएलए, बस एवं ऑटो एसोसिएशन, चेंबर, व्यवसायी के संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस बैठक में लिया गया निर्णय मान्य होगा। बैठक में शहर से बाहर ऑटो स्टैंड बनाने, आधारभूत संरचना का विकास करने आदि का भी निर्णय लिया जाएगा। इस कारण फिलहाल पुरानी व्यवस्था लागू रहेगी। ऑटो पुराने तरीके से चलेंगे, लेकिन जाम को देखते हुए ऑटो को पार्किंग एरिया में ही खड़ा करना होगा।

नगर आयुक्त ने कहा कि वित्त मंत्री के साथ बैठक के बाद हमने ट्रैफिक प्रभारी, नगर प्रबंधक और अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक की और जनवरी 2025 में जनप्रतिनिधियों, ऑटो संगठन के पदाधिकारी, ऑफिसर, ट्रैफिक प्रभारी के साथ बृहद स्तर पर बैठक कर यातायात व्यवस्था को लेकर बड़ा निर्णय लिया जाएगा। बैठक में बस, ऑटो, टेंपो स्टैंड में आधारभूत संरचना का विकास करने और वाहनों को उसी में लगाने को लेकर अंतिम निर्णय होगा।

नगर आयुक्त ने कहा कि शहर में होने वाले जाम को देखते हुए ऑटो चालक अनऑथराइज्ड पार्किंग में गाड़ी खड़ी नहीं करेंगे, शहर में नगर निगम द्वारा जो पार्किंग स्लॉट अलॉट किए गए हैं, वहीं पर ऑटो को खड़ा करना होगा। प्रायः देखा जाता है कि ऑटो चालक जहां-तहां वहां वाहन खड़ा कर यात्रियों को उठाने लगते हैं और छोड़ते हैं, जिससे जाम की स्थिति बनती है। शहर के विकास के लिए और सुंदर बनाने के लिए ऑटो चालकों का भी सहयोग जरूरी है।

# खरौंधी प्रखंड में हुई अर्द्धवार्षिक परीक्षा शांति व कदाचारमुक्त

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के सभी सरकारी स्कूलों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन पहली से लेकर सातवीं कक्षा तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई, जिसमें पहली पाली सुबह 9:30 से 11:30 और दूसरी पाली 12:30 से 2:30 बजे तक चली।कक्षा 1 और 2 के छात्रों की परीक्षा मौखिक रूप में आयोजित की गई, जबकि कक्षा 3 से 7 तक के छात्रों ने वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का उत्तर दिया। बीपीएम नवीन प्रकाश ने जानकारी दी कि सभी स्कूलों में शत-प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया।परीक्षा के दौरान शांतिपूर्ण माहौल रहा और इसे पूरी तरह कदाचारमुक्त तरीके से आयोजित किया गया। बच्चों में परीक्षा को लेकर उत्साह देखा गया और उन्होंने अपनी परीक्षाएं मन लगाकर दीं। प्रखंड प्रशासन ने समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की, जिससे परीक्षा प्रक्रिया सफलतापूर्वक हुई।

## पेज एक के शेष

### 'एक देश, एक चुनाव'...

सरकार अलग से प्रस्ताव लाकर इन्हें संयुक्त संसदीय समिति को भेजे जाने का प्रस्ताव कर सकती है। विधेयक पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने इस संविधान संशोधन विधेयक को सदन की विधायी क्षमता से बाहर बताया। उन्होंने कहा कि यह संघीय ढांचे और हमारे लोकतंत्र की व्यवस्था के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के कार्यकाल अलग होते हैं। इन्हें एक को दूसरे पर आधारित करना संविधान विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत राज्यों का संघ है, ना कि इससे उलट है और यह विधेयक केंद्रीकरण की ओर ले जाता है। कांग्रेस के ही नेता गौरव गोगोई ने विधेयक को लेकर कई सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि विधेयक में चुनाव आयोग को राष्ट्रपति को सुझाव देने की शक्तियां दी गई हैं, जबकि यह अब तक केवल राज्यपाल और मंत्री परिषद के अधिकार क्षेत्र में थी। विधेयक में राष्ट्रपति को भी विधानसभा भंग करने की शक्तियां दी गई हैं। उन्होंने कहा कि देश में चुनाव कराए जाने का खर्च 3700 करोड़ रुपये है और इसके लिए सरकार कानून ला रही है। उन्होंने भी विधेयक को जेपीसी को भेजे जाने का पक्ष रखा। विधेयक को पेश करने से पूर्व कानून मंत्री ने कहा कि विधेयक सदन की विधायी क्षमता के दायरे में है। विधेयक किसी भी तरह से विधान मंडलों के अधिकारों पर हस्तक्षेप नहीं करता। यह उनकी स्वायत्तता भी प्रभावित नहीं करता। उन्होंने कहा कि संविधान के तहत केंद्र सरकार को इस तरह का विधेयक लाने का पूर्ण अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से की गई संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर की व्याख्या के कुछ बिंदु हैं। उनपर किसी भी तरह से यह विधेयक आघात नहीं करता। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि संविधान निमार्ता बीआर अंबेडकर के बाद वह देश के दूसरे कानून मंत्री हैं, जो दलित समाज से आते हैं। उन्होंने ही कहा था कि राज्य किसी समझौते के तहत देश से नहीं जुड़े हैं कि वे अपनी इच्छा से अलग हो सकें। उन्होंने राष्ट्रपति कोविंद का भी धन्यवाद दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निर्णय लेने की क्षमता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विधेयक का विषय 41 साल से लंबित पड़ा था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2019 में सर्वदलीय बैठक में विधेयक का विषय रखा था, जिसमें 19 में से 16 पार्टियों ने इसका समर्थन किया था। केवड़िया में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में भी इस विषय को रखा गया था। तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी ने राज्य विधानसभाओं की स्वायत्तता का मुद्दा उठाया और कहा कि वे केंद्र के अधीन नहीं है। सरकार को चाहिए कि राज्यों को चुनाव फंड दिए जाने जैसा रिफॉर्म लाए। समाजवादी पार्टी सदस्य धर्मेंद्र यादव ने सवाल किया कि देश के एक राज्य में आठ चरणों में चुनाव होते हैं, ऐसे में एक साथ चुनाव कैसे कराया जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार तानाशाही के नित्य नए साधन लाती रहती है। इसके अलावा आईयूएमएल के मोहम्मद बशीर, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के अनिल देसाई, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, द्रमुक नेता टीआर बालू, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी, एनसीपी (एसपी) सुप्रिया सुले और माकपा अमरा राम ने विधेयक का विरोध किया।

**विधेयक से जुड़े प्रावधान...**

का निर्वाचन नहीं कराया जा सकता है, तो वह राष्ट्रपति को इसके लिए सिफारिश करेगा कि वह उसके लिए अलग से निर्वाचन कराने की अनुमति दे। विधानसभा की तारीख भी उसी दिन खत्म मानी जाएगी, जिस दिन लोकसभा की पूर्ण अवधि समाप्त होगी। विधेयक में प्रावधान है कि संविधान के अनुच्छेद 172 में कुछ खंड जोड़े जाएंगे। इसके तहत यह व्यवस्था होगी कि अगर बीच में विधानसभा भंग हुई तो बचे हुए समय के लिए ही राज्य में चुनाव कराकर सरकार का गठन हो। विधेयक में अनुच्छेद 327 में निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन शब्दों के पश्चात एक साथ निर्वाचन कराना शब्द अंतः स्थापित किए जाएंगे। इस तरह यह विधेयक 2034 से पहले नहीं लागू हो पाएगा।

### 70 सांसद कम हैं...

बल्कि 2014 से पहले ही से लालकृष्ण आडवाणी ने इसे उठाना शुरू कर दिया था। जब मोदी पीएम बने 'वन नेशन वन इलेक्शन' बिल पर उसी लाइन को आगे बढ़ाई । मोदी भी वही तर्क दे रहे हैं, जो लालकृष्ण आडवाणी देते रहे। यही कि बार-बार देश में इलेक्शन होने से देश केविकास पर गहरा असर पड़ता है। इसी लाइन को आगे बढ़ाते हुए मोदी सरकार के दौरान ही 2015 में लॉ कमीशन से भी ऐसा सुझाव की भूमिका बनाई गई, और उसमें जोड़ा गया कि ह्यवन नेशन वन इलेक्शनह्व से काफी पैसों की बचत हो सकती है।

### हाईकोर्ट ने रांची में...

सड़कों की जर्जर स्थिति को दिखाने वाली रंगीन तस्वीरें भी अदालत के समक्ष पेश की गईं। यह भी बताया गया कि रांची में कई सड़कों पर जलजमाव भी एक बड़ी समस्या है। कई बार पाइप बिछाने या किसी अन्य काम के लिए सड़कों की खुदाई कर दी जाती है और इसके बाद गड्ढों को कामचलाऊ ढंग से भर दिया जाता है। निर्माण और मरम्मत में घटिया सामग्री के इस्तेमाल के कारण सड़कें कुछ ही दिनों या महीनों में जर्जर हो जाती हैं। जनहित याचिका में अदालत से मांग की गई है कि सड़कों का निर्माण नई तकनीक और उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री के साथ कराई जानी चाहिए।

### झारखंड के पारंपरिक...

बताया गया कि इस केस को लेकर अब तक हुई सुनवाई में ज्यादातर मापदंडों पर झारखंड की दावेदारी खरी उतरी है। बात दें कि गुमला जिले का जरजट्टा गांव मांदर निर्माण के लिए प्रसिद्ध है। गांव के 22 परिवारों की चौथी पीढ़ी के सदस्य मांदर बनाने का काम करते हैं।

ताल यंत्र है मांदर : मांदर मूल रूप से ताल यंत्र है। इसका निर्माण लाल मिट्टी के बेलनाकार ढांचे पर किया जाता है, जिसके बीच में हल्का उभार होता है। यह ढांचा अंदर से खोखला होता है और इसके दोनों तरफ के खुले मुंह चमड़े से ढंके रहते हैं। इसका दायां मुंह छोटा और बायां मुंह चौड़ा होता है। मुंह पर चढ़ी खालों को कसने के लिए चमड़े की वेणी का इस्तेमाल किया जाता है। मांदर के छोटे मुंह वाली खाल पर खास तरह का लेप 'किरण' लगाया जाता है। इस लेप की वजह से मांदर की आवाज गूंजती है। नाच के वक्त उसे बजाने वाला भी घूमता-थिरकता है। इसके लिए वह रस्सी के सहारे मांदर को कंधे से लटका लेता है।

● धर्म के प्रश्न पर कहा, उपासना पद्धति अलग हो सकती है, पर हम सब भारतीय हैं

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक पॉडकास्ट में कहा

# मां से मिले संस्कारों की वजह से शराब का सेवन नहीं करता

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार में सभी दलों में प्रिय व सबके काम करने वाले के रूप में प्रसिद्ध केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी मांस-शराब का सेवन नहीं करते हैं। एक यू-ट्यूब चैनल के साथ बातचीत में नितिन गडकरी ने बताया कि उनके साथ बैठकर लोग शराब व नॉन-वेज का सेवन करें, तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं। नितिन गडकरी ने बताया कि बचपन में मां द्वारा दिए गए संस्कारों की वजह से उन्होंने कभी नॉन-वेज व शराब का सेवन नहीं किया है। पॉडकास्ट में महाराष्ट्र की राजनीति के दिग्गज नेता रहे बालासाहेब ठाकरे से जुड़ी एक घटना साझा करते हुए उन्होंने बताया कि वे एक बार रात में बालासाहब से मुलाकात के लिए गए थे, तब वहां नासिक के सोला वाइन वाले चौगुले बैठे हुए थे। नितिन गडकरी ने बताया, उन्होंने कहा तुम लो, तो मैंने कहा बालासाहब मैं नहीं पीता। तो बोले क्यों, तो मैंने कहा कभी पीया नहीं है, मैं नींबू शरबत पीऊंगा। वे चौगुले से बोले- चौगुले, ये चड्डी छाप है नितिन गडकरी। इसके लिए गोबर और गोमूत्र से वाइन बनाओ, तब ये पीएगा। मुस्लिम आबादी से जुड़े एक सवाल पर उन्होंने कहा कि भारतीयत्व ही हिंदुत्व है और हिंदुत्व ही राष्ट्रीयत्व है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी बताया है कि हिंदुत्व ही वे ऑफ लाइफ है। हमारे देश में जो मस्जिद में जाता है, बुद्ध विहार में जाता है, चर्च में जाता है, गुरुद्वारे में जाता है, मंदिर में जाता है, उनकी उपासना पद्धति अलग है, पर सब भारतीय हैं।

*सर्वोच्च न्यायालय ने भी बताया है कि हिंदुत्व ही वे ऑफ लाइफ है। हमारे देश में जो मस्जिद में जाता है, बुद्ध विहार में जाता है, चर्च में जाता है, गुरुद्वारे में जाता है, मंदिर में जाता है, उनकी उपासना पद्धति अलग है, पर सब भारतीय हैं*



## मुस्लिम आबादी से जुड़े सवाल पर कहा भारतीयत्व ही हिंदुत्व है और हिंदुत्व ही राष्ट्रीयत्व है

नितिन गडकरी ने कहा कि भारतीयत्व, राष्ट्रीयत्व का संबंध हिंदू संस्कृति, इतिहास और विरासत से है। हिंदू जातिवाचक और सांप्रदायिक शब्द नहीं है। हिंदुत्व जीवन पद्धति है और इसलिए हम ऐसे भारतीय समाज का निर्माण करना चाहते हैं, जो भारतीय संस्कृति में हिंदू संस्कृति के इतिहास, संस्कृति और विरासत के आधार पर खड़ा हो और हर व्यक्ति को उसमें धार्मिक अधिकार है। ये सही में संघ की बात है। गडकरी ने कहा, हम लोग बिना समझे, हिंदुत्व मतलब मुस्लिमों के खिलाफ, अल्पसंख्यकों के खिलाफ मानते हैं। हम न बहुसंख्यक मानते हैं, न अल्पसंख्यक मानते हैं। हम मानते हैं कि ये पूरा समाज अपना है और जात, पंथ, धर्म, भाषा से ऊपर उठकर हम किसी को डिस्क्रिमिनेट नहीं करेंगे, किसी को अपमानित नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले ग्यारह सालों में हम कई योजनाएं लाए, क्या हमने किसी भी योजना में लिखा क्या कि दलित और मुसलमान अप्लाई न करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा का प्रसार बढ़ना चाहिए। मुस्लिम समाज को कांग्रेस के राज में क्या मिला? जब शिक्षा का प्रसार होगा, तब व्यक्ति में परिवर्तन होता है।

## कनाडा में उठी पीएम जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे की मांग

**टोरंटो (आईएएनएस)।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे की मांग फिर से देश में उठने लगी है।



उप प्रधानमंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने सोमवार को अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ धमकियों पर ट्रूडो से अनबन के चलते इस्तीफा दे दिया। सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी के एक तिहाई सांसदों ने कनाडा में नेतृत्व परिवर्तन की मांग की है, जिससे देश में राजनीतिक संकट और गहरा गया है। सोमवार शाम को कनाडाई मीडिया ने बताया कि ट्रूडो ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह प्रधानमंत्री के पद पर बने रहेंगे या इस्तीफा देंगे। हाउस ऑफ कॉमंस में 153 सदस्यीय कॉकस में से उनके पद से हटने की मांग करने वाले विद्रोही सांसदों की संख्या बढ़कर लगभग 60 हो गई है। लिबरल पार्टी के नेता ट्रूडो अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पियरे पोलिएवर से सर्वे में 20 अंक पीछे हैं, जिन्होंने सितंबर से ट्रूडो सरकार को गिराने और शीघ्र चुनाव कराने के लिए तीन बार प्रयास किया है। फ्रीलैंड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने त्यागपत्र में कहा, हमारा देश आज गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। उन्होंने कनाडा से आयातित वस्तुओं पर ट्रंप की 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की योजना की ओर इशारा किया। फ्रीलैंड ने कनाडा के वित्त मंत्री के पद से भी इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफे से प्रधानमंत्री ट्रूडो के खिलाफ उनके मंत्रिमंडल में पहली बार खुली असहमति पैदा हुई, जिससे सत्ता पर उनकी पकड़ को खतरा पैदा हो गया।

## फ्रांसीसी द्वीप में चक्रवात से हुई तबाही पर मोदी ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंद महासागर में फ्रांसीसी क्षेत्र मायोट में चक्रवात चिडो से हुई तबाही पर दुख व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने मंगलवार को अपने एक्स हैंडल पर लिखा, मायोट में चक्रवात चिडो से हुई तबाही से बहुत दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। फ्रांस के पुनर्निर्माण प्रयासों में विश्वास व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे विश्वास है कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व में फ्रांस इस त्रासदी से मजबूती और दृढ़ संकल्प के साथ उबर जाएगा। भारत फ्रांस के साथ एकजुटता में खड़ा है और हर संभव मदद देने के लिए तैयार है।

## सीरिया में 8,80,000 से अधिक लोग हुए विस्थापित : संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र (आईएएनएस)।** सीरिया में हिंसक संघर्ष बढ़ने के बाद 8,80,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायताकर्ताओं ने यह बात कही। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के सहयोगियों ने अनुमान लगाया है कि लगभग 6 प्रतिशत विस्थापित कम से कम एक प्रकार की विकलांगता के साथ जी रहे हैं।मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा, वापसी की गतिविधियां तेज हुई हैं, सहयोगियों ने रविवार को 2,20,000 से अधिक लोगों के लौटने की सूचना दी है। वहीं, इसके अतिरिक्त, 40,000 से अधिक विस्थापित लोग पूर्वोत्तर सीरिया में लगभग 250 सामूहिक केंद्रों में रह रहे हैं। कार्यालय ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र और भागीदार भोजन, पानी, नकदी, टेंट और कंबल की सप्लाई कर रहे हैं। वहीं, वैश्विक टीम मेडिकल टीम और आपूर्ति भी तैनात कर रहा है।

मॉस्को के रियाजान्स्की एवेन्यू में हुआ जोरदार विस्फोट

# रूस के परमाणु सेना के प्रमुख इगोर किरिलोव की गई जान

● सहयोगी की भी हो गई मौत रूसी जांच समिति ने इसे हमला माना

● यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस ने इसे अंजाम देने का किया दावा

एजेंसी





**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में मंगलवार की सुबह शक्तिशाली विस्फोट में रूस के परमाणु सेना प्रमुख इगोर किरिलोव और उनके सहयोगी की मौत हो गई। यह विस्फोट राजधानी के दक्षिण पूर्वी हिस्से में रियाजान्स्की एवेन्यू में एक आवासीय भवन के प्रवेश द्वार पर हुआ। रूसी जांच समिति के मॉस्को विभाग ने इसे हमला मानते हुए आपराधिक जांच शुरू कर दी है। फिलहाल हमले के पीछे की परिस्थितियों की जांच की जा रही है। इधर, यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस ने इस विस्फोट को अंजाम देने का दावा किया है।

रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार रूसी जांच समिति की प्रवक्ता स्वेतलाना पेट्रेंको ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह शक्तिशाली विस्फोट मॉस्को में रियाजान्स्की एवेन्यू में एक आवासीय भवन के प्रवेश द्वार पर हुआ। प्रवेश द्वार के पास स्कूटर में रखे गए विस्फोटक उपकरण के फटने से रूस के विकिरण, रासायनिक और जैविक सुरक्षा सैनिकों के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल इगोर किरिलोव और उनके सहयोगी की मौके पर मौत हो गई। जांच समिति की प्रवक्ता पेट्रेंको ने कहा कि समिति के मॉस्को विभाग ने इसे हमला मानते हुए आपराधिक जांच शुरू कर दी है। फिलहाल हमले के पीछे की परिस्थितियों की जांच की जा रही है। एक अन्य रिपोर्ट में यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस ने दावा किया है कि उसने इस विस्फोट को अंजाम दिया। इस दावे पर प्रवक्ता पेट्रेंको ने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि जांच अधिकारी, फॉरेंसिक विशेषज्ञ और संचालन से जुड़ी सेवा घटनास्थल पर जांच कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी, 2022 में यूक्रेन में शुरू हुए रूस के सैन्य अभियान के दौरान प्रतिबंधित रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल के आरोप में यूक्रेन की एक अदालत ने किरिलोव की गैर मौजूदगी में उन्हें 16 दिसंबर को सजा सुनाई थी।

## नशे में डूबने का मतलब कूल होना नहीं है : सुप्रीम कोर्ट

ब्यूरो



● भारत के युवाओं में ड्रग्स के बढ़ते चलन पर शीर्ष अदालत ने जताई गहरी चिंता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना व जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि नशे में डूबने का मतलब कूल होना नहीं है, और इससे बचना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि यह बेहद ही दुखद है कि इन दिनों नशा करने या उसकी लत का शिकार होने को कूल होने से जोड़ दिया गया है। पीठ ने ये टिप्पणियां अंकुश विपिन कपूर के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी की जांच को बरकरार रखते हुए कीं। इस पर समुद्री रास्ते से पाकिस्तान से भारत में हेरोइन तस्करी का रैकेट चलाने का आरोप है।

जस्टिस बीवी नागरत्ना ने वॉर्निंग दी कि नशीली दवाओं का गलत इस्तेमाल देश के युवाओं को बर्बाद कर रहा है। इसके गंभीर सामाजिक और आर्थिक परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह देश के युवाओं की चमक को फीका करने वाली चीज है। पीठ ने कहा कि नशे की लत से युवाओं को बचाने के लिए माता-पिता, समाज और सरकारी एजेंसियों को भी कोशिश करनी होगी। हमें इसके लिए कुछ गाइडलाइंस भी तय की जानी चाहिए।

पीठ ने माता-पिता और समाज से कहा कि नशीले पदार्थ के गलत इस्तेमाल का मुकाबला करने के लिए प्यार बहुत ही जरूरी है। बेंच ने आगे कहा कि युवाओं को उन लोगों के साथ नहीं चलना चाहिए, जो नशीली दवाओं का गलत इस्तेमाल करते हैं। नशीली दवाओं के गलत इस्तेमाल के शिकार केवल दलित ही नहीं हैं, बल्कि और भी लोग हैं। हमें उन लोगों को खराब नहीं मानना चाहिए जिन्होंने इसका सहारा लिया है, बल्कि ऐसे लोगों में सुधार करना चाहिए और उन्हें रचनात्मक व्यक्ति बनाना चाहिए।

सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि यह चिंता की बात है कि पूरे देश में ड्रग्स का रैकेट चल रहा है। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि अगर बच्चे भावनात्मक तौर पर परिवार से जुड़े रहते हैं और उस परिवेश का असर उन पर रहे, तो उनके नशे की लत का शिकार होने की संभावना काफी कम होती है। कोर्ट ने ये टिप्पणियां अंकुश विपिन कपूर नाम के शख्स के खिलाफ एनआईए की जांच में दखल देने से इनकार करते हुए कीं। इतना ही नहीं, उसे जमानत देने से भी इनकार कर दिया।

## भारत-श्रीलंका का नौसैनिक अभ्यास 'स्लिनेक्स' शुरू

● दो चरणों में होने वाला यह अभ्यास 20 दिसंबर को समुद्री चरण के साथ खत्म होगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्वी नौसेना कमान के तत्वावधान में मंगलवार से श्रीलंका और भारत के बीच द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'स्लिनेक्स' शुरू हुआ। विशाखापट्टनम में 20 दिसंबर तक चलने वाला यह अभ्यास दो चरणों में होगा। इसमें 18 दिसंबर तक बंदरगाह चरण और 19 दिसंबर से समुद्री चरण होगा। यह द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यासों का महत्वपूर्ण संस्करण है, जिसने पिछले कुछ वर्षों में भारत और श्रीलंका के बीच समुद्री सहयोग को मजबूत किया है। अभ्यास में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े का जहाज आईएनएस सुमित्रा, एक अपतटीय गश्ती पोत विशेष बल के साथ शामिल हो रहा है। इसी तरह श्रीलंका से एसएलएनएस सयूरा, एक अपतटीय गश्ती पोत विशेष बल के साथ अभ्यास में शामिल होगा। सुकन्या श्रेणी का ओपीवी 'स्लिनेक्स' के 11वें संस्करण के लिए विशाखापट्टनम पहुंच गया है। अभ्यास के आज हुए उद्घाटन समारोह के साथ बंदरगाह चरण की शुरुआत हो गई है। इस समुद्री अभ्यास का मकसद सुरक्षित, संरक्षित और नियम-आधारित समुद्री वातावरण को बढ़ावा देना है। इस चरण के दौरान प्रतिभागी नौसेनाएं आपसी समझ को मजबूत करने के लिए पेशेवर और सामाजिक आदान-प्रदान में संलग्न होंगी। इसके बाद 19 दिसंबर को शुरू होने वाले समुद्री चरण में विशेष बलों के संचालन, बंदूक फायरिंग, संचार अभ्यास, नाविक अभ्यास, नेविगेशन विकास और हेलीकॉप्टर संचालन सहित संयुक्त अभ्यास शामिल होंगे।

## अमेरिका में स्कूली छात्रा ने शिक्षक समेत दो को मौत के घाट उतार की आत्महत्या

**वाशिंगटन (हि.स.)।** संयुक्त राज्य अमेरिका के विस्कांसिन प्रांत की राजधानी मैडिसन में सोमवार की सुबह एक 15 वर्षीया छात्रा ने पिस्तौल से गोली चलाकर एक शिक्षक और छात्र की हत्या कर दी। इसके बाद गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह खूनी खेल एबंडैंट लाइफ क्रिश्चियन स्कूल में खेला गया। इस गोलीबारी में छह अन्य घायल हो गए।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार मैडिसन के पुलिस प्रमुख शॉन बार्न्स ने कहा कि हमलावर छात्रा 15 वर्षीय नताली रूपनोव स्कूल के पास खून से लथपथ मिली, लेकिन अस्पताल पहुंचाने से पहले उसने दम तोड़ दिया। वह इसी स्कूल में पढ़ती थी। उसने यह खूनखराबा क्यों किया, यह अब तक साफ नहीं हो सका है। पुलिस प्रमुख के अनुसार पुलिस जांच अधिकारियों ने दोपहर को नताली के घर की तलाशी ली। उसका परिवार जांच में सहयोग कर रहा है। नताली ने इस हत्याकांड में 9 मिलीमीटर के पिस्तौल का इस्तेमाल किया। घटनास्थल पर एक हैंडगन बरामद किया गया।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति ने बिहार के महाबोधि मंदिर में की पूजा-अर्चना

एजेंसी



**पटना।** तीन दिवसीय दौरे पर भारत आए श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने मंगलवार को बिहार के बोधगया के महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस मौके पर बोधगया मंदिर सोसायटी के सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत के बाद राष्ट्रपति महाबोधि मंदिर पहुंचे और भगवान बुद्ध के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके के आगमन को लेकर एयरपोर्ट से लेकर महाबोधि मंदिर तक चप्पे-चप्पे पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

उनके आगमन से पहले ही एयरपोर्ट से लेकर बोधगया सड़क मार्ग को आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया था। इस संबंध में गया के जिलाधिकारी डॉ त्याग राजन एसएम ने बताया कि मंगलवार की सुबह श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके के आगमन को लेकर साढ़े दस बजे तक आम श्रद्धालुओं को महाबोधि मंदिर प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। श्रीलंका के राष्ट्रपति के जाने के बाद आम श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी गई। उल्लेखनीय है कि दिसंबर माह में विभिन्न देशों के बौद्ध श्रद्धालु बोधगया पहुंचते हैं और भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना करते हैं। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके भारत की तीन दिनों की अधिकारिक यात्रा पर हैं। सितंबर माह में पदभार संभालने के बाद उनकी यह पहली विदेश यात्रा है। बोधगया आने से पहले वे दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गज नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं।

ट्रैवल एजेंट के झांसे में आकर पाकिस्तान चली गई थीं

# बाइस सालों के बाद भारत लौटीं हमीदा बानो

● कहा, ट्रैवल एजेंट ने नौकरी के लिए दुबई ले जाने का किया था वादा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दो दशक पहले एक ट्रैवल एजेंट के झांसे में आकर पाकिस्तान पहुंचने वाली भारतीय महिला हामिदा बानो 22 साल बाद वापस अपने वतन लौटी हैं। भारत पहुंचने पर व्हीलचेयर पर बैठी हमीदा को विदेश मंत्रालय के अधिकारियों को सौंप दिया गया। जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद भारतीय आव्रजन एवं सीमा शुल्क विभाग ने उन्हें जिला प्रशासन के तहसीलदार अटारी के पास भेज दिया। इसके बाद हमीदा को इलाज के लिए अमृतसर के गुरु नानक देव अस्पताल ले जाया गया। हमीदा बानो ने अपनी दर्दनाक यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि मुझे एक ट्रैवल एजेंट ने धोखे से पाकिस्तान ले आया।

मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भारत वापस आ पाऊंगी। लेकिन, एक साल पहले ही भारतीय दूतावास ने मुझसे संपर्क किया और मुझे बताया कि मैं वापस आ सकती हूं। इस घटना से पहले मैं मुंबई में रहती थी। महिला ने बताया कि एक ट्रैवल एजेंट ने मुझे नौकरी के लिए दुबई ले जाने का वादा किया था, लेकिन वह मुझे पाकिस्तान के सिंध प्रांत के हैदराबाद ले आया। मैं डर गई थी। हमीदा ने पाकिस्तान में झेली गई कठिनाइयों का वर्णन करते हुए कहा कि वहां मेरा जीवन 'जिंदा लाश' जैसा था। हालांकि, पाकिस्तानी सरकार ने मुझे कभी नुकसान नहीं पहुंचाया। मैं एक सिंधी व्यक्ति के साथ रहती थी, जिसने मुझसे शादी की थी। लेकिन 12 साल बाद, उनका निधन हो गया। हमीदा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं भारत और पाकिस्तान दोनों सरकारों को वतन लौटने में उनकी सहायता के लिए धन्यवाद देना चाहती हूँ। बता दें कि वर्ष 2022 में एक स्थानीय यूट्यूबर वलीउल्लाह मारूफ की वजह से हमीदा की दुर्दशा की ओर सबका ध्यान गया। उन्होंने एक ब्लॉग में उनकी कहानी साझा की, जिससे उन्हें भारत में अपने परिवार से फिर से जुड़ने में मदद मिली। मारूफ की कोशिशों से हामीदा की बेटी यास्मीन उनसे फोन पर बात करने में सक्षम हुई।

2002 में भारत छोड़ने से पहले, हमीदा अपने पति की मृत्यु के बाद अपने चार बच्चों का आर्थिक रूप से भरण-पोषण कर रही थीं। धोखेबाज भर्ती एजेंट का शिकार होने से पहले उन्होंने बिना किसी परेशानी के दोहा, कतर, दुबई और सऊदी अरब में रसोइया के रूप में काम किया था।

## हज यात्रा के लिए 500 खुशनसीब महरम महिला यात्रियों का हुआ चयन

महरम श्रेणी में 739 आवेदन प्राप्त हुए थे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने महरम कोटे की 500 महिलाओं का लकी ड्रॉ करके चयन किया है। इसमें सबसे अधिक महाराष्ट्र की महिलाओं को हज पर जाने का मौका मिला है। देश भर से महरम श्रेणी में कुल 739 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसका मंगलवार को कंप्यूटराइज्ड तरीके से लकी ड्रॉ कर के चयन किया गया। इसमें महाराष्ट्र से 92, केरल से 63, कर्नाटक से 56, उत्तर प्रदेश से 46, गुजरात से 41, मध्य प्रदेश से 34, तेलंगाना से 31, जम्मू-कश्मीर से 26, राजस्थान से 22, तमिलनाडु से 18, दिल्ली से 16, पश्चिम बंगाल से 15, आंध्र प्रदेश से 10, बिहार से 9, छत्तीसगढ़ से 4, असम, हरियाणा और दादर-नगर हवेली से 3-3, लक्षद्वीप और उत्तराखंड से 2-2 तथा अंडमान-निकोबार और पुदुचेरी से 1-1 महिला यात्रियों का चयन हुआ है। चयनित यात्रियों की सूची हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर उपलब्ध है। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने महरम कोटे में चयनित महिला यात्रियों और वेटिंग लिस्ट में शामिल यात्रियों से अपील की है कि वे 30 दिसंबर 2024 तक हज खर्च की पहली और दूसरी किस्त की कुल राशि 2,72,300 रुपये जमा कराने की कोशिश करें। पूर्व में चयनित उन सभी यात्रियों को भी 30 दिसंबर तक राशि जमा करने की सुविधा दी गई है, जिन्होंने अभी तक दूसरी किस्त 1,42,000 रुपये जमा नहीं किया है। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने भुगतान के लिए ई-पेमेंट की सुविधा भी उपलब्ध कराई है। हज यात्री हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट या हज सुविधा ऐप पर क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और यूपीआई के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। हज कमेटी ने यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) या यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) की किसी भी शाखा में निर्धारित फॉर्म के माध्यम से भी हज खर्च की राशि जमा कराने की सुविधा उपलब्ध है।